सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.2 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,185 |
| निफ्टी | 24,079 |
| सोना | 1,42,000 |
| चांदी | 2,20,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 16 जुलाई 2026 | 1 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 198, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

### पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, गोला-बारूद बरामद



**एजेंसी, पुंछ।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर ने संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान पुंछ जिले की मंडी तहसील के सावजियन सेक्टर के गढ़ाह इलाके में आतंकियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने छुपाकर रखे गए पिका राइफल के 246 राउंड बरामद किए। इसके बाद ठिकाने को नष्ट करते हुए गोला-बारूद जब्त कर लिया गया। यह अभियान खास खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया। (अनंत ज्ञान)

### वांगचुक के अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल को बहुत जरूरी माना। केंद्र और दिल्ली सरकार से वीरवार सुबह तक जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह सुनवाई एक जनहित याचिका पर की। इसमें वांगचुक को तुरंत मेडिकल सुविधा और इलाज देने की मांग की गई है। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 18 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। उनकी हालत लगातार गिरती जा रही है। 8:50 किग्रा तक वजन गिर गया है। (अनंत ज्ञान)

### टीएमसी विधायक मित्रा ने छोड़ा ममता का साथ

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सीनियर लीडर मदन मित्रा ने बुधवार को ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया। वह ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है। इस पर ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। अगर मैंने 2006 में पार्टी को फिर से खड़ा किया था, तो मैं 2026 में भी ऐसा कर सकती हूं। मित्रा के तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट में शामिल होने का फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस रहा था। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू का ऐलान–दो साल से पहले नहीं होंगे नए नगर निकायों के चुनाव

## हमीरपुर शिफ्ट होगा एजुकेशन रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफिस, शिमला की तर्ज पर बनेगा नगर निगम कार्यालय

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल में नए गठित दो दर्जन स्थानीय निकायों–नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषदों के चुनाव अभी जल्दी होने की कोई संभावना नहीं है। इन निकायों में चुनाव गठन के दो साल बाद ही करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह ऐलान बुधवार को हमीरपुर दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में किया। उन्होंने इस दौरान हमीरपुर को दो नए विभागीय कार्यालयों की सौगात देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश एजुकेशन रेगुलेटरी अथॉरिटी का कार्यालय शिमला से जल्द हमीरपुर में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन को जगह तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, नगर निगम शिमला की तर्ज पर हमीरपुर नगर निगम कार्यालय बनाया जाएगा।



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में विकास को लेकर किए जा रहे दावों को जनता पहले भी देख चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में पावर प्रोजेक्टों को लेकर हिमाचल के हितों की अनदेखी हुई, जबकि वर्तमान सरकार ने परियोजनाओं से राज्य को आर्थिक लाभ पहुंचाने की दिशा में कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावर प्रोजेक्टों से हिमाचल को लाभ मिलना शुरू हो गया है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। बारिश से हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्नौर जिले में अधिक क्षति हुई है। संबंधित मंत्री को नुकसान का विस्तृत आकलन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार हरसंभव कदम उठाएगी।

### अवैध कब्जों की भूमि को 'लीज' पर देगी सरकार

**मुख्यमंत्री** ने कहा है कि सरकारी भूमि पर लंबे समय से चले आ रहे अवैध कब्जों का समाधान करने के लिए सरकार नीति बनाने पर विचार कर रही है। ऐसे कब्जों को संबंधित लोगों को लीज पर देने की योजना पर काम किया जा रहा है, ताकि पुराने मामलों का स्थायी निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि कई कब्जे परिवारों के पुराने समय से चले आ रहे हैं, जिनके कारण बार-बार विवाद पैदा होते हैं। सरकार इनका एकमुश्त समाधान चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर को लेकर श्रेय लेने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि 20 साल में उन्होंने क्या किया, यह जनता जानती है। उन्होंने कहा कि अगले डेढ़ माह में मेडिकल कॉलेज नए परिसर में पूरी तरह शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में रेडियोग्राफरों की कमी को 2028 तक दूर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छे डॉक्टरों की नियुक्ति सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है।

# सीबीएसई के डिजिटल मार्किंग सिस्टम से स्टूडेंट्स निराश : सुप्रीम कोर्ट

## बोर्ड से पूछा सुधार के लिए अब तक क्या कदम उठाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर छात्रों में बढ़ रही नाराजगी पर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि छोटे बच्चों में इस व्यवस्था को लेकर निराशा देखना चिंताजनक है। अदालत ने कहा कि उसका उद्देश्य सरकार या बोर्ड के साथ टकराव पैदा करना नहीं है, लेकिन व्यवस्था में मौजूद समस्याओं का समाधान जरूरी है।



सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई से पूछा कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने केंद्र सरकार से भी इस मामले में सहयोग करने को कहा है। सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी को कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचा जाता है। इसमें शिक्षक पारंपरिक तरीके से कागजी कॉपी देखने के बजाय डिजिटल माध्यम से मूल्यांकन करते हैं। इस प्रणाली को समय बचाने और मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया था, लेकिन कुछ छात्रों और अभिभावकों ने इसमें आई परेशानियों को लेकर सवाल उठाए हैं।

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि जिन छात्रों की मार्कशीट में गड़बड़ी सामने आई थी, उनमें से अधिकतर मामलों का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एस राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग गठित किया गया है। यह आयोग मूल्यांकन प्रणाली की समीक्षा करेगा और आवश्यक सुधारों को लेकर सुझाव देगा। सरकार ने कहा कि इस मामले को विरोध के रूप में नहीं देखा जा रहा है और समिति पहले से ही शिकायतों की जांच कर रही है।

यह जनहित याचिका राकेश बिंजोला ने अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मटादन शुक्ला के माध्यम से दायर की है। याचिका में केंद्र और सीबीएसई को ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली के लिए स्पष्ट नियम बनाने, निगरानी व्यवस्था मजबूत करने और सुधार लागू करने के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित करने की मांग की गई है।

याचिका में यह भी मांग की गई है कि जिन छात्रों को प्रोविजनल प्रवेश मिल चुका है या जिन्होंने प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं, उन्हें न्यूनतम अंकों की शर्तों में राहत दी जाए। इसके अलावा कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या अन्य न्यूनतम अंक की अनिवार्यता से भी छूट देने का अनुरोध किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला को मिली चार रणजी मैचों की मेजबानी

### 11 अक्तूबर से शुरू घरेलू क्रिकेट का रोमांच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 11 अक्तूबर से रणजी का रण शुरू होगा। रणजी ट्रॉफी एलीट 2026-27 के कार्यक्रम के अनुसार हिमाचल प्रदेश की टीम 11 अक्तूबर से हरियाणा के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, बीसीसीआई अभी पहले चरण के मुकाबले के आयोजन स्थल की आधिकारिक घोषणा करेगी। हिमाचल प्रदेश के हिस्से आए चार घरेलू मुकाबले धर्मशाला में खेले जाएंगे।



हिमाचल का पहला मुकाबला 18 से 21 अक्तूबर तक मौजूदा चैंपियन मुंबई के खिलाफ होगा। इसके बाद 2 से 5 नवंबर तक राजस्थान की टीम के साथ मैच खेला जाएगा। नए साल में 24 से 27 जनवरी 2027 तक उत्तराखंड और 1 से 4 फरवरी तक रेलवे की टीम धर्मशाला में हिमाचल से भिड़ेगी। प्रदेश की टीम को दो मुकाबले प्रतिद्वंद्वी टीमों के मैदान पर खेलने होंगे।

# हिमाचल में 7 आईएफएस समेत 11 वन अधिकारियों के तबादले

### सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों पर सरकार ने जारी किए आदेश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वन विभाग में सात आईएफएस और चार एचपीएफएस अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। वन विभाग की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार ये तबादले सिविल सर्विसेज बोर्ड की सिफारिश पर जनहित में तत्काल प्रभाव से किए गए हैं।



जारी आदेशों के अनुसार आईएफएस राजीव कुमार को डीसीएफ (टी) बिलासपुर से मंडी स्थित एचपीएसएफडीसी लिमिटेड में निदेशक (सेंट्रल) बनाया गया है। आईएफएस वासु डोएगर का तबादला डीसीएफ (टी) मंडी से डीसीएफ (टी) पालमपुर किया गया है। आईएफएस संजीव शर्मा को डीसीएफ (टी) पालमपुर से डीसीएफ (टी) मंडी भेजा गया है। आईएफएस सुशील कुमार, जो तैनाती की प्रतीक्षा में थे, उन्हें डीपीओ, आईडीपी ऊना नियुक्त किया गया है। आईएफएस चमन लाल का तबादला डीसीएफ (टी) आनी से डीसीएफ (टी) बिलासपुर किया गया है। आईएफएस माने नवनाथ शिवाजी को डीसीएफ (टी) भरमौर से डीसीएफ (वन्यजीव) चंबा भेजा गया है। आईएफएस अंशुल जैन का तबादला डीएम, एचएसडी बद्दी से डीसीएफ (टी) नालागढ़ किया गया है।

इसके अलावा एचपीएफएस कुलदीप सिंह जम्वाल को डीएफएल (वन्यजीव) चंबा से डीएफओ (टी) डलहौजी भेजा गया है। एचपीएफएस राजनेश महाजन का तबादला डीएफओ (टी) डलहौजी से डीएफओ (टी) भरमौर किया गया है। एचपीएफएस धर्म चंद को डीएम, एफडब्ल्यूडी सवाड़ा से डीएम, एचएसडी बद्दी नियुक्त किया गया है। एचपीएफएस प्रदीप कुमार का तबादला एसडीएम, एफडब्ल्यूडी सोलन से डीएफओ (टी) सोलन के पद पर किया गया है।

# भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका!

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है।




बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है।

पहले बिल के शुरुआती मसौदे में 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# नोएडा में 4 मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, 2 जिंदा जले

**एजेंसी, नोएडा**

नोएडा के सेक्टर-66 के ममूरा इलाके में बुधवार सुबह चार मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा और युवती गंभीर रूप से झुलस गए। दमकल कर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से करीब 50 परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला।



पुलिस के अनुसार, बेसमेंट में चार्ज हो रही इलेक्ट्रिक स्कूटी में धमाका होने के बाद आग फैली। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और करीब 30 से 40 बाइकें जलकर राख हो गईं। धुआं उठता देख आसपास के लोग बाहर आ गए। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को निकालने के लिए दमकल कर्मियों ने छत से सामने वाली बिल्डिंग तक सीढ़ियों का रास्ता बनाया। सात दमकल गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बिल्डिंग मालिक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे में मृत युवती की पहचान बिहार निवासी स्नेहा श्रीवास्तव (22) के रूप में हुई है, जबकि युवक की पहचान नहीं हो पाई है। (अनंत ज्ञान)

# चंबा में 42 .37 ग्राम चिट्टे के साथ युवक दबोचा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंबा पुलिस की एसआईयू सेल को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर बालू क्षेत्र में करीब पांच घंटे तक चली कार्रवाई में पुलिस ने एक कथित नशा तस्कर को 42.37 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज कुमार (40) पुत्र प्रेम कुमार, निवासी बालू, जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार एसआईयू टीम को क्षेत्र में चिट्टे की तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 42.37 ग्राम चिट्टा, 217 ग्राम सोना, 479 ग्राम चांदी, दो आईफोन और 64,640 रुपए नकद बरामद किए। पुलिस अब बरामद सामान और नकदी के स्रोत की जांच कर रही है तथा आरोपी के संभावित बड़े नशा नेटवर्क से जुड़े होने की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर चंबा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**पहल** जिला में खाद्य सुरक्षा विभाग चलाएगा विशेष जागरूकता अभियान

# कुल्लू जिले में लौटेगा पारंपरिक 'श्री अन्न'

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** आधुनिक जीवनशैली और बदलते खान-पान के कारण बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याओं के बीच जिला कुल्लू के लोगों को फिर से पारंपरिक आहार से जोड़ने की पहल शुरू की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने लोगों को स्वस्थ और पोषणयुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की है।

इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें लोगों को मोटे अनाज यानी मिलेट्स को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विभाग की ओर से रागी, बाजरा, ज्वार, कोदो, कंगनी और सांवा जैसे पारंपरिक अनाजों के



स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी जाएगी। विभाग का कहना है कि आधुनिक खान-पान में बदलाव के कारण ये पौष्टिक अनाज धीरे-धीरे लोगों की थाली से दूर हो गए हैं,

### गेहूं और चावल की तुलना में अधिक फाइबर और पोषक तत्वों से भरपूर हैं मोटे अनाज

जबकि इनमें शरीर के लिए जरूरी कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। भारतीय खाद्य संरचना तालिका और एफएसएसएआई के अनुसार, अधिकांश मोटे अनाजों में गेहूं और चावल की तुलना में अधिक फाइबर, खनिज और सूक्ष्म पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

मिलेट्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे शरीर में रक्त शर्करा का स्तर अचानक नहीं बढ़ता। इसलिए यह मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए भी लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा, ग्लूटेन-फ्री होने के कारण ये अनाज पाचन के लिए बेहतर विकल्प हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों की नियमित जांच भी कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मिलेट्स का उपयोग बढ़ने से कुपोषण, मोटापा और हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव में मदद मिलेगी।

अनंत ज्ञान स्पैशल

**सैंपलिंग और जांच भी जारी**

**खाद्य** सुरक्षा और लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए विभाग खाद्य पदार्थों की नियमित जांच भी कर रहा है। बाजारों में मिलावट रोकने के लिए संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे जा रहे हैं, जिन्हें जांच के लिए कंडाघाट प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

> **हमारा** उद्देश्य जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है कि रागी, बाजरा, ज्वार, कोदो, कंगनी और सांवा जैसे अनाज हमारी थाली से गायब हो चुके हैं, उन्हें वापस लाया जाए। ये अनाज न केवल कुपोषण को दूर करते हैं बल्कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों (हृदय रोग, मोटापा, शुगर) को भी नियंत्रित रखते हैं। लोगों को मोटे अनाज के फायदे बताए जाएंगे। इन अनाजों को दैनिक भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाएगी, ताकि भावी पीढ़ी कुपोषण और मोटापे जैसी समस्याओं से मुक्त रह सके।
>
> **-अनिल शर्मा, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग जिला कुल्लू**



# हिमाचल में फिर सक्रिय होगा मानसून

## 18 से 21 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना, कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून एक बार फिर पूरी ताकत के साथ लौटने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 18 से 21 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में व्यापक वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है। 20 और 21 जुलाई के लिए कई क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, नदी-नालों से दूरी बनाए रखने और पहाड़ी क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार 16 जुलाई को प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होगी, जबकि 17 जुलाई से बारिश की गतिविधियां तेज होने लगेंगी। 18 से 21 जुलाई तक अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कई स्थानों पर भारी और बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। 18 और 19 जुलाई को भारी वर्षा, जबकि 20 और 21 जुलाई को बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पिछले कुछ दिनों से कमजोर पड़े मानसून के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में उमस और गर्मी बढ़ गई थी। राजधानी शिमला सहित कई क्षेत्रों में लोग उमस से परेशान रहे। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी चार से पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हो सकती है, जबकि न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

किन्नौर जिले की चगांव पंचायत के याशंग गांव में बुधवार सुबह लौदांग पहाड़ का बड़ा हिस्सा दरकने से भूस्खलन हुआ। इससे खेतों, सेब के बगीचों और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। गांव की संपर्क सड़क मलबे से बंद हो गई है और पेयजल पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। ग्रामीणों ने जलविद्युत परियोजनाओं के कारण पहाड़ कमजोर होने का आरोप लगाते हुए वैज्ञानिक जांच और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की है।



धुंध की चादर में लिपटा शिमला रिज मैदान, पर्यटकों से गुलजार हुआ।

### प्रशासन और लोगों के लिए सतर्कता का समय

लगातार चार दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, नदी-नालों और पहाड़ी मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस अवधि में लोगों को मौसम संबंधी ताजा अपडेट पर नजर रखनी चाहिए और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करना चाहिए। प्रदेश में मानसून के इस नए दौर से जहां जल स्रोतों और खेती-बागवानी को लाभ मिलने की उम्मीद है, वहीं भारी बारिश संवेदनशील क्षेत्रों में मुश्किलें भी बढ़ा सकती है।

# सीसीटीवी की निगरानी में होती है मां चिंतपूर्णी मंदिर के चढ़ावे की गिनती, हर कदम पर पारदर्शिता

अनंत ज्ञान

**ऊना।** अयोध्या के श्री राम मंदिर में दान की कथित चोरी का मामला देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में हिमाचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर में भी श्रद्धालुओं के मन में यह सवाल उठ रहा है कि उनके द्वारा चढ़ाया गया दान किस तरह सुरक्षित रखा जाता है, उसकी गणना कैसे होती है और पूरी प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है। इसे लेकर जब पड़ताल की तो पाया कि चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट में चढ़ावे की गिनती की प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रूप में संचालित की जाती है। मंदिर प्रशासन ने ऐसी व्यवस्था बनाई है, जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे और चढ़ावे की प्रत्येक राशि का सही लेखा-जोखा सुनिश्चित हो।

मंदिर में आने वाले चढ़ावे की रोजाना गिनती की जाती है। दान पात्र (गल्ला) को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में खोला जाता है। प्रत्येक दिन प्राप्त चढ़ावे को सुरक्षित तरीके से सीलबंद किया जाता है और अगले दिन मंदिर ट्रस्ट के 8 से 10 अधिकृत सदस्यों की उपस्थिति में सीसीटीवी कैमरों के सामने गल्ला खोला जाता है। रोजाना पुजारियों में से जिसकी बारी होती है केवल वही बारीदार अंदर जा सकता है उसके बिना कोई नही। गिनती स्थल को पूरी तरह शीशे से पारदर्शी बनाया गया है, जिससे श्रद्धालु भी बाहर से पूरी प्रक्रिया को देख सकते हैं। इतना ही नहीं, चढ़ावे की गिनती की लाइव फुटेज मंदिर परिसर में लगी डिस्प्ले स्क्रीन पर भी प्रसारित की जाती है, ताकि हर श्रद्धालु इस प्रक्रिया को स्वयं देख सके।

चढ़ावे की गिनती पूरी होने के बाद बैंक के कर्मचारी प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर राशि प्राप्त करते हैं और उसी दिन उसे बैंक में जमा कर दिया जाता है। इससे नकदी के सुरक्षित प्रबंधन के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है। बैंक में जमा समस्त राशि का ब्यौरा मंदिर न्यास के पास मौजूद रहता है।

मंदिर न्यास के आयुक्त जतिन लाल का कहना है कि श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास सर्वोपरि है। इसी उद्देश्य से चढ़ावे के संग्रह, गिनती और बैंक में जमा करने तक की प्रत्येक प्रक्रिया को स्पष्ट, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है। यही कारण है कि मां चिंतपूर्णी मंदिर की दान व्यवस्था श्रद्धालुओं के बीच भरोसे का प्रतीक मानी जाती है।



### छह माह में 18.29 करोड़ का चढ़ावा

**माता** को अर्पित किए जाने वाले सोने-चांदी और अन्य बहुमूल्य आभूषणों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए मंदिर प्रशासन ने सील्ड स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की है। इन बहुमूल्य चढ़ावों को सुरक्षा मानकों के तहत स्ट्रांग रूम में रखा जाता है और निर्धारित अंतराल के बाद सरकारी प्रक्रिया के अनुसार उन्हें ट्रेजरी अम्ब में जमा करा दिया जाता है। मंदिर न्यास द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 के पहले 6 महीनों (जनवरी से जून) में दानपात्र से 18.29 करोड़ रुपए नकद प्राप्त हुए हैं।

# अयोध्या चढ़ावा चोरी के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई: रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामले को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने केंद्र सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस घटना से देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है और लोगों का विश्वास बहाल करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह केवल किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सामने आया घटनाक्रम बेहद दुखद है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता को जागरूक करना और केंद्र सरकार का ध्यान इस गंभीर मामले की ओर आकर्षित करना है। उनका कहना था कि श्रद्धालुओं का टूटा विश्वास दोबारा कायम करने के लिए पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

प्रदेश के मंदिरों में व्यवस्था और पारदर्शिता के सवाल पर रोहित ठाकुर ने कहा कि अयोध्या का मामला सभी राज्यों और मंदिर प्रबंधन के लिए एक सीख है। उन्होंने कहा कि जहां भी श्रद्धालुओं से जुड़े धार्मिक स्थलों पर धन का प्रबंधन होता है, वहां पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अयोध्या मामले में दोषियों पर होने वाली सख्त कार्रवाई अन्य धार्मिक संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण बनेगी।

# शिक्षा का लक्ष्य केवल अंक नहीं, नवाचार-राष्ट्र निर्माण भी: राज्यपाल

## कहा-औषधीय पौधों के वैज्ञानिक उपयोग से हिमाचल बन सकता है ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप की राजधानी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं का आह्वान किया कि वे केवल सरकारी नौकरियों तक अपने सपनों को सीमित न रखें, बल्कि नवाचार, उद्यमिता और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश औषधीय एवं सुगंधित पौधों सहित प्राकृतिक संसाधनों का समृद्ध भंडार है, जिनका वैज्ञानिक उपयोग कर राज्य को देश की 'ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप कैपिटल' बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा नवाचार को प्राकृतिक संसाधनों से जोड़ दें तो हिमाचल बागवानी के साथ-साथ हरित उद्यमिता का भी राष्ट्रीय केंद्र बन सकता है।

राज्यपाल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में आयोजित 'शिमला के मेधावी' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शिमला जिले के 35 से अधिक विद्यालयों के 600 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने न्यूज़ीलैंड के मनुका, दक्षिण कोरिया के जिनसेंग और जम्मू-कश्मीर में लैवेंडर की सफल खेती का उदाहरण देते हुए कहा कि वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धन और नवाचार के माध्यम से हिमाचल के हजारों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नवाचार की भावना विकसित करना और समाज व राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक तैयार करना है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों की सफलता को उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और ज्ञान की निरंतर प्यास का परिणाम बताते हुए कहा कि सच्ची शिक्षा पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि सह-पाठ्यक्रम और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन उतना ही महत्वपूर्ण है।



### 'कलम ऑफ हिमाचल' पहल का किया शुभारंभ

**राज्यपाल** ने युवाओं से नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश देने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और युवा स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों और सहपाठियों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 'नशा मुक्त हिमाचल' ही समृद्ध और सशक्त हिमाचल की मजबूत नींव है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यापीठ संस्थान की ओर से शुरू की गई 'कलम ऑफ हिमाचल' पहल का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह सहित कई उपस्थित रहे।

# बेसहारा पशु से टकराई बाइक पीजीआई में दो युवकों की मौत

अनंत ज्ञान

- इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़
- हादसे के बाद प्रशासन के खिलाफ रोष

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा नारू क्लीनिक के समीप सड़क पर अचानक आए बेसहारा पशु से बाइक टकराने के कारण हुआ। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों ने पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब दो बजे एचपी-34डी-5181 नंबर की बाइक पर सवार ईशान शर्मा (पुत्र जय किशन शर्मा), निवासी जलुग्रां और मन्नत सूद निवासी जरी ढालपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर आए बेसहारा पशु से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकान के आंगन में जा गिरी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचित किया। दोनों घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। उपचार के दौरान पहले ईशान शर्मा और बाद में मन्नत सूद ने दम तोड़ दिया।

ईशान शर्मा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं की समस्या को लेकर प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एमआईएस बनेगी बागवानों की मुसीबत सरकार की नई व्यवस्था से बढ़ेंगी मुश्किलें

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे बागवान विरोधी फैसला बताते हुए कहा कि इससे हजारों सेब उत्पादकों के सामने अपनी उपज बेचने का संकट खड़ा हो जाएगा।

प्रदेश में सेब सीजन शुरू होने से पहले एमआईएस खरीद व्यवस्था में किए गए बदलाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार पारदर्शिता के दावे तो कर रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि नई व्यवस्था से बागवानों की परेशानियां कम होने के बजाय और बढ़ेंगी। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन बागवानों के पास 30 बोरी से अधिक सी-ग्रेड सेब होगा, उनकी शेष उपज आखिर कहां जाएगी और उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में आरोप लगाया कि सरकार प्रचार और दावों में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर बागवानों को लगातार नई शर्तों और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले दूध खरीद पर सीमा लगाई गई और अब बागवानी उत्पादों की सरकारी खरीद में भी इसी तरह की पाबंदियां लगाई जा रही हैं। यह फैसला मेहनतकश बागवानों के हितों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बागवान पहले ही समय पर स्प्रे ऑयल, गुणवत्तापूर्ण खाद और दवाइयों की कमी से जूझ रहा है। इसके अलावा एमआईएस के तहत पहले बेचे गए सेब का भुगतान भी कई बागवानों को अब तक नहीं मिला है। ऐसे समय में खरीद सीमा तय करना उनकी आर्थिक परेशानियों को और बढ़ाने वाला कदम है।

### बागवानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध भाजपा: जयराम

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस फैसले का हर स्तर पर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा बागवानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार कर खरीद सीमा समाप्त करने की मांग भी की। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने मंडी के देऊरी स्कूल भवन और मंडी नगर निगम के मेयर शपथ विवाद में हिमाचल हाईकोर्ट के रुख का स्वागत करते हुए कहा कि इन मामलों ने सरकार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ और श्रेय लेने की राजनीति के कारण बच्चों को तैयार स्कूल भवन से वंचित रखा गया, जबकि मंडी नगर निगम में स्पष्ट जनादेश मिलने के बावजूद नवनिर्वाचित मेयर और डिप्टी मेयर को समय पर शपथ नहीं दिलाई गई।

# नारकंडा में युवती पर जानलेवा हमला, दुष्कर्म का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला जिले के नारकंडा क्षेत्र में एक युवती पर जानलेवा हमला किए जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल युवती को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवती जंगल की ओर गई थी, जहां अज्ञात आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि हमले के बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के साथ जांच शुरू कर दी।



### विशेष टीमों की दबिश व गिरफ्तारी का दावा

**पुलिस** ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विशेष टीमें गठित कर दी हैं। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए व्यापक स्तर पर तलाश अभियान जारी है।

# ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग शिक्षिका ने लगाया फंदा पति समेत चार किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के तहत जयदेवी में एक निजी क्वार्टर में महिला ने रहस्यमयी परिस्थितियों में फंदा लगाकर जीवन समाप्त करने की घटना सामने आई है। मृतका की पहचान आशिम निवासी गांव बारू, डाकघर सदोट, तहसील सरकाघाट के रूप में हुई है। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी में व्यावसायिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका वर्तमान में अपने पति के साथ जयदेवी स्थित निजी क्वार्टर में रह रही थी। आरोप है कि पति, सास, ससुर और ननद की ओर से उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। मृतका के मायके पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में एफआईआर दर्ज किया है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में मृतका के पति, सास, ससुर और ननद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- जयदेवी में निजी क्वार्टर में मिला शव
- पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

# भाजपा ने तेज की सरकार विरोधी मुहिम बिंदल व जयराम ठाकुर संभालेंगे कमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा ने अपने राजनीतिक अभियान को तेज करने का फैसला किया है। पार्टी ने सरकार की कथित वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, जनविरोधी नीतियों व प्रशासनिक विफलताओं को मुद्दा बनाते हुए दो प्रदेश स्तरीय समितियों का गठन किया है। इनमें एक समिति सरकार के खिलाफ विस्तृत चार्जशीट तैयार करेगी, जबकि दूसरी समिति प्रदेशभर में जन आंदोलन का नेतृत्व करेगी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार चार्जशीट समिति और जन आंदोलन समिति में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों तथा पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। दोनों समितियों का नेतृत्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल करेंगे। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी दोनों समितियों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

चार्जशीट समिति में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, विधायक सतपाल सिंह सत्ती, रणधीर शर्मा, विक्रम ठाकुर, सुखराम चौधरी, बलवीर वर्मा, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल तथा राजेंद्र राणा सहित कुल 13 वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। यह समिति कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की समीक्षा कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चार्जशीट तैयार करेगी।




वहीं जन आंदोलन समिति में डॉ. राजीव बिंदल, जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, सांसद कंगना रनौत, विधायक विपिन सिंह परमार, पवन काजल, विनोद कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, विधायक एवं मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, डॉ. राजीव सैजल, प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद तथा विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डी.एस. ठाकुर को शामिल किया गया है।

# जनगणना के प्रथम चरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 19 चार्ज अधिकारी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला ऊना में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त जतिन लाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनगणना से जुड़े 19 चार्ज अधिकारियों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहले तीन चार्ज अधिकारियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि अन्य अधिकारियों को प्रशस्ति दिए गए।

इनमें शहरी क्षेत्र की श्रेणी में नगर पंचायत बंगाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगर परिषद मेहतपुर बसदेहड़ा दूसरे स्थान पर रही, जबकि नगर पंचायत दौलतपुर चौक, अम्ब तथा टाहलीवाल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रामीण क्षेत्र में तहसील हरोली प्रथम, उप तहसील जोल द्वितीय तथा उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा एवं तहसील ऊना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जनगणना जैसा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व निर्धारित समय में सफलतापूर्वक पूर्ण होना जिला प्रशासन, चार्ज अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और प्रगणकों की उत्कृष्ट कार्यशैली, समर्पण तथा टीम भावना का परिणाम है।

उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से विकास योजनाओं के निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध होते हैं। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में जिला ऊना ने पूरे हिमाचल प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस क्रम में लाहौल-स्पीति प्रथम तथा किन्नौर द्वितीय स्थान पर रहे। उन्होंने इसे जिला प्रशासन एवं जनगणना से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

इस प्रक्रिया के तहत प्रगणकों ने मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से 33 निर्धारित प्रश्नों के आधार पर मकानों एवं परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्रित की। प्रदेश में प्रथम चरण का यह अभियान 16 जून से प्रारंभ हुआ था, जिसे जिला ऊना में निर्धारित समय के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अधिकारी सम्मानित किए गए। अनंत ज्ञान

अनदेखी — 53 साल बाद भी अधूरा इंतजार, पौंग बांध विस्थापितों के 5,418 मुरब्बों का आवंटन बाकी

# तीन पीढ़ियां गुजर गईं, फिर भी नहीं मिला हक

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** वर्ष 1973 में बने पौंग बांध (महाराणा प्रताप सागर) ने केवल हजारों घर, खेत और गांव ही नहीं डुबोए, बल्कि लाखों लोगों के सपनों और भविष्य को भी अपने साथ बहा दिया। उस समय विस्थापितों से वादा किया गया था कि बदले में उन्हें जमीन, नया आशियाना और सुरक्षित भविष्य मिलेगा। लेकिन 53 वर्ष बीत जाने के बाद भी हजारों परिवार अपने पुश्तैनी अधिकार के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। कई लोग न्याय की उम्मीद लिए इस दुनिया से चले गए, जबकि अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी उसी इंतजार में जीवन गुजार रही है।

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार पौंग बांध परियोजना से 20,722 परिवार विस्थापित हुए थे। इनमें से 16,352 परिवारों को पात्र घोषित किया गया। वर्ष 1980 तक 9,196 परिवारों को भूमि आवंटित की गई। इसके बाद वर्ष 2000-01 में 1,388, वर्ष 2014 से 2017 के बीच 350 तथा वर्ष 2026 में अब तक करीब 400 परिवारों को मुरब्बों का आवंटन किया गया है। इसके बावजूद आज भी 5,418 मुरब्बों का आवंटन लंबित है। सरकारी फाइलों में दर्ज यह आंकड़े केवल संख्याएं नहीं, बल्कि हजारों अधूरे जीवन, टूटे हुए वादों और वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों की पीड़ा बयां करते हैं।

सबसे मार्मिक पहलू यह है कि जिन लोगों ने अपनी आंखों के सामने अपने घर, खेत, मंदिर और पूरे गांवों को डूबते देखा था, उनमें से अधिकांश अब इस दुनिया में नहीं रहे। वे अपने बच्चों से यह कहकर विदा हुए कि एक दिन हमारी जमीन जरूर मिलेगी। लेकिन वह दिन उनके जीवनकाल में कभी नहीं आया। अब उनके बच्चे भी बुजुर्ग हो चुके हैं और कई परिवारों की तीसरी पीढ़ी को यह भी नहीं पता कि उनके पूर्वजों के नाम पर आज भी भूमि आवंटन का अधिकार सरकारी अभिलेखों में लंबित है।

### 830 मामले अब भी लंबित



**आरएंडआर** कार्यालय के अनुसार वर्तमान में 830 लंबित मामलों में अंतिम बार आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा करीब 2,000 फाइलें आरएंडआर कार्यालय, राजा का तालाब तथा लगभग 1,500 फाइलें राजस्थान सरकार के विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। इन मामलों के निस्तारण के बाद ही हजारों परिवारों को उनका अधिकार मिल सकेगा।

### क्या बोले आरएंडआर के डिप्टी कमिश्नर

**आरएंडआर** (राजा का तालाब) के डिप्टी कमिश्नर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि पौंग बांध से प्रभावित 20,722 परिवारों में से 16,352 परिवार पात्र घोषित किए गए थे। विभिन्न चरणों में हजारों परिवारों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। वर्ष 2026 में अब तक करीब 400 परिवारों को मुरब्बे आवंटित किए गए हैं तथा शेष मामलों के समाधान की प्रक्रिया जारी है।

### पौंग बांध विस्थापितों को अंतिम अवसर, दावा नहीं किया तो समाप्त हो सकता है अधिकार

**पौंग** बांध विस्थापित परिवारों के लंबित मुरब्बा आवंटन मामलों को लेकर डीसी आरएंडआर कार्यालय, राजा का तालाब ने 830 मामलों की अंतिम सूची जारी कर दी है। विभाग ने पात्र विस्थापितों और उनके वैध वारिसों से निर्धारित समय सीमा के भीतर जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि समय पर आवेदन नहीं करने वाले परिवारों के मामलों में नियमानुसार प्रक्रिया बंद की जा सकती है, जिससे वे अपने अधिकार से वंचित हो सकते हैं। डीसी आरएंडआर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि कई मूल दावेदारों के पते उपलब्ध नहीं हैं और अनेक परिवार दूसरे राज्यों में बस चुके हैं। वर्ष 1973 में बांध निर्माण से 20,722 परिवार प्रभावित हुए थे। अब तक करीब 10 हजार परिवारों को राजस्थान में भूमि आवंटित की जा चुकी है, जबकि हजारों मामले अभी लंबित हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर महाविद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सरस्वती वंदना और हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्कार, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़ी है। विद्यार्थियों से अनुशासन और परिश्रम अपनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने बीवॉक कक्षाओं की शुरुआत तथा भविष्य में बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना की जानकारी दी।

### ब्रिक्स सम्मेलन में श्रमिक मुद्दों पर मंथन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** टीयूसीसी के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह रवि ने बताया कि 14 से 16 जुलाई 2026 तक हैदराबाद में ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने किया। रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, यूएई, ईरान, मिस्र, इंडोनेशिया और मलेशिया सहित कई देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में सामाजिक सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का रोजगार पर प्रभाव, महिला श्रमिकों की भागीदारी और कौशल विकास जैसे विषयों पर चर्चा के बाद साझा प्रस्ताव सदस्य देशों की सरकारों को भेजे जाएंगे।

### लोगों को जनधन खाता योजना की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मसरेड़ ने नाबार्ड के सहयोग से ढगवार पंचायत में एक दिवसीय डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने स्थानीय ग्रामीणों को सरकार व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके अलावा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और जनधन खाता योजना के बारे में अवगत कराया। शिविर के दौरान एटीएम पिन, ओटीपी और बैंकिंग जानकारी को किसी से भी साझा न करने की सलाह दी गई कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों को बैंक से जुड़ने और योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती साक्षात्कार की तिथि बदली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** बाल विकास परियोजना अधिकारी संदीप बग्गा ने बताया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय कांगड़ा द्वारा उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों (अपर रजियाणा-3 और सनली) के लिए 17 जुलाई को साक्षात्कार लेना प्रस्तावित थे जिन्हें प्रशासनिक कारणों के चलते अब 20 जुलाई को लिया जाएगा। साक्षात्कार अब 20 जुलाई समय सुबह 10 बजे से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय कांगड़ा में होंगे।

### भेड़ू महादेव में 16वें वित्तायोग की कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह के भेड़ू महादेव में 16वें वित आयोग की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खंड सुलह के समस्त पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में बताया गया की 16 वें वित आयोग के अन्तर्गत कैसे योजना बनाई जानी है यह बताया गया। कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार पंचायत निरीक्षक संजीव सूद व मुख्य वक्ता सुरिंदर उपस्थित रहे। कार्यशाला में समस्त पंचायत सचिवों ने भी भाग लिया।

### दाड़ी बाजार, पासू में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 के सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव कार्य के कारण 17 जुलाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 11 केवी दाड़ी फीडर के दाड़ी चौक, अधीवर-हब, दाड़ी बाजार, पासू, भटेड़ व अन्य साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर उक्त कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### तकनीकी कौशल विकसित करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के बीसीए विभाग ने नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रोग्राम 2026-27 आयोजित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अध्ययन के साथ कौशल विकास, नवाचार और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विभाग समन्वयक डॉ. रंजीत ठाकुर ने विभाग की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं तकनीकी कौशल विकसित करने का संदेश दिया।

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के तहत अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व और गर्भधारण के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतराल रखने पर जोर दिया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सूद ने बताया कि कम जन्म अंतराल से माताओं में एनीमिया और बच्चों में कुपोषण का खतरा बढ़ता है। उन्होंने परिवार नियोजन सेवाओं के व्यापक उपयोग और पुरुष सहभागिता बढ़ाने पर भी बल दिया।

### आईटीआई बालकरूपी में प्लेसमेंट ड्राइव



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बालकरूपी में मारुति सुजुकी और हाइटेक कंपनी के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इसमें 47 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मारुति सुजुकी के लिए 32 और हाइटेक के लिए 15 प्रशिक्षुओं ने आवेदन किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण के साथ बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। प्लेसमेंट अधिकारी बिक्रम सिंह ने चयन प्रक्रिया और औद्योगिक कार्य संस्कृति की जानकारी दी।

# कांगड़ा में 15 सितंबर तक राफ्टिंग–पैराग्लाइडिंग बंद

## अब बिना रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाएगी ट्रैकिंग, उल्लंघन पर उठाना होगा रेस्क्यू का खर्च

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मानसून के दौरान पर्यटकों और ट्रैकर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने एडवेंचर गतिविधियों को लेकर सख्त नियम लागू कर दिए हैं। जोखिम भरे ट्रेकिंग मार्गों पर बिना पंजीकरण आवाजाही पर रोक रहेगी, जबकि रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियां भी निर्धारित अवधि तक बंद रहेंगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को रेस्क्यू का खर्च स्वयं उठाने के साथ कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि मानसून के मद्देनजर 15 जुलाई से 15 सितंबर तक रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग सहित कुछ एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा धौलाधार क्षेत्र के 10 चिन्हित ट्रेकिंग रूटों पर 15 अक्तूबर तक बिना पंजीकरण ट्रेकिंग की अनुमति नहीं होगी।



फाइल फोटो।


### ट्रैकर को दर्ज करवानी होगी जानकारी

**इन** ट्रेकिंग रूटों पर जाने वाले प्रत्येक ट्रैकर को जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा स्थापित पंजीकरण केंद्रों पर अपना नाम, संपर्क नंबर, साथ जाने वाले लोगों की संख्या, आवश्यक उपकरण और अधिकृत ट्रेकिंग गाइड की जानकारी दर्ज करानी होगी। विनय धीमान ने कहा कि जिला दंडाधिकारी कांगड़ा द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति नियमों की अनदेखी कर ट्रेकिंग करता है और उसके लिए रेस्क्यू अभियान चलाना पड़ता है, तो उसका पूरा खर्च संबंधित व्यक्ति को वहन करना होगा। इसके साथ ही अधिनियम के तहत जुर्माने और कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है।

## पठानिया ने की क्यारी पंचायत भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की क्यारी पंचायत में आयोजित सरकार जनता के दरबार कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं, अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। पठानिया ने कहा कि ग्राम पंचायत क्यारी की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यहां नए एवं भव्य पंचायत भवन के निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 10 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत भवन के लिए भूमि चिन्हित कर उससे संबंधित सभी औपचारिकताएं अगले 15 दिनों के भीतर पूरी की जाएं, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। उन्होंने पंचायत के विकास को गति देने के लिए पटियाल बस्ती तक सड़क निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय क्यारी में दो अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा पंचायत के दो स्थानों पर पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए दो हैंडपंप स्थापित करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 19 पात्र लाभार्थियों को कुल 2 लाख 89 हजार 800 रुपए की सहायता राशि के चेक भी वितरित किए।

## हैप्पी बर्थडे



ऊना के सोहारी की तम्मना दियोट को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



भनबाड के योगराज को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## 11 ग्राम चिट्टे के साथ धरे महिला और युवक

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नूरपुर पुलिस के नशा विरोधी अभियान के तहत थाना डमटाल की टीम ने छन्नी गांव में कार्रवाई करते हुए 11 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिंकी पत्नी दलीप कुमार और उसका दामाद आकाशदीप घर से चिट्टे की बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नियमानुसार घर की तलाशी ली, जहां लकड़ी की अलमारी के पास रखे प्लास्टिक स्टैंड की ट्रे में छिपाकर रखा गया नशीला पदार्थ बरामद हुआ। ड्रग डिटेक्शन किट से जांच में पदार्थ हेरोइन/चिट्टा पाया गया, जिसका वजन 11 ग्राम निकला। पुलिस ने दोनों आरोपियों पिंकी (36) निवासी छन्नी और आकाशदीप (26) निवासी महताबपुर, जिला होशियारपुर, पंजाब को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना डमटाल में एफआईआर संख्या 121/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 में मामला दर्ज किया गया है।

# डाढ़ में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया तीन मंजिला स्कूल भवन का उद्घाटन

## निजी स्कूलों में मनमानी फीस पर कानून लाने के दिए संकेत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बुधवार को मेजर सोमनाथ शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने बतौर मुख्यातिथि लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तीन मंजिला विद्यालय भवन का लोकार्पण किया और शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

शिक्षा मंत्री के साथ पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाए जाने के सवाल पर कहा कि सरकार इस विषय को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा सत्र में ऐसा कानून लाने की तैयारी है, जिससे निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### ◆ आगामी सत्र में कानून लाने की तैयारी की कही बात

**मर्ज किए 700 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं था नामांकित:** स्कूलों के विलय को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जिन करीब 1400 स्कूलों को डी–नोटिफाई या मर्ज किया गया, उनमें लगभग 700 स्कूल ऐसे थे जहां एक भी छात्र नामांकित नहीं था। उन्होंने कहा कि तय मानकों के तहत ही ऐसे स्कूलों का विलय किया गया, जिससे लगभग 2500 शिक्षकों और गैर–शिक्षण कर्मचारियों की सेवाओं का बेहतर उपयोग किया जा सका।

सीबीएसई संबद्धता के मुद्दे मुद्दे पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों को एक अतिरिक्त विकल्प देने के उद्देश्य से प्रदेश के करीब 150 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध

### स्कूलों की समस्याओं के समाधान और काउंसलर नियुक्ति पर जोर

**शिक्षा** मंत्री ने स्कूलों के जर्जर भवनों और छात्राओं के शौचालयों की खराब स्थिति को लेकर कहा कि कुछ स्थानों पर ऐसी समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का शिक्षा ढांचा राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर है। विद्यार्थियों में बढ़ते आत्महत्या मामलों को देखते हुए सरकारी स्कूलों में काउंसलर नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले चरण में पीएम श्री स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

किया गया है। इसके लिए नीति तैयार की गई है और हाल ही में 62 प्राचार्यों की नियुक्ति भी की गई है। रिक्त पदों को भी चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा।

## शाहपुर में कैंपस प्लेसमेंट, 34 छात्राओं का चयन



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर में वर्धमान अपेरल्स लिमिटेड, लुधियाना द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 41 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 34 का चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को 14,000 से 16,000 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ पीएफ, ईएसआई, आवास और भोजन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानाचार्य रवि कुमार ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## धर्मशाला में बालिका कबड्डी चयन ट्रायल शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) धर्मशाला में बालिका कबड्डी के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। साई की केंद्रीय कोचिंग टीम खिलाड़ियों का तकनीकी कौशल, फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन कर रही है। असिस्टेंट डायरेक्टर जेपी साहनी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण, विशेषज्ञ कोचिंग, खेल किट, चिकित्सा सुविधा, शैक्षणिक सहायता और आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## कांगड़ा हवाई अड्डे पर स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे पर 1 से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान परिसर की सफाई, वृक्षारोपण, स्वच्छता शपथ और हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए गए। हवाई अड्डा निदेशक अमित सकलानी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में मौसम विभाग और अन्य विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए एयरपोर्ट को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

## विजिलेंस जांच का दायरा बढ़ा, धरोहर गांव के अधिकारियों की बढ़ी मुश्किलें

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** परागपुर के धरोहर गांव होने के दावे और वहां हुए करोड़ों के विकास कार्यों की हकीकत अब विजिलेंस के रडार पर आ गई है। इस बहुचर्चित मामले में जांच का दायरा विस्तृत होते हुए अब विजिलेंस नार्थ जोन धर्मशाला की इंस्पेक्टर किरण ने कमान संभाल ली है। विभाग ने इस मामले में शिकायतकर्ता से सीधा संपर्क कर निर्माण कार्यों की वैधता और अनियमितताओं पर बारीकी से पूछताछ शुरू कर दी है।

जांच के दौरान विजिलेंस ने न केवल म्यूजियम, हर्बल पार्क और अन्य निर्माण कार्यों के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए, बल्कि जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर एक निजी होटल की फोटो को धरोहर गांव के नाम पर प्रदर्शित करने के संदर्भ में भी सवाल–जवाब किए। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस अधिकारी को इस पूरे मामले से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि कैसे कागजों में दर्ज न होने के बावजूद इन प्रोजेक्ट्स पर भारी–भरकम राशि खर्च की गई है।इस पर विजिलेंस इंस्पेक्टर ने स्पष्ट किया है कि विभाग अब पर्यटन अधिकारी से इन सभी कार्यों का पूरा आधिकारिक रिकॉर्ड तलब करेगा। जांच की इस कड़ी शुरुआत से उन अधिकारियों और उन लोगों की मुश्किलें बढ़ना तय है, जिन्होंने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। विजिलेंस की इस सक्रियता ने अब प्रशासन के उन गलियारों में हड़कंप मचा दिया है जहां से धरोहर गांव के नाम पर करोड़ों के खेल को अंजाम दिया गया। जांच अधिकारी द्वारा रिकॉर्ड तलब करने के निर्देश यह साफ करते हैं कि जल्द ही इस घोटाले में शामिल चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। धरोहर गांव परागपुर के अस्तित्व और सरकारी बजट की बर्बादी के इस मामले में अब विजिलेंस की रिपोर्ट ही निर्णायक साबित होगी, जिससे साफ हो सकेगा कि यह विकास कार्य थे या फिर महज एक सुनियोजित घोटाला।

## विधायक कमलेश ने 35 लाभार्थियों को बांटे 8.50 लाख रुपए के चेक



अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** मिनी सचिवालय देहरा में बुधवार को विधायक कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान 35 जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थियों को लगभग 8 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए।

विधायक कमलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जरूरतमंद परिवारों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है, ताकि कोई भी जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे। कार्यक्रम के बाद विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जाए।

## डीएवी नगरोटा सूरियां के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 39 पदक जीते

अनंत ज्ञान



**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** डीएवी पब्लिक स्कूल, नगरोटा सूरियां के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, शतरंज, बास्केटबॉल, रोलर स्केटिंग और योग प्रतियोगिताओं में कुल 10 स्वर्ण, 14 रजत और 15 कांस्य पदक अपने नाम किए। एथलेटिक्स में कक्षा 10 के अरशित ने ऊंची कूद में स्वर्ण और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। मयंक ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण तथा भाला फेंक में रजत पदक हासिल किया, जबकि काव्यांश ने ट्रिपल जंप में कांस्य पदक प्राप्त किया। रोलर स्केटिंग (अंडर–17) में अरश और माणिक ने 100 मीटर व 300 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की अंडर–17 बॉयज बास्केटबॉल टीम उपविजेता रही।

शतरंज में अंडर–19 बॉयज वर्ग में विद्यालय ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर–17 टीम, जिसमें सूर्यांश, रेयांश, विहान और सूर्यांश (कक्षा 9वीं) शामिल थे, ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अक्लुश महाजन ने सभी विजेता विद्यार्थियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी

# सरकार का काउंटडाउन शुरू, 2027 में जनता करेगी हिसाब बराबर : परमार



अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू करने का आह्वान किया।

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करे, घर–घर जाकर कांग्रेस सरकार की कथित वादाखिलाफी, कुशासन और जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखे। उनके अनुसार यह केवल चुनावी तैयारी नहीं, बल्कि प्रदेश को कुशासन से मुक्त कराने का अभियान है। परमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले झूठी गारंटियों और वादों से जनता को भ्रमित किया, लेकिन साढ़े तीन वर्षों में युवा, किसान, बागवान, कर्मचारी और महिलाएं खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल को विकास और आपदा राहत के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता दी, लेकिन प्रदेश सरकार को राहत राशि के उपयोग का पूरा हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का काउंटडाउन शुरू चुका है, जनता 2027 में हिसाब बराबर करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

## दादा से पोती तक निशानेबाजी की विरासत, पटियाल परिवार ने रचा इतिहास

# पिता बने चैंपियन, 13 वर्षीय बेटी ने जीता पदक

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** कहते हैं कि प्रतिभा जब संस्कार और समर्पण से जुड़ जाए तो वह पीढ़ियों तक विरासत बन जाती है। हिमाचल प्रदेश की 31वीं राज्य शूटिंग चैंपियनशिप (एनआर/आरएंडपी) 2026 में पालमपुर के पटियाल परिवार ने इसी विरासत को जीवंत कर दिया। एक ओर हितेंद्र पाटियाल ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल (मास्टर मेन) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, वहीं उनकी 13 वर्ष से कम आयु की बेटी हिमानी पाटियाल ने 10 मीटर पिस्टल (सब यूथ महिला) वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भविष्य की बड़ी उम्मीद जगा दी।





31वीं राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में चमकाया नाम। अनंत ज्ञान

इस सफलता की सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि यह परिवार की तीसरी पीढ़ी है, जिसने निशानेबाजी में अपनी पहचान बनाई है। हितेंद्र पाटियाल के पिता और हिमानी के दादा शिशु पटियाल अपने समय के प्रदेश के अव्वल निशानेबाजों में गिने जाते थे। उन्होंने जिस खेल परंपरा की नींव रखी, उसी राह पर चलते हुए आज उनके बेटे ने राज्य चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया और अब पोती ने भी पदक जीतकर इस विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की शुरुआत कर दी है। हितेंद्र पाटियाल ने प्रतियोगिता में 249 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता।

सोलन के चरणजीव सिंह मान ने भी 249 अंक बनाए, लेकिन टाई–ब्रेक नियमों के आधार पर उन्हें दूसरा स्थान मिला, जबकि मंडी के सौरभ गुप्ता 247 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, हिमानी पाटियाल ने 10 मीटर पिस्टल (एनआर) सब यूथ महिला व्यक्तिगत वर्ग में 342 अंक हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस वर्ग में प्रदेशभर से 29 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कम उम्र में यह उपलब्धि हिमानी की प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का प्रमाण है। दादा से पिता और अब बेटी तक पहुंची यह निशानेबाजी की विरासत आज प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर पूरे परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पठानकोट में नहर में कूदी महिला आरएएफ जवान ने डूबने से बचाया

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में एक आरएएफ जवान ने बहादुरी और तत्परता का परिचय देते हुए तेज बहाव वाली नहर में कूदी महिला की जान बचा ली। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पठानकोट में विशेष ड्यूटी पर तैनात हवलदार संतोष कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना नहर में छलांग लगाई और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय महिला सैनगढ़ की रहने वाली है और पिता की मृत्यु के बाद मानसिक तनाव में थी। बुधवार सुबह करीब 8:25 बजे उसने बाबा बर्फानी मंदिर के पास धीरा नहर में छलांग लगा दी। रंजीत सागर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नहर में तेज बहाव था, जिससे महिला बहने लगी।

मौके पर तैनात लेडी कांस्टेबल दीक्षा ने महिला को पानी में बहते देखा और तुरंत मदद मांगी। काफी लोग मौके पर मौजूद थे, लेकिन तेज बहाव के कारण कोई भी पानी में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। इसके बाद हवलदार संतोष कुमार ने कपड़े और रस्सी की मदद से बचाव अभियान शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थाना–2 प्रभारी अमित कुमार ने जवान की बहादुरी की सराहना करते हुए बताया कि समय पर कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। महिला को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उसकी काउंसलिंग भी करवाई जाएगी।

## जयसिंहपुर के 300 साल पुराने मैदान को बचाने की मुहिम 'आप' ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने विधानसभा जयसिंहपुर के ऐतिहासिक धरोहर मैदान का दौरा कर उसकी वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से बातचीत की, जिसमें सभी ने मैदान में किसी भी प्रकार के भवन निर्माण का विरोध किया। लोगों का कहना है कि मैदान में इनडोर स्टेडियम, न्यायालय भवन या अग्निशमन विभाग का भवन नहीं बनाया जाना चाहिए।

काली दास ने बताया कि यह मैदान लगभग 300 वर्ष पुराना है और राजा संसार चंद के समय से क्षेत्र की पहचान रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद एवं मंत्री चंद्रेश कुमारी तथा पूर्व मंत्री कंवर दुर्गा चंद ने भी इसे संरक्षित रखने और सुंदर बनाने का कार्य किया, ताकि यहां खेल गतिविधियां, सामाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रम, दशहरा, होली और अन्य सरकारी आयोजन हो सकें। उन्होंने मांग की कि मैदान को धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा जाए और निर्माण कार्यों के लिए अन्य स्थानों जैसे हलेड़, हारसी या लोअर लंबागांव का चयन किया जाए। उन्होंने मैदान में जलभराव की समस्या के समाधान, फुलवारी विकसित करने और इसे लोगों के लिए सुरक्षित स्थल बनाने की मांग भी उठाई। काली दास ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्माण का निर्णय वापस नहीं लिया तो आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर धरना–प्रदर्शन और आंदोलन करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणीदेवी।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बारीं पंचायत में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों, विकास कार्यों और प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सफाई अभियान का औचिक निरीक्षण किया। डीसी ने महिला मंडल चाहड़ की महिलाओं के साथ संवाद भी किया और नशे के खिलाफ सरकार द्वारा चलाई मुहिम में महिला मंडल की सदस्यों को सहयोग करने की अपील भी की। वहीं, बारी गांव के पुराने कुएं की सफाई व्यवस्था को भी डीसी ने देखा और बारी महिला मंडल की सदस्यों से भी मिली। इस दौरान पंचायत प्रधान राजीव चौहान, उप प्रधान अशोक कुमार, बाड़ पंच रीना कुमारी, अंजू देवी सहित बीडीओ टौणीदेवी वैशाली शर्मा आदि मौजूद रही।

### एचआरटीसी की बदहाली पर भाजपा ने सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भाजपा शहरी इकाई अध्यक्ष प्रकाश सडियाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एचआरटीसी की व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि बसों के टायर और स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण वाहन रास्तों में खराब हो रहे हैं, जिससे यात्रियों व कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से शीघ्र सुधार की मांग की और चेतावनी दी कि समस्या दूर न हुई तो भाजपा जनआंदोलन करेगी।

### जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक वीरवार को सुबह 11 बजे यहां बचत भवन में आयोजित की जाएगी। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि विधायक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त ने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को बैठक में अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्या की विस्तृत रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### पेड़ से फंदा लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के अंतर्गत मैहरे क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी गई। उक्त व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार बड़सर मैहरे के बीच यह घटना पेश आई है। सुबह कुछ लोगों ने पेड़ से व्यक्ति को लटके देखा गया। अपनी कमीज का फंदा लगाकर अपनी जान दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि है पुलिस मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है, व्यक्ति प्रवासी लग रहा है और उसकी उम्र 30 से 35 साल लग रही है।

### जाहू में एनीमिया से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के तहत आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में एनीमिया उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा ने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों और अभिभावकों को एनीमिया के कारणों व बचाव की जानकारी दी। उन्होंने आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों के सेवन, पौष्टिक आहार और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### नादौन कॉलेज में आईटी टूल्स पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय नादौन के करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए कृषि में आईटी टूल्स विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम सेल संयोजक प्रो. रवि कांत गर्ग के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य वक्ता कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. विशाल डोगरा और मृदा वैज्ञानिक डॉ. नवनीत जरयाल ने आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल एप्स, ड्रोन, जीआईएस, रिमोट सेंसिंग और एआई के उपयोग से कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. भगवती प्रसाद शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. रवि कांत गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को बदलते समय के अनुरूप नवीनतम तकनीकों एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों से अवगत कराना है। उन्होंने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# विकास को देखने के लिए चश्मा बदलने और संपदा लूटने वालों को सबक सिखाने की जरूरत : सुक्खू

## नगर निगम हमीरपुर से बाहर होंगे कुछ इलाके, सीएम बोले- बस अड्डा नवंबर तक जनता को होगा समर्पित

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को हजारों की संपदा लूटने वालों को सबक सिखाने और विकास को बहुत नजदीक से देखने के लिए चश्मा बदलने की जरूरत महसूस करवाई है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है, चाहे यहां के नुमाइंदे बेवफा निकले हों, मगर सरकार उनकी उम्मीदों पर और खरा उतरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही।

मुख्यमंत्री बुधवार को यहां टाउन हॉल में दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स में फिर से स्कूल शिक्षा बोर्ड की पढ़ाई जारी रखने के मामले में सरकार विचार कर रही है। इस मामले पर राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था जिस पर उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि जिन इलाकों के लोग नगर निगम में नहीं आना चाहते और वहां तकनीकी रूप से भी बाहर रहना चाहते हैं, उस पर सरकार विचार करेगी और निश्चित रूप में यह कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर जो लोग तिरपाल लगाकर रोजी-रोटी चल रहे हैं, उनके लिए भी 3 फुट के आकार का टीन का खोखा बनाने की उनकी मांग पर भी मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है। सरकारी पर विचार करेगी। उन्होंने हमीरपुर के विकास का हवाला देते हुए कहा कि जब सरकार बनी थी, तो हमीरपुर के विधायक निर्दलीय थे, बाद में बदल गए लेकिन सुक्खू सरकार ने जो वायदा किया था, उस पर आज भी अमल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर के बस स्टैंड को अक्तूबर नवंबर तक तैयार करके जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। मौजूदा बस अड्डे पर लोकल बसों का सिस्टम पहले की तरह बरकरार रखा जाएगा। ताकि लोगों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। शॉपिंग कांप्लेक्स के पास तैयार हुए तकरीबन एक दर्जन दुकानों के नए परिसर का भी उद्घाटन किया। उसके बाद वह सीधे टाउन हॉल पहुंचे, जहां पर नगर निगम के नए कार्यालय भवन का भी उन्होंने शिलान्यास रखा। टाउन हॉल परिसर में ही इसका निर्माण हो रहा है और यह हमीरपुर नगर निगम के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



- बोले- गरीब एवं भूमिहीन लोगों के अतिक्रमण के मामलों में रियायत के लिए बनाएंगे नीति
- हमीरपुर में 200 करोड़ से विकसित होगा अत्याधुनिक सिटी सेंटर

### नगर निगम भवन का शिलान्यास, नवनिर्मित दुकानों एवं ग्रामीण हाट का किया लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने हमीरपुर में लगभग 19.40 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नगर निगम कार्यालय भवन के शिलान्यास और छोटे व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए लगभग 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित दुकानों तथा ग्रामीण हाट के उद्घाटन किए। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकारी भूमि पर कई वर्षों पहले बसे गरीब एवं भूमिहीन लोगों के मकानों को रियायत प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार एक नीति बनाने पर विचार करेगी। सरकार अतिक्रमण के मामलों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर रही है तथा इस पर उचित निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम हमीरपुर में शामिल हुए नए क्षेत्रों के लोगों को पांच साल तक करों में छूट प्रदान की जाएगी। वर्तमान बस अड्डे की जगह लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा। दशहरा उत्सव और अन्य आयोजनों के लिए उपयुक्त जगह विकसित करने तथा अन्य मांगों को भी पूरा करने की घोषणा की। शहर के रेहड़ी-फहड़ी धारकों के लिए भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

### सीएम बनने का सौभाग्य आसानी से नहीं मिला, लंबी तपस्या रही

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने हमीरपुर दौरे के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का जिक्र करते हुए कहा कि जनता के फैसले से संभावित मुख्यमंत्री को हार मिली, जिसका असर विकास पर पड़ा। उन्होंने जयराम सरकार पर हमीरपुर की अनदेखी का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने पहली बार लोअर हिमाचल को मुख्यमंत्री दिया है, जिसके पीछे लंबा संघर्ष और तपस्या रही है।

## राजनीतिक सलाहकार 'बिट्टू' की पीठ 'थपथपा' गए सीएम

**अनंत ज्ञान, विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सीएम सुक्खू का हमीरपुर शहर का एक दिनी दौरा यहां के राजनीतिक माहौल को भी गर्मा गया है। इस दौरे के दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की सुजानपुर से हुई तत्कालीन हार को लेकर भी वहां की जनता के फैसले पर हैरानी जताई, लेकिन कांग्रेस के भीतर राजनीतिक रूप में यदि नेताओं के हिसाब-किताब और उनके कद के मुताबिक पीठ 'थपथपाने' का काम किया, तो उसमें इस बार उनके राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू आगे रहे हैं। यह दोनों कार्यक्रम उन्हीं को समर्पित रहे हैं। इन कार्यक्रमों का माहौल बिट्टू के इर्द-गिर्द ही घूमता नजर आया। लेकिन मुख्यमंत्री ने भी इस दौरे में यह एहसास करवाने का प्रयास निश्चित रूप में किया है कि हमीरपुर में बिट्टू का राजनीतिक कद कैबिनेट दर्जा छिनने के बाद घटा नहीं है। सत्ता के गलियारों में उनकी भागीदारी बढ़ी ही है। इसीलिए हर मोर्चे पर हुए उनके दौरे पर वे आगे रहे और पार्टी के अगले समीकरणों के लिए भी शायद मुख्यमंत्री ने राजनीति की लाइन को और सीधा करने का एहसास हमीरपुर के कांग्रेसजनों को भी करवाया है। दर असल में पिछले कुछ समय से बिट्टू हरिपुर की राजनीति पर ज्यादा फोकस किए हुए हैं। वह विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों का लगातार दौरे कर रहे हैं।लोगों के बीच पहुंचकर वे इसका एहसास भी करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री का बुधवार का यह दौरा यही एहसास करवा गया कि आगामी विधानसभा चुनाव तक राजनीतिक समीकरणों में उतार-चढ़ाव चलते रहेंगे। दीगर बात यह है कि पिछले लगातार दो चुनाव यहां से डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा की उम्मीदवारी में हुए हैं और दोनों बार वे आशीष शर्मा से चुनाव जीत नहीं पाए। पहली मर्तबा तो उन्हें टिकट देने के मामले में ही नामांकन दाखिल करने के आखिरी रोज सेहरा बांधा गया था। उसके बाद उप चुनाव हुए। यानी दोनों चुनाव में कांग्रेस यहां जीत की दहलीज पर नहीं पहुंच पाई। शायद इन्हीं नई उम्मीद के बीच में राजनीति के नए समीकरणों की यह नई धरातल तलाशने के लिए बिट्टू अब जद्दोजहद में पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री भी उन्हें राजनीतिक रूप में मजबूत करने के रास्ते में कोई कोर का असर नहीं छोड़ रहे। अभी उनकी केसीसी बैंक को लेकर भी एक तैनाती की चर्चा हो रही है। अभी इस पर फाइनल नहीं हुआ है। लेकिन चर्चा जरूर है निश्चित रूप में हमीरपुर की राजनीति में सत्तारूढ़ कांग्रेस और उसके मुखिया अब कुछ अलग सोचने की रणनीति दिखने लगे हैं। बिट्टू इन उम्मीदों पर कितने खड़े उतरेंगे। इसकी जांच परख तो राजनीति की समझ रखने वाले ही कर पाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने हेडमास्टर व प्रवक्ता पदोन्नति के लिए दिया आश्वासन, शिक्षा व्यवस्था को किया जाएगा मजबूत : विकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला हमीरपुर, बिलासपुर तथा राज्य प्रमोटी लेक्चरर एसोसिएशन ने सरकारी स्कूलों में लंबे समय से लंबित हेडमास्टर और प्रवक्ता पदोन्नति प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार से की है। संघ का कहना है कि पदोन्नति होने से शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की समस्या काफी हद तक दूर होगी और शिक्षकों का मनोबल भी बढ़ेगा। जिला विज्ञान अध्यापक संघ के अध्यक्ष विकेश कौशल ने बताया कि प्रदेश के करीब 960 सरकारी हाई स्कूलों में लगभग 70 प्रतिशत विद्यालयों में हेडमास्टर के पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि पात्र टीजीटी और प्रवक्ताओं को हेडमास्टर पद पर पदोन्नति देने से रिक्तियां भरने के साथ नए शिक्षकों की नियुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति के तहत 749 शिक्षकों की पदोन्नति प्रस्तावित है, जिसकी विभागीय पदोन्नति समिति सितंबर 2025 में प्रक्रिया पूरी कर चुकी है, लेकिन अभी तक आदेश जारी नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र पदोन्नति होने से सैकड़ों शिक्षकों को राहत मिलेगी और सीबीएसई कैडर के शिक्षकों के समायोजन में भी सुविधा होगी। संघ पदाधिकारियों ने सरकार से लंबित पदोन्नति सूचियां जल्द जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हेडमास्टर व प्रवक्ता पदोन्नति के लिए आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संघ के विभिन्न पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो लोगों से बरामद किया 5.30 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने 15 जुलाई 2026 को वाहन की जांच के दौरान 5.30 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक कुमार और ललित कुमार, दोनों निवासी जिला मंडी के रूप में हुई है। बरामद नशीले पदार्थ के संबंध में थाना सदर हमीरपुर में एफआईआर संख्या 207-2026 दिनांक 15.07.2026 दर्ज की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलबीर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस नशा तस्करों और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है और जांच के आधार पर अन्य संभावित संलिप्त लोगों का भी पता लगाया जाएगा।

## हमीरपुर की पीओ सेल ने किया उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर की पीओ सेल ने एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए उद्घोषित अपराधी विजय सिंह निवासी गांव मोहड़ा गुगा, डाकघर कपाहड़ा, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी को 01.04.2024 को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, बड़सर द्वारा परक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के दो निजी परिवाद मामलों में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पीओ सेल द्वारा लगातार तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को 14.07.2026 को महादेव, सुंदरनगर (जिला मंडी) से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई को एएसआई मनोज कुमार एवं मुख्य आरक्षी मनोहर लाल ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। जिला पुलिस हमीरपुर न्यायालयों के आदेशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाती रहेगी।

## आईटीआई वणी होगी हाईटेक: राजेश बन्याल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** आईटीआई वणी को और अधिक विकसित बनाने के लिए राजेश वन्याल हिमुंडा डायरेक्टर के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। संस्थान प्रबंधन समिति की बैठक में 6 बड़े विकासात्मक कार्यों को मंजूरी दी गई है। इन कार्यों में बास्केटबॉल कोर्ट, कैंटीन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुविधाएं शामिल हैं जो छात्रों को प्रदान की जाएंगी।

- हर संदिग्ध गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी नजर

आईटीआई बणी आईटीआई मैनेजिंग कमेटी की बैठक संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश वन्याल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संस्थान के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें मंजूरी दी गई। बैठक में निम्नलिखित कार्यों को हरी झंडी दी गई: बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण, कैंटीन का निर्माण, पार्किंग शेड, सीसीटीवी कैमरे लगाना, प्रोजेक्टर की व्यवस्था और रूफ टॉप की मरम्मत। इन कार्यों से संस्थान का स्तर और बेहतर होगा और छात्रों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। प्रधानाचार्य अनिल पठानिया ने कहा कि इन सभी कार्यों से आईटीआई बणी का माहौल और सुरक्षित होगा। आईएमसी अध्यक्ष राजेश बण्याल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। बैठक में मनोज शर्मा, हरीश कुमार, रोहित बण्याल, राज कुमार, रविंद्र बण्याल, रोजगार अधिकारी और अनिल पठानिया उपस्थित थे

## बिजली उपभोक्ताओं को थमाया नोटिस, 24 घंटे में स्मार्ट मीटर लगाने की दें अनुमति

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तेज किए जाने के बाद उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ गई है। विभाग की ओर से कुछ उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए परिसर में प्रवेश की अनुमति देने को कहा गया है। नोटिस में सहयोग न करने पर विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई है। बटराण पंचायत के एक उपभोक्ता को जारी नोटिस के बाद स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर और प्रीपेड व्यवस्था से बिजली बिल बढ़ने तथा अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया है। बटराण पंचायत के उपप्रधान सुशील कुमार और पूर्व प्रधान राजीव कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा नोटिस जारी करने से उपभोक्ताओं में रोष है। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर जबरन न थोपा जाए।विद्युत उपमंडल नादौन के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने कहा कि स्मार्ट मीटर केंद्र सरकार की योजना है, जिसे प्रदेश सरकार की सहमति से लागू किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना उपभोक्ता की इच्छा के कनेक्शन को प्रीपेड नहीं किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पेंशनर्स फोरम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड द्वारा इस तरह के नोटिस उपभोक्ताओं को दिए जाना गलत व गैर कानूनी है। बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को इस तरह के नोटिस देकर परेशान न करें।

- नोटिस देकर उपभोक्ताओं को परेशान न करे बिजली बोर्ड : कुलदीप खरवाड़ा

## बड़सर की अनदेखी, भेदभाव छोड़ समस्याएं हल करे सरकार : इंद्रदत्त



प्रेसवार्ता को संबोधित करते विधायक इंद्रदत्त लखनपाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बिझड़ी में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस सरकार पर जनहित के मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ढाई वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। लखनपाल ने आरोप लगाया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर बड़सर की कई पंचायतों को अब तक राहत राशि नहीं मिली है। उन्होंने विधायक निधि में कटौती, सड़कों की खराब स्थिति और विकास कार्यों के लिए धन की कमी को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बिझड़ी विकास खंड में ब्लॉक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में देरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करती है।

स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों और स्टाफ की कमी, पंचायतों में कर्मचारियों के रिक्त पदों तथा परिवहन व्यवस्था की बदहाली पर भी उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बड़सर क्षेत्र में बस सेवाएं प्रभावित हैं, जिससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। जल शक्ति विभाग में पाइपों की कमी से पेयजल योजनाएं प्रभावित होने का आरोप भी उन्होंने लगाया। विधायक ने मुख्यमंत्री से राजनीतिक भेदभाव छोड़कर आपदा राहत, सड़क, स्वास्थ्य, परिवहन, पेयजल और पंचायत संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धिरड़ पंचायत में बिना अनुमति फेरी वालों की एंट्री पर रोक

### ट्रांसजेंडरों के लिए 1100 से 2100 रुपए बधाई राशि तय

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत धिरड़ की पहली ग्राम सभा में सामाजिक व्यवस्था, सुरक्षा और नशा मुक्त पंचायत बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत प्रधान शशिकांत शर्मा ने की। इस अवसर पर उपप्रधान संजीव नेगी, सभी वार्ड पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्राम सभा में सबसे प्रमुख निर्णय पंचायत क्षेत्र में बढ़ते नशे, विशेषकर चिट्टे (हेरोइन) के खिलाफ सख्त कार्रवाई का लिया गया। पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया कि यदि कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों के कारोबार या सेवन में संलिप्त पाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस और संबंधित विभाग को दी जाएगी। पंचायत ने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग करें और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पंचायत या पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

पंचायत ने नशा मुक्ति के लिए स्कूलों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया। इसके अलावा विवाह, गृह प्रवेश, नवजात शिशु के जन्म जैसे शुभ अवसरों पर किन्नरों को दी जाने वाली बधाई राशि को न्यूनतम 1100 और अधिकतम 2100 रुपए तक सीमित करने का फैसला लिया गया। ग्राम सभा ने बाहरी क्षेत्रों से आने वाले फेरी वालों के लिए भी नियम तय किए हैं। अब पंचायत की अनुमति के बिना कोई भी फेरी वाला क्षेत्र में सामान नहीं बेच सकेगा। प्रधान शशिकांत शर्मा ने कहा कि सभी निर्णय ग्रामीणों की सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और बेहतर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं। उन्होंने लोगों से पंचायत के निर्णयों का पालन कर सुरक्षित और नशा मुक्त पंचायत बनाने में सहयोग की अपील की।

### केसीसी बैंक कर्मचारी यूनियन की कार्यकारिणी घोषित

## रजत पाल महासचिव और अनिल कुमार को बनाया वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने बताया कि कार्यकारिणी में विभिन्न शाखाओं के 29 सदस्यों को शामिल किया गया है तथा 24 को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने बताया कि कर्मचारी यूनियन में रजत पाल हमीरपुर जोनल कार्यालय को महासचिव, अनिल कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमंत कुमार को उपाध्यक्ष, नीरज सोनी को उप महासचिव, मंजू ठाकुर को सहायक महासचिव, विनोद कुमार संयुक्त सचिव, कुलदीप सिंह को बैंक यूनियन का मुख्य सरंक्षक तथा सुरेंद्र कुमार को कार्यालय सचिव व सचिन कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह यशवीर सिंह, संजीव ठाकुर, गुलशन कुमार, दिवेंद्र चौहान को संगठन सचिव बनाया गया है। उन्होंने बताया के कार्याकारिणी में दिग्गविजय सिंह, अंजूवाला, अमित गुलेरिया, तुरुण शर्मा, पुनीत शर्मा, अजय कुमार, अश्वनी कुमार, निशांत कुमार, रोहित कुमार, महेश पठानिया, पवन कुमार, राज कुमार, मस्त राम, अमरीक डोगरा व संजय परमार को शामिल किया गया है। वहीं, विनोद पाल सिंह, सुमेश शर्मा, सोहन सिंह, राहुल नेगी, विशाल कुमार, नरेश डोगरा, अंचला महाजन, आरूति गोयल, वंदना कुमारी, सविता ठाकुर, अजय कुमार, आशीष ठाकुर, नरेश चौहान, प्रभात सिंह, राहुल जसरोटिया, वरूण कौंड़ल, कर्ण कुमार, अजय कुमार, विक्रमजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, सचिन कुमार, विनायक शर्मा, रणजोध सिंह व रोहित सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्यों में शामिल किया गया है।

## व्यापार मंडल हमीरपुर ने सीएम के समक्ष रखी मांगें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** व्यापार मंडल हमीरपुर में पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की और अपनी मांगें भी रखी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित ठाकुर व अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि टाउन हाल के सामने प्राइमरी स्कूल को स्थानांतरित करके बाल एवं कन्या स्कूल में किया जाए और स्कूल की जगह में बहुमंजिला पार्किंग और उसके उपर मैरिज पैलेस बनाया जाएं इसके अलावा शिव मंदिर के सामने खाली पड़ी वन विभाग की जमीन पर फूड हब और पार्क का निर्माण या व्यवसायिक गतिविधियों का निर्माण किया जाए। कन्या स्कूल की खाली भवन जिसका निर्माण करोड़ों रूपए से किया गया है उसका भी सदुपयोग किया जाए ताकि यह खंडहर न बनें। व्यापार मंडल ने कहा कि पुराने बस अडडा को लोकल के रूप बरकरार रखा जाए। मेडिकल कॉलेज को स्थानांतरित होने के बाद पुराने अस्पताल की सुविधाओं को यथावत बरकरार रखा जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो। आयुर्वेदिक अस्पताल के साथ खाली भूमि पर भी पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

**समारोह** 15 डोगरा रेजिमेंट राइजिंग डे में जुटे भारी संख्या में पूर्व सैनिक व वीर नारियां

# 'वंदे मातरम्' के जयघोष से गूंजा सुजानपुर

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** 'वंदे मातरम्', 'भारत माता की जय' और '15 डोगरा रेजिमेंट की जय' के नारों से आज पूरा सुजानपुर शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। अवसर था 15 डोगरा रेजीमेंट राइजिंग-डे समारोह का, जिसका आयोजन सुजानपुर शहर की ऐतिहासिक हेरिटेज हवेली, वार्ड नंबर-1 में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय ढंग से किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयघोष, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण के बीच हुआ। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पूर्व सैनिकों के जोश ने पूरे समारोह को गौरवमयी बना दिया। आयोजन के दौरान विधायक सुजानपुर एवं पूर्व सैनिक कैप्टन रणजीत सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी का आयोजकों द्वारा शॉल और हिमाचली टोपी पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि इस भव्य आयोजन का पूरा श्रेय 15 डोगरा रेजीमेंट के सभी पूर्व सैनिकों को जाता है, जिनके सहयोग और समर्पण से यह कार्यक्रम सफल हुआ। उन्होंने कहा कि गत वर्ष यह समारोह जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी में आयोजित हुआ था, जहां उन्होंने घोषणा की थी कि अगले वर्ष यह आयोजन सुजानपुर में होगा। आज उसी वचन को निभाते हुए यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सुजानपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार पहुंचे हैं। उन्होंने सभी अतिथियों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व सैनिकों ने 15 डोगरा रेजीमेंट के गौरवशाली इतिहास, शौर्य, बलिदान और अनुशासन की परंपराओं को याद करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि सेना केवल एक नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा का सर्वोच्च माध्यम है और रेजीमेंट से जुड़ी यादें उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने एक स्वर में कहा कि उन्हें गर्व है कि आज उनके बीच से निकला एक सैनिक जनता का प्रतिनिधित्व कर रहा है।



पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि कैप्टन रणजीत सिंह ने सेना में रहते हुए भी हमेशा अपने साथियों और समाज की सेवा की तथा आज विधायक बनने के बाद भी उसी समर्पण के साथ क्षेत्र की जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। पूर्व सैनिकों ने कहा कि कैप्टन रणजीत सिंह केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं बल्कि सैनिकों के सम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों को सम्मानित भी किया गया।

## पेड़ों के अवैध कटान पर वन विभाग सख्त, पॉवर चेन आरा मालिकों को दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** नादौन वन संपदा संरक्षण व पेड़ों के अवैध कटान की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग सख्त हो गया है। वन विभाग ने इस संदर्भ में पॉवर चेन आरा मालिकों को इस संदर्भ में वन विभाग के नियमों व वन संरक्षण के बारे में सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बिना अनुमति के पेड़ न काटे जाएं, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वन विश्राम गृह कांगू में हुई पॉवर चेन आरा मालिकों की बैठक को संबोधित करते हुए वन रेंज अधिकारी नादौन रतन लाल ने कहा कि पॉवर चेन कटर मालिक अपनी पूरी जिम्मेदार के साथ कार्य करें। पेड़ काटने के मामले में पूरी सावधानी बरती जाए बिना विभाग की अनुमति के कोई भी प्रतिबंधित पेड़ न काटा जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी को अवैध तौर पर पेड़ काटे जाने की खबर मिले तो वे तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दें ताकि नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

## नौकरी लेने के लिए 18 को आएं मंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने सूचित किया है कि केएम इंटरप्राइजेज द्वारा जिला रोजगार कार्यालय, मण्डी को फिटर एवं वैल्डर के 50 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों को भरने के लिए 18 जुलाई, 2026 को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय, मंडी में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं, बारहवीं एवं आईटीआई (फिटर ट्रेड) उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि चयनित फ्रेशर अभ्यर्थियों को 17,000 प्रतिमाह (बेसिक वेतन) व अनुभवी अभ्यर्थियों को योग्यता एवं अनुभव के आधार पर 25,000 प्रतिमाह तक वेतन निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त फ्री आवास की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, जम्मू, पांवटा साहिब, हरिद्वार, देहरादून तथा पंजाब स्थित परियोजनाओं में की जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# फोरलेन किनारे खुली नाली बनी खतरा

## जड़ोल बस स्टॉप के पास निर्माणाधीन नाली पर आरसीसी स्लैब लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** ग्राम पंचायत जड़ोल के ग्रामीणों ने फोरलेन परियोजना के तहत जड़ोल बस स्टॉप के समीप बनाई जा रही खुली नाली को लेकर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली को खुला छोड़ने से यहां कभी भी हादसा हो सकता है। इस संबंध में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी को ज्ञापन सौंपकर जल्द उचित कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीण भगत राम सहित अन्य लोगों ने बताया कि जड़ोल बस स्टॉप के पास फोरलेन परियोजना के तहत जल निकासी नाली का निर्माण किया जा रहा है। सड़क का यह हिस्सा पहले ही काफी संकरा है और आसपास के दर्जनों परिवारों के लिए यही मुख्य रास्ता है। प्रतिदिन स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य राहगीर इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि नाली को



फोरलेन के किनारे खुली नाली बनी खतरा। लोगों ने एसडीएम से लगाई सुरक्षा की गुहार। अनंत ज्ञान

खुला छोड़ दिया गया तो लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। खासकर रात के समय यहां दुर्घटना का खतरा और अधिक बढ़ जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान ही नाली के ऊपर प्रीकास्ट आरसीसी स्लैब कवर लगाए जाएं, ताकि लोगों की आवाजाही सुरक्षित हो सके और सड़क किनारे पैदल चलने के लिए पर्याप्त जगह भी उपलब्ध रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग और एनएचएआई अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नाली को खुला छोड़ने के बजाय निर्माण के दौरान ही इसका स्थायी समाधान किया जाएगा।

## 224 ग्राम चरस के साथ युवक किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में गश्त और नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक युवक को 224 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कमल जांगिड़ (26) पुत्र पुखराज, निवासी गांव पंजैहटी, डाकघर तल्याहड़, तहसील सदर, जिला मंडी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को पुलिस टीम पुंघ फोरलेन पर गश्त और नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को आरोपी की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसके पीठू बैग की नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से 224 ग्राम चरस बरामद हुई। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सुंदरनगर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एक साल से बिस्तर पर बरनोग के नारायण दास, मदद की गुहार

अनंत ज्ञान

**राजेंद्र राजन, जयदेवी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में आते विकास खंड धनोटू के अंतर्गत ग्राम पंचायत घीड़ी गांव बरनोग निवासी नारायण दास पिछले एक वर्ष से सड़क दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हैं। कार दुर्घटना में उनकी पीठ की हड्डी तथा दोनों टांगों में फ्रैक्चर हो गया था जिस कारण वे आज तक बिस्तर पर हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। परिवार ने बताया कि नारायण सिंह चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं और उन्हें व्हीलचेयर की भी आवश्यकता है। इलाज का खर्च वहन करना परिवार के लिए बेहद कठिन हो गया है।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन, समाजसेवी संस्थाओं और दानदाताओं से अपील की है कि उनकी आर्थिक सहायता की जाए तथा व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जाए, ताकि उनका इलाज व दैनिक जीवन कुछ आसान हो सके।



- सड़क हादसे ने छीनी चलने की ताकत
- इलाज व व्हीलचेयर के लिए तरस रहा गरीब परिवार

## सुंदरनगर में अब दिन में एक समय ही होगी पेयजल आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** ब्यास नदी के पानी में गाद की मात्रा बढ़ने से सुंदरनगर शहर में पेयजल संकट गहरा गया है। जल शक्ति विभाग ने अगले आदेश तक शहर में दिन में केवल एक समय पेयजल आपूर्ति करने का निर्णय लिया है।

जलशक्ति उपमंडल सुंदरनगर के सहायक अभियंता ई. दिनेश राणा ने बताया कि शहर को पेयजल उपलब्ध करवाने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बीबीएमबी नहर के माध्यम से पहुंचने वाले ब्यास नदी के पानी में गाद की मात्रा बढ़कर 4 हजार पीपीएम से अधिक हो गई है। इसके चलते जल शोधन संयंत्र अपनी निर्धारित क्षमता के महज 50 प्रतिशत पर ही संचालित हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कारण सुंदरनगर शहर में प्रतिदिन करीब 20 से 25 लाख लीटर पेयजल की कमी हो रही है। स्थिति को देखते हुए विभाग ने अगले आदेश तक शहर में केवल एक समय पेयजल आपूर्ति करने का फैसला लिया है।

- ब्यास नदी के पानी में गाद बढ़ने से जल शोधन संयंत्र की क्षमता हुई आधी
- रोजाना 20 से 25 लाख लीटर पानी की कमी

सहायक अभियंता ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पानी का संयमित और आवश्यकतानुसार उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जैसे ही पानी में गाद की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप हो जाएगी, शहर में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# कोहनी पुल के पास 7.89 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार



कोहनी पुल के पास चिट्टे के साथ पकड़ आरोपी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत पुलिस थाना सरकाघाट की सीआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बलद्वाड़ा के कोहनी पुल के पास 7.89 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, सीआईयू टीम ने कोहनी पुल के समीप नाकाबंदी के दौरान बाइक को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर दोनों युवकों के कब्जे से 7.89 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान आशीष चंदेल उर्फ आशु (26 वर्ष) पुत्र सुनील कुमार तथा विशाल चंदेल उर्फ बिशु (32 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय प्रकाश चंदेल, दोनों निवासी गांव बरोट, डाकघर एवं तहसील बल्द्वाड़ा, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चिट्टा कहां से लाया गया था।

मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने करते हुए बताया कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चांबी में लोगों को किया बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की चम्बी शाखा द्वारा बुधवार को स्थानीय स्तर पर एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी और विशेष योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को नाबार्ड की विभिन्न वित्तीय और ग्रामीण विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और यह समझाया गया कि कैसे वे बैंक के माध्यम से इन योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकते हैं। इस शिविर में हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की चांबी शाखा के प्रबंधक (मैनेजर) नरिंदर कटोच और अक्षर सेन मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने के फायदे बताए और वित्तीय साक्षरता के प्रति प्रेरित किया।




चांबी में जागरूकता शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

## 18वें दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा आंदोलन

# मांगों को लेकर बारिश में भी डटी रहीं संधोल में धरने पर बैठी महिलाएं



संधोल में मांगों को लेकर धरने पर बैठीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाशक्ति के नेतृत्व में चल रहा जनआंदोलन बुधवार को 18वें दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। मंगलवार रात हुई भारी बारिश में भी महिलाएं धरनास्थल पर डटी रहीं। आंदोलन के 18वें दिन रीता देवी, सीमा देवी, पुन्या, सुनीता, शारदा देवी, सैना देवी, संजय कुमार और भूपेंद्र सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और स्थानीय लोगों ने पहुंचकर आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाया तथा उनकी मांगों का समर्थन किया।

युवाशक्ति के प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले 18 दिनों से क्षेत्र की जनता पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से अपने स्वास्थ्य अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। उनका कहना है कि नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव आज भी क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# महिला मंडल खलैहल ने स्वच्छता और नशा मुक्ति का दिया संदेश



महिला मंडल खलैहल ने चलाया सफाई अभियान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी की ग्राम पंचायत खलैहल के खलैहल गांव में महिला मंडल खलैहल की बैठक प्रधान उषा देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के बाद स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिलाओं ने गांव की गलियों और रास्तों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान में वार्ड सदस्य नीतू ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर महिला मंडल की उपप्रधान वीना देवी, सचिव माया देवी, शकुन्तला, गुड्डी देवी, रामप्यारी, सुनापती, कमला देवी, जानकी देवी, सरला देवी, नागण देवी, प्यारकली और अंजली देवी सहित अन्य महिलाओं ने श्रमदान किया। महिला मंडल की प्रधान उषा देवी ने बताया कि मंडल की महिलाएं प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित करने के साथ गांव की साफ-सफाई करती हैं तथा चिट्टा, शराब और चरस जैसे नशों के खिलाफ भी लोगों को जागरूक करती रहती हैं। महिला मंडल के इस प्रयास की ग्राम पंचायत खलैहल के प्रधान सुभाष चंद ठाकुर एवं उपप्रधान भागमल ठाकुर ने सराहना करते हुए महिलाओं की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका की प्रशंसा की।

## देऊरी स्कूल मामले में प्रदेश सरकार को हाईकोर्ट का नोटिस एक सप्ताह में मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देऊरी के नए भवन में विद्यार्थियों की शिफ्टिंग में हो रही देरी पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के रवैये पर कड़ा रुख अपनाया है। कुंजलाल बनाम हिमाचल प्रदेश सरकार एवं अन्य मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से पूछा कि जब नया विद्यालय भवन पूरी तरह तैयार है तो विद्यार्थियों को वहां स्थानांतरित क्यों नहीं किया जा रहा और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से वंचित क्यों रखा गया है। न्यायालय ने राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा में देऊरी स्कूल का पुराना भवन बह गया था, जिसके बाद नया भवन बनाया गया। याचिका में आरोप लगाया गया कि भवन तैयार होने के बावजूद विद्यार्थियों को अब तक वहां नहीं भेजा गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंकुश दास सूद, अधिवक्ता नंदलाल ठाकुर और अधिवक्ता उदयनंद शर्मा ने पक्ष रखा। वहीं, भवन के उद्घाटन और शिफ्टिंग में देरी को लेकर राजनीतिक स्तर पर भी आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। विपक्ष ने सरकार पर राजनीतिक कारणों से भवन का उपयोग शुरू नहीं करने का आरोप लगाया है। हालांकि, सरकार की ओर से इन आरोपों पर न्यायालय में जवाब प्रस्तुत किया जाना शेष है।

# मंडी मेयर शपथ विवाद पर हाईकोर्ट सख्त, 21 जुलाई तक जवाबतलब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मंडी नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर सुमन को पद एवं गोपनीयता की शपथ न दिलाए जाने के मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए मंडी के उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) को अगली सुनवाई तक कानून के अनुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

यह आदेश न्यायाधीश ज्योत्स्ना रीवाल दुआ की एकल पीठ ने सुमन बनाम राज्य चुनाव आयुक्त व अन्य (सीडब्ल्यूपी संख्या 11587/2026) मामले की सुनवाई के दौरान जारी किया। याचिकाकर्ता सुमन की ओर से अधिवक्ता नंद लाल ठाकुर ने अदालत में दलील दी कि वह 29 जून 2026 को मंडी नगर निगम की मेयर के रूप में विधिवत निर्वाचित हुई थीं, लेकिन प्रतिवादी संख्या-3, मंडी के उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर), उन्हें अब तक पद की शपथ नहीं दिला रहे हैं और अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इसके कारण वह अपना कार्यभार संभालने और अपने अधिकारों का प्रयोग करने से वंचित हैं। सुनवाई के दौरान राज्य चुनाव आयुक्त की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरिंदर कुमार शर्मा एवं अधिवक्ता नीरज शर्मा उपस्थित रहे, जबकि प्रतिवादी संख्या-2 और 3 की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता वाईपीएस धौल्टा ने नोटिस स्वीकार किया। हाईकोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को 21 जुलाई 2026 तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

- उपायुक्त को कानून के अनुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

उल्लेखनीय है कि मंडी नगर निगम के चुनाव 17 मई 2026 को संपन्न हो चुके हैं और सभी पार्षद शपथ ग्रहण कर चुके हैं, लेकिन मेयर और डिप्टी मेयर को अब तक शपथ नहीं दिलाई गई है। याचिका में इस देरी को चुनौती दी गई है। वहीं, मामले को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी जारी हैं, जिनमें सरकार पर जानबूझकर शपथ प्रक्रिया में विलंब करने के आरोप लगाए गए हैं।

# पंचायत विकास में दिव्यांगों व जरूरतमंदों को दी जाए प्राथमिकता: रमेश भारद्वाज

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द भारद्वाज ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के सचिव सी. पालरासु को कई महत्वपूर्ण सुझाव भेजे हैं। उन्होंने ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे सुझावों में दिव्यांगों, वीर नारियों, वृद्धों और जरूरतमंद लोगों के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाने का आग्रह किया है।

रमेश भारद्वाज ने कहा कि पंचायतों में विकास की योजना बनाते समय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि दिव्यांगों के घरों तक जाने वाले रास्तों को रैंप और रेलिंग सहित पक्का किया जाए। इसके अलावा सोलर लाइट, वर्षा आश्रय, सड़क सुविधा, गांव के रास्तों, श्मशानघाटों में बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था और स्नानघर जैसी सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने पंचायत क्षेत्रों में बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। उन्होंने मनरेगा और अन्य ग्रामीण रोजगार योजनाओं में मस्टर रोल व्यवस्था में सुधार का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं हो पाती है तो मैनुअल व्यवस्था का विकल्प होना चाहिए, ताकि मजदूरों की दिहाड़ी प्रभावित न हो और विकास कार्यों में बाधा न आए।

- रास्तों, रैंप, सोलर लाइट, ड्रेनेज और पंचायत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की मांग

उन्होंने पंचायतों में विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आईटी विशेषज्ञों की नियुक्ति, रेट कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर मिस्त्रियों का पंजीकरण और जरूरत के अनुसार अन्य पंचायतों के लोगों को कार्य करने की अनुमति देने का सुझाव दिया है।

रमेश भारद्वाज ने ग्राम सभाओं में लोगों की भागीदारी बढ़ाने, पंचायत स्तर पर सीपीआर प्रशिक्षण, यातायात नियमों और कानूनी जानकारी के कार्यक्रम आयोजित करने की मांग भी रखी है। उन्होंने पंचायती राज विभाग की वेबसाइट पर पिछले वर्षों के विकास कार्यों और आवास योजनाओं के लाभार्थियों की जानकारी सार्वजनिक करने का सुझाव देकर पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया है।

# जगन्नाथ यात्रा से पहले जंगमबाग मंदिर में श्रमदान, युवाओं ने संभाली सरोवरों की सफाई

अनंत ज्ञान

**हेमराज, जंगमबाग।** जंगमबाग मंदिर में आगामी भगवान जगन्नाथ यात्रा एवं भंडारे को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में स्थानीय युवा पिछले कई दिनों से मंदिर परिसर स्थित स्नान सरोवर की सफाई के लिए श्रमदान कर रहे हैं। युवा सरोवर से गाद, कचरा और अन्य अवशेष निकालकर उसे स्वच्छ बनाने में जुटे हैं।

इसके साथ ही मंदिर के मुख्य सरोवर की सफाई का कार्य भी चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है, ताकि धार्मिक आयोजनों से पहले पूरा परिसर स्वच्छ और व्यवस्थित हो सके। जंगमबाग मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ पर्यटकों की भी पसंदीदा धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थली रहा है। मान्यता है कि प्राचीन काल से यह स्थान ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रहा है, जहां अनेक यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होते रहे हैं। इसी कारण इस स्थल का धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व विशेष माना जाता है। स्थानीय युवाओं का कहना है कि मंदिर की पवित्रता और मूल स्वरूप को हर हाल में बनाए रखा जाना चाहिए।



जंगमबाग में राधा कृष्ण मंदिर जहां जगन्नाथ रथ यात्रा का उत्सव होगा।

- 16 जुलाई की जगन्नाथ यात्रा की तैयारियां तेज

उनका कहना है कि कुछ लोग मंदिर के व्यवसायीकरण की सोच रखते हैं, जबकि यह स्थान आस्था, भक्ति, साधना और ध्यान का केंद्र है। युवाओं ने आग्रह किया कि मंदिर का विकास उसकी धार्मिक गरिमा और प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसकी आध्यात्मिक विरासत से जुड़ सकें। इस स्वच्छता अभियान में नितेश पराशर, सतीश, चंदन, अभि तथा अबु सहित अन्य स्थानीय युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमदान कर सरोवर की सफाई में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

गौरतलब है कि 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य यात्रा हनेटी से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, बीबीएमबी कॉलोनी सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए जंगमबाग मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद 18 जुलाई को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

## बाल आश्रम भरनाल में डॉ. अंजली ने बच्चों संग मनाया अपना जन्मदिन

# अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** दीन बंधु सेवा मंडल द्वारा संचालित बाल आश्रम भरनाल में आज का दिन बच्चों के लिए अत्यंत हर्ष, उल्लास एवं प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अंजली गुप्ता अपने भाई अनिल गुप्ता, पुत्र भूमेश तथा अपने स्टाफ के सदस्यों के साथ बाल आश्रम पहुंचीं और अपना जन्मदिवस आश्रम के बच्चों के बीच अत्यंत सादगी, आत्मीयता एवं सेवा-भाव के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के साथ केक काटकर किया गया, जिसके उपरांत सभी ने मिलकर जन्मदिवस की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति एवं प्रेरणादायक गीत, समूह नृत्य तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया और उपस्थित सभी लोगों ने उनकी मुक्त कंठ से सराहना की। अपने संबोधन में डॉ. अंजली गुप्ता ने बच्चों




डॉ. अंजली बाल आश्रम में जन्मदिन मनाती हुईं। अनंत ज्ञान

को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का महत्व बताते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है और प्रत्येक बच्चे को अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिए। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. गुप्ता ने सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बाल आश्रम के प्रभारी प्रेम सिंह ने सभी का बाल आश्रम पधारकर बच्चों के साथ अपना अमूल्य समय बिताने, जन्मदिवस की खुशियां साझा करने तथा बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉ. अंजली गुप्ता को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं निरंतर समाजसेवा के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# नशाखोरी के खिलाफ युवाओं की भागीदारी जरूरी: डीएसपी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के एंटी ड्रग क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।



कार्यक्रम में डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रमेश चंद ढलारिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि नशा वर्तमान समय की गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। डीएसपी संजीव सूद ने अपने संबोधन में कहा कि नशाखोरी, विशेषकर सिंथेटिक ड्रग्स (चिट्टा), युवाओं के भविष्य के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान केवल पुलिस और प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि परिवार, शिक्षण संस्थानों, समाज और युवाओं के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि गलत संगति, तनाव और साथियों के दबाव के कारण युवा धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा, करियर, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। डीएसपी ने युवाओं को खेलकूद, योग और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने 112 आपातकालीन हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए कहा कि नशे से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति और कानून से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डीएसपी संजीव सूद ने विस्तार से जवाब दिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**बुद्धिमान** मनुष्य अपनी हानि पर कभी नहीं रोते, बल्कि साहस के साथ उसकी क्षतिपूर्ति में लग जाते हैं।

-विष्णु शर्मा

संपादकीय

# चढ़ावे की हिफाजत जरूरी

मंदिरों में जाकर श्रद्धालु नतमस्तक होते हैं, मन्नत मांगने या पूरी होने पर श्रद्धापूर्वक दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। यह धन किसी व्यक्ति विशेष की संपत्ति नहीं होता, वरन धार्मिक व्यवस्था, जनकल्याण और मंदिर से जुड़े कार्यों के लिए भक्तों की आस्था का प्रतीक होता है। ऐसे में जब मंदिरों में चढ़ावे की चोरी या अनियमितताओं के मामले सामने आते हैं तो यह आर्थिक अपराध के साथ-साथ श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाने वाला विषय बन जाता है।

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़ी कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दान की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। एक के बाद एक सामने आ रही घटनाओं ने यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या देश के अन्य मंदिरों में भी ऐसी अनियमितताएं हो रही हैं, जिनकी जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं हो पाई है। निश्चित रूप से इन मामलों को सामने लाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और न्यायपालिका ऐसी संस्थाएं हैं, जो व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और गलत कार्यों पर अंकुश लगाने का काम करती हैं।

किसी भी चोरी को उसके मूल्य के आधार पर छोटा या बड़ा नहीं माना जा सकता। चाहे चोरी 100 रुपए की हो, 500 की, 1000 की या करोड़ों रुपए की, अपराध का स्वरूप वही रहता है। अयोध्या मामले में यदि कथित चोरी की राशि को कुछ लोग सीमित बताकर उसकी गंभीरता कम करने का प्रयास करते हैं, तो यह उचित नहीं है। असली प्रश्न राशि का नहीं, अपितु उस विश्वास का है जिसके आधार पर श्रद्धालुओं ने अपनी मेहनत की कमाई भगवान के चरणों में अर्पित की थी। उस विश्वास को चोट पहुंचना ही सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

मंदिरों में आने वाला दान श्रद्धालुओं की आस्था और समर्पण का परिणाम होता है। कोई व्यक्ति अपनी मनोकामना पूरी होने पर, कोई सामाजिक भावना से और कोई धार्मिक विश्वास के कारण दान करता है। ऐसे में यदि वही धन चोरी, गबन या किसी अन्य अनियमितता का शिकार होता है तो इससे लोगों के मन में निराशा पैदा होना स्वाभाविक है। इसलिए मंदिरों के प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है।

अयोध्या मामले की जांच अभी जारी है और जांच एजेंसियों को निष्पक्ष तरीके से पूरे मामले की तह तक जाना चाहिए। जांच पूरी होने से पहले किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा जल्दबाजी में बयानबाजी करना उचित नहीं है। ऐसे संवेदनशील विषयों पर राजनीति से ऊपर उठकर तथ्यों और कानून के आधार पर बात होनी चाहिए। नेताओं के गैर-जिम्मेदार बयान अक्सर वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटका देते हैं और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं।

अयोध्या के बाद केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिर समितियों से जुड़े दान संबंधी आरोप भी चर्चा में आए हैं। गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर में नकदी चोरी की घटना सीसीटीवी में सामने आने की खबरों ने भी चिंता बढ़ाई है। वहीं, माता वैष्णो देवी मंदिर में चढ़ाए गए चांदी के सामान की गुणवत्ता और कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायतें सामने आई हैं, जिनकी जांच की प्रक्रिया चल रही है। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में भी चढ़ावे की गिनती को लेकर सवाल उठे हैं। ऐसे मामलों से स्पष्ट है कि मंदिरों की संपत्ति की सुरक्षा और प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है।

हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी मंदिरों के दानपात्रों में दोहरी लॉकिंग व्यवस्था लागू करना एक सराहनीय कदम है। इस व्यवस्था में दानपात्र खोलने के लिए दो अलग-अलग पक्षों के पास चाबियां होती हैं, जिससे किसी एक व्यक्ति द्वारा गड़बड़ी की संभावना कम हो जाती है। अन्य राज्यों में भी इस तरह की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने पर विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा नियमित ऑडिट, सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल दान व्यवस्था और स्वतंत्र निगरानी तंत्र भी मंदिरों की संपत्ति की सुरक्षा में सहायक हो सकते हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय हॉकी का सितारा

**भारतीय** हॉकी के इतिहास में धनराज पिल्लै का नाम संघर्ष, प्रतिभा और जुनून के प्रतीक के रूप में लिया जाता है। अपनी तेज गति, बेहतरीन ड्रिब्लिंग और गोल करने की अद्भुत क्षमता के कारण उन्होंने देश ही नहीं, बल्कि विदेशी हॉकी मैदानों पर भी अपनी अलग पहचान बनाई। वे भारतीय हॉकी के उस दौर के प्रमुख खिलाड़ी रहे, जिन्होंने इस खेल को नई ऊर्जा और पहचान दी।



धनराज पिल्लै
जन्म : 16 जुलाई, 1968

धनराज पिल्लै का जन्म 16 जुलाई 1968 को महाराष्ट्र के खड़की में तमिल परिवार में हुआ। उनके पिता नागालिंगम पिल्लै ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री में ग्राउंड्समैन थे। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद धनराज ने बचपन से ही हॉकी के प्रति गहरा लगाव रखा। खिड़की की कॉलोनी के मैदानों में अभ्यास करते हुए उन्होंने अपनी प्रतिभा को निखारा और महान खिलाड़ी मोहम्मद शाहिद की खेल शैली से प्रेरणा ली।

बाद में वे मुंबई आए और अपने बड़े भाई रमेश पिल्लै के मार्गदर्शन में हॉकी के क्षेत्र में आगे बढ़े। उनकी प्रतिभा को पहचान मिली और उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा से जुड़कर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 1989 में नई दिल्ली में आयोजित एल्विन एशिया कप से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने लगभग 15 वर्षों तक भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। धनराज पिल्लै का अंतरराष्ट्रीय करियर दिसंबर 1989 से अगस्त 2004 तक रहा। इस दौरान उन्होंने 339 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वे चार ओलंपिक खेलों (1992, 1996, 2000 और 2004), चार विश्व कप (1990, 1994, 1998 और 2002), चार चैंपियंस ट्रॉफी और चार एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने 1998 के एशियाई खेलों और 2003 के एशिया कप में स्वर्णिम सफलता हासिल की। 2002 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला। 1994 के हॉकी विश्व कप के दौरान वे वर्ल्ड इलेवन में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बने।

कविता



## सरकार

राकेश, 'रुखसार' केसीसी बैंक, आंचलिक कार्यालय, नगरोटा बगवां

**मुझे** कार कहो या सरकार, चलती रहती हूं।
बेटी हूं मुरादों से हासिल हुई पलती रहती हूं।
फितरत मेरी जो कल थी, आज भी कायम है।
आवाम चुनती है भरोसे से और मैं छलती रहती हूं।
कुछ साथी छोड़ते हैं तो कुछ दूसरे खेमे से आ जाते हैं। सियासत हूं, दिल नहीं, दल भी बदलती रहती हूं।
मेरे लिबास का लहजा समझेगा कौन यहां, रुखसार।
सफेदी का सहारा लिए कालिख मलती रहती हूं।
वादों की रोशनी में खुली आंखों खबाब बहुत दिखाती हूं। वक्त बदलते ही मगर शक्ल बदलती रहती हूं।
तख्त ओ ताज बचाने की खातिर उसूल गिरवी रख देती हूं।
हर रोज नए समझौतों में ढलती रहती हूं।
जनता मेरे फैसलों पर आपसी बहस में ही खुश है।
मैं हर नए दौर में फिर मस्ती से संभलती रहती हूं।
मुझे कार कहो या सरकार, चलती रहती हूं।
बगैर तालीम के चालकों के हाथों सरकती रहती हूं।

# राम मंदिर दान लूट... आस्था, जवाबदेही और कुतर्क



निर्मल रानी
स्वतंत्र स्तंभकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रभु श्री राम मंदिर, अयोध्या में दान व चढ़ावे के पैसों व बहुमूल्य वस्तुओं की कथित लूट जैसे शर्मनाक कृत्य की चौतरफा निंदा की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी चंदा व चढ़ावा चोरी मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार को ओर से गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) को अब तक हुई जांच की रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और घोर निंदनीय बताते हुए कहा है कि दानपात्र से हुई चोरी ने 'पूरे हिंदू समाज' और राम भक्तों की श्रद्धा और भावनाओं को गहरी चोट पहुंचाई है जिससे संघ परिवार भी पूरी तरह आहत है। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि इस 'महापाप' में शामिल हर एक दोषी को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए और चंदे की पवित्रता से कोई समझौता नहीं हो सकता। संघ ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि आस्था का मामला है, परंतु सुप्रीम कोर्ट व संघ की चिंताओं से इतर एक वर्ग ऐसा भी है जो इस बेहद अफसोसनाक मामले पर भी राजनीति का ऐसा लेप चढ़ाने की कोशिश कर रहा है जिससे विषय की गंभीरता को कम किया जा सके और भक्तों का ध्यान दूसरी तरफ भटकाया जा सके। उदाहरणार्थ राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की कथित चोरी के मामले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर सनातन धर्म, राम भक्तों की आस्था और अयोध्या की छवि को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने का गंभीर आरोप लगाया है। योगी ने कहा कि विपक्ष एक 'छोटी सी घटना' को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भारत की आस्था, अयोध्या की विरासत और प्रभु राम के नाम पर हमला करने का जैसे 'ठेका' ले रखा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, वे आज मंदिर के चंदे के नाम पर मचल रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, वे आज राम मंदिर की पवित्रता पर सवाल उठा रहे हैं? मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की गलती की वजह से पूरे ट्रस्ट या अयोध्या को कटघरे में खड़ा करना गलत है।

उधर, स्वयं को 'हिंदू रक्षा दल' का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाला गाजियाबाद का एक व्यक्ति जिसने एक सार्वजनिक लंगर के दौरान एक मुस्लिम व्यक्ति हाथों से प्रसाद की थाली




यह कहकर छीन ली थी कि 'यह लंगर मुल्लाओं के लिए नहीं'। इसी व्यक्ति ने अब राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की चोरी के मामले पर बेहद विवादित और अजीबोगरीब बयान दिया है।

उसने इस मामले में आरोपियों का एक तरह से बचाव करते हुए कहा कि मंदिर हमारा है, चंदा हमारा है और अगर हमारे ही लोगों अर्थात हिंदुओं ने पैसा ले भी लिया है, तो विपक्ष या दूसरों को इससे क्या परेशानी है? दूसरों को क्यों मिर्ची लग रही है? इसने तर्क दिया कि राम मंदिर में चंदा या दान देने वाले लोग भी भगवान राम में अटूट विश्वास रखते हैं और जिन लोगों ने यह पैसा निकाला है, वे भी भगवान राम के ही भक्त हैं। उसने कहा कि भगवान राम के आशीर्वाद से ही दान का कुछ पैसा उन आरोपियों के घरों तक पहुंचा है, इसलिए इस पर किसी को भी सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है, 'हिंदुओं का पैसा तो हिंदुओं के पास ही रहा'? उस ने उल्टे विरोधियों से ही सवाल पूछा कि 'तुमने राम मंदिर में कितना चंदा दिया है?' उसके अनुसार 'जिन्होंने मंदिर में एक रुपया भी दान नहीं दिया, उन्हें इस मुद्दे पर बोलने या सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है।' चंदा लूट व चोरी को जायज ठहराने वाली और भी कई बातें इस शख्स ने कीं।

इसी तरह अयोध्या के ही तपस्वी छावनी के पीठाधीश जगतगुरु परमहंस आचार्य ने इस मामले में आरोपियों की सजा को लेकर एक जातिगत और पक्षपातपूर्ण व विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी टिन्नू यादव को तो फांसी की सजा होनी चाहिए, जबकि मामले में शामिल अन्य कथित उच्च जाति के अन्य आरोपियों अनुकल्प मिश्रा, अविनाश शुक्ला, लवकुश मिश्रा व करुणेश पांडे का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि 'बाकी सबको छह-छह महीने की सजा देकर छोड़ देना चाहिए।' उनके इस जातिगत दुर्भावनापूर्ण बयान की भारी आलोचना हुई कि वे आस्था की इस बड़ी लूट में शामिल विशेष जाति के आरोपियों को केवल छह महीने की मामूली सजा देकर रफा-दफा करना चाहते हैं। इसी तरह सोशल मीडिया पर भी भारतीय जनता पार्टी और दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़े कुछ कट्टरपंथियों और समर्थकों द्वारा इस विमर्श को बढ़ावा दिया जा रहा है कि 'हम (हिंदू) आपस में निपट लेंगे'।

विपक्ष के अनुसार 'भाजपा के गुर्गे' मैदान में उतर आए हैं, जो कह रहे हैं कि 'यह भाजपा, आरएसएस और राम भक्तों का निजी मामला है, उन्होंने ही चंदा दिया है, उन्होंने ही लिया है और वे आपस में निपट लेंगे'। इसमें किसी तीसरे या गैर-हिंदू को बोलने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोगों का तर्क है कि चंदा चोरों पर सबसे ज्यादा विपक्ष और गैर-हिंदू नेता छाती पीट रहे हैं। कुछ लोग तो यह कुतर्क भी दे रहे हैं कि यदि एक हिंदू भाई के पैसे का सुख दूसरा हिंदू भाई ले रहा है, तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस नैरेटिव की चौतरफा आलोचना हो रही है और मंदिर चंदा लूट को 'आपसी मामला' बताने में लगे हुए हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# हमीरपुर जिले की ऐतिहासिक पहचान का गौरव ताल और महल



राजन कुमार शर्मा
गांव डुगली, उप तहसील लंबलू, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जनपद की धरती इतिहास, लोकसंस्कृति और प्राचीन सभ्यता की अनेक अमूल्य धरोहरों को अपने भीतर समेटे हुए है। इन्हीं धरोहरों में ताल और महल ऐसे ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनका अतीत इस क्षेत्र की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक यात्रा का महत्वपूर्ण अध्याय प्रस्तुत करता है। महल में आज भी विद्यमान प्राचीन गढ़ (किले) के अवशेष बीते समय की सामरिक शक्ति और स्थानीय शासकों की विरासत के साक्षी हैं, जबकि ताल सदियों तक व्यापार, आवागमन, आस्था और जनजीवन का प्रमुख केंद्र बना रहा। इन दोनों स्थलों का इतिहास केवल ईंट-पत्थरों या पुराने अभिलेखों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय लोककथाओं, जनश्रुतियों और सांस्कृतिक स्मृतियों में भी समान रूप से जीवित है। समय के प्रवाह में अनेक परिवर्तन आने के बावजूद ताल और महल ने अपनी ऐतिहासिक पहचान को सहेजकर रखा है। आज भी ये स्थल न केवल अतीत की गौरवगाथा का स्मरण कराते हैं, बल्कि हिमाचल की समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक निरंतरता और ऐतिहासिक चेतना के जीवंत प्रतीक के रूप में नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

प्राचीनकाल से ही ताल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां लगने वाले पारंपरिक बाजार केवल वस्तुओं के लेन-देन तक सीमित नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक मेल-मिलाप, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोक परंपराओं के संरक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र भी हुआ करते थे। ऐतिहासिक दृष्टि से हमीरपुर क्षेत्र प्राचीन त्रिगर्त जनपद और बाद में कांगड़ा रियासत के प्रभाव क्षेत्र का हिस्सा रहा है। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में ताल ने भी समय-समय पर प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में अपनी पहचान



बनाई। आसपास के गांवों के लोगों के लिए यह क्षेत्र व्यापार, आवागमन और संपर्क का प्रमुख पड़ाव रहा। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में भी यहां के लोगों ने राष्ट्रीय चेतना से जुड़कर अपनी भूमिका निभाई। यहां की लोक संस्कृति, धार्मिक आयोजन, पारंपरिक मेले और लोक कलाएं आज भी क्षेत्र की विशिष्ट पहचान को बनाए हुए हैं। गांवों में गूंजते लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और सामुदायिक उत्सव हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह क्षेत्र शिवालिक पर्वतमाला की गोद में बसा होने के कारण कृषि, ग्रामीण जीवन और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

वहीं, ताल से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित महल गांव इस ऐतिहासिक गाथा का दूसरा महत्वपूर्ण अध्याय है। यहां मौजूद प्राचीन गढ़ के अवशेष इस बात के प्रमाण हैं कि कभी यह क्षेत्र प्रशासनिक और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा होगा। समय के थपेड़ों ने किले का अधिकांश भाग भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन शेष अवशेष आज भी इतिहास प्रेमियों और शोधकर्ताओं को उस गौरवशाली काल की याद दिलाते हैं।

महल और ताल का संबंध केवल दूरी तक सीमित नहीं है। संभवतः महल जहां शासन और सुरक्षा का केंद्र रहा होगा, वहीं ताल व्यापार और जनजीवन की गतिविधियों का प्रमुख स्थल रहा होगा। निकटवर्ती प्राचीन धार्मिक स्थलों, पुराने संपर्क मार्गों और स्थानीय जनश्रुतियों से भी इस क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्ता स्पष्ट होती है।

पुराने समय में इन मार्गों से कृषि उपज, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का व्यापार होता था, जिसने ताल को एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया। आज आधुनिक परिवहन, शिक्षा और व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार के साथ ताल नए विकास की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, विकास के साथ-साथ इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण भी आवश्यक है। महल के किले के अवशेषों और ताल की विरासत का वैज्ञानिक सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और संरक्षण किया जाए तो यह क्षेत्र सांस्कृतिक पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पीओजेके में फिर उबाल: क्या असंतोष की जड़ें अब और गहरी हो चुकी हैं ?



अजीत कुमार सिंह
वरिष्ठ फेलो, इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) एक बार फिर गंभीर अशांति की चपेट में है। प्रदर्शन, हिंसक झड़पें, इंटरनेट सेवाओं पर रोक, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती इस बात का संकेत हैं कि क्षेत्र में असंतोष अब केवल एक अस्थायी कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं रह गया, बल्कि यह राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौतियों का जटिल स्वरूप धारण कर चुका है।

हालिया घटनाओं में सुरक्षाबलों और संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) के समर्थकों के बीच हुई हिंसा में कई लोगों की जान गई और दर्जनों घायल हुए। घटना को लेकर दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। प्रशासन का कहना है कि हिंसा भीड़ के हमले से शुरू हुई, जबकि प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई के बाद हालात बिगड़े। ऐसे विरोधाभासी दावे इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बनाते हैं।

वर्तमान आंदोलन की सबसे बड़ी वजह पीओजेके विधानसभा में उन 12 आरक्षित सीटों को बताया जा रहा है, जो 1947 और 1965 के बाद पाकिस्तान में बसे जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों के लिए निर्धारित हैं। प्रदर्शनकारी मानते हैं कि इन सीटों के कारण स्थानीय राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रभावित होता है और इस क्षेत्र के निर्णयों पर इस्लामाबाद का प्रभाव बढ़ता है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने इन सीटों को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त होने की बात कही है, जिससे विवाद और अधिक गहरा गया है।

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में हुए आंदोलन के बाद सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच एक समझौता हुआ था, जिसमें मुआवजा, आर्थिक राहत, प्रशासनिक सुधार और विकास संबंधी कई वादे किए गए थे। इसके बावजूद यदि आज फिर व्यापक



विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, तो यह संकेत देता है कि या तो समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हुआ या फिर लोगों की मूल समस्याओं का समाधान नहीं हो सका।

विश्लेषकों का मानना है कि पीओजेके में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, ऊर्जा संकट, कमजोर सार्वजनिक सेवाएं और राजनीतिक भागीदारी को लेकर असंतोष लगातार जनाक्रोश को बढ़ावा दे रहे हैं। जो आंदोलन पहले केवल आर्थिक मुद्दों तक सीमित थे, वे अब राजनीतिक अधिकारों, स्थानीय स्वायत्तता और शासन व्यवस्था पर केंद्रित होते जा रहे हैं। जुलाई 2026 में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले पीओजेके में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता का मुद्दा और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। लंबे समय से चले आ रहे असंतोष, आर्थिक चुनौतियों और प्रशासनिक मुद्दों के बीच जनता का विश्वास बनाए रखना किसी भी शासन के लिए बड़ी चुनौती होती है। ऐसे समय में केवल नियंत्रण और सुरक्षा उपायों पर निर्भर रहने के बजाय संवाद, पारदर्शिता और जनभागीदारी को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

प्रशासन का दायित्व है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों, शांतिपूर्ण अभिव्यक्ति और जनभावनाओं का सम्मान सुनिश्चित करे। किसी भी क्षेत्र में स्थायी शांति तभी स्थापित हो सकती है, जब लोगों को अपनी समस्याएं रखने और समाधान की प्र, या में शामिल होने का अवसर मिले।

पीओजेके की मौजूदा परिस्थितियां यह स्पष्ट करती हैं कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक और सामाजिक असंतोष का समाधान केवल सुरक्षा व्यवस्था से संभव नहीं है। इसके लिए प्रभावी प्रशासन, आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर, बेहतर नागरिक सुविधाएं और जनता के साथ विश्वास का मजबूत रिश्ता जरूरी है। यदि इन पहलुओं पर गंभीरता से काम किया जाए तो तनाव कम किया जा सकता है और क्षेत्र में स्थिरता का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

आने वाले समय में प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वे विरोध और असंतोष को टकराव के बजाय संवाद के माध्यम से हल करने का प्रयास करेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंगदान महादान : मृत्यु के बाद भी अनेक जीवनों को नई उम्मीद




मुकेश विग
किशन निवास, सोलन नियर जिम, हिमाचल प्रदेश
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

'अंगदान करने वाले कभी नहीं मरते, क्योंकि उनके अंग किसी और के जीवन में धड़कते रहते हैं।' यह कथन केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि वास्तविकता है। अंगदान एक ऐसा महान कार्य है जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है और कई परिवारों में फिर से खुशियां लौटा सकता है।

हिमाचल प्रदेश के सोलन के शामती निवासी 26 वर्षीय व्याख्याता योगेश की सड़क दुर्घटना के बाद पीजीआई चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई। इस गहरे दुख के समय उनके पिता पूरन चंद ने साहस का परिचय देते हुए उनके अंगदान का निर्णय लिया। योगेश के लिवर, दोनों गुर्दे और पैनक्रियाज (अग्न्याशय) का प्रत्यारोपण कर तीन मरीजों को नया जीवन मिला। यह निर्णय न केवल मानवीय संवेदना का उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी है। इसी प्रकार अबोहर के छात्र करण की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके परिवार ने भी ब्रेन डेड घोषित होने पर अंगदान का निर्णय लिया। करण के दोनों गुर्दे, अग्न्याशय और अन्य अंग जरूरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपित किए गए। परिवार ने अपने व्यक्तिगत दुख से ऊपर उठकर मानवता की सेवा का संदेश दिया। ऐसे कार्य दानवीर कर्ण और महर्षि दधीचि की त्याग परंपरा की याद दिलाते हैं, जिन्होंने दूसरों के कल्याण के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया था।

हैदराबाद के सात वर्षीय यशवंत के परिवार ने भी दुर्घटना के बाद उसके दो गुर्दे, लिवर, दोनों कॉर्निया और हार्ट वाल्व दान कर छह लोगों को नया जीवन दिया। इस निर्णय की व्यापक सराहना हुई और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण माना गया। इसी तरह नागपुर की छह वर्षीय आकांक्षा के गुर्दों के प्रत्यारोपण से एक अन्य बच्ची का जीवन बचाया गया।

भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में हजारों मरीज अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर



रहे हैं। कई रोग ऐसे होते हैं जिनका उपचार केवल अंग प्रत्यारोपण से ही संभव है। समय पर उपयुक्त अंग न मिलने के कारण अनेक मरीज अपनी जान गंवा देते हैं। यदि अधिक लोग अंगदान के लिए आगे आएं, तो असंख्य जीवन बचाए जा सकते हैं।

अंगदान के साथ-साथ नेत्रदान, रक्तदान और देहदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। नेत्रदान से दृष्टिहीन व्यक्ति संसार को देख सकता है। रक्तदान किसी गंभीर रोगी या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचा सकता है। वहीं, देहदान से मेडिकल विद्यार्थियों को मानव शरीर का अध्ययन करने का अवसर मिलता है, जिससे वे कुशल चिकित्सक बनकर भविष्य में लाखों लोगों की सेवा करते हैं। अंगदान केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता के प्रति सर्वोच्च जिम्मेदारी का निर्वाह है।

यह मृत्यु के बाद भी जीवन का अर्थ प्रदान करता है। जो व्यक्ति अपने अंग दान करता है, वह वास्तव में अनेक लोगों के जीवन में आशा, स्वास्थ्य और खुशियां छोड़ जाता है। समाज को चाहिए कि वह अंगदान से जुड़े भ्रमों को दूर करे और लोगों को इसके लिए जागरूक बनाए। बहरहाल, कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अंगदान महादान है। यह ऐसा दान है जो किसी का जीवन बचाकर मानवता की सबसे बड़ी सेवा करता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अंगदान का संकल्प ले और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे, तो हजारों परिवारों को नया जीवन और नई उम्मीद मिल सकती है। वास्तव में, अंगदान करने वाले कभी नहीं मरते; वे उन लोगों के जीवन में हमेशा जीवित रहते हैं जिन्हें उन्होंने जीवन का अनमोल उपहार दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सहारा योजना की लंबित राशि जल्द होगी जारी: शांडिल

## बोले, स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ बढ़ा, आधुनिक सुविधाओं का विस्तार तेज, रोबोटिक सर्जरी व आधुनिक मशीनों पर सरकार का फोकस

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में तेजी से काम करते हुए अस्पतालों में मानव संसाधन, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया है। सरकार का दावा है कि पिछले ढाई वर्षों में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे मरीजों को बेहतर और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साथ ही सहारा योजना और हिमकेयर से जुड़े लंबित मामलों के समाधान के लिए भी सरकार सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है।

शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सरकार बनने के समय स्वास्थ्य विभाग में केवल 35 से 36 प्रतिशत स्टाफ उपलब्ध था, जबकि अब यह बढ़कर 80 से 85 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि जहां अभी भी स्टाफ की कमी है, वहां चरणबद्ध तरीके से नियुक्तियां की जा रही हैं ताकि प्रदेश के प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 70 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को विकसित किया जा रहा है, जिनमें से 50 से अधिक में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हो चुकी है। शेष संस्थानों में भी शीघ्र तैनाती की जाएगी। इन अस्पतालों में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं। दूरदराज और सीमांत क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए वहां पहले स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि अब तक 300 से अधिक मेडिकल अधिकारियों के पद भर जा चुके हैं तथा 200 से अधिक नए पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को मांग भेजी जाएगी। स्टाफ नर्सों के 200 पदों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। इसके अतिरिक्त 37 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में नई एक्स-रे मशीनों तथा 22 संस्थानों में अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित की जा रही हैं। पिछले एक वर्ष में स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण एवं विकास कार्यों पर लगभग 325 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए रोबोटिक सर्जरी की सुविधा विकसित की जा रही है।

आईजीएमसी शिमला, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाणा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा तथा नेरचौक मेडिकल कॉलेज में इसकी व्यवस्था स्थापित की जा चुकी है। वहीं हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में भी इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। आईजीएमसी सहित विभिन्न संस्थानों में अत्याधुनिक सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे, पीईटी-सीटी और 3-टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित की गई हैं।

- प्रदेश के अस्पताल किए जाएंगे और आधुनिक
- स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में जुटी सरकार
- 70 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों के विकास पर फोकस
- आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का हो रहा विस्तार
- हिमाचल की स्वास्थ्य सेवाओं को मिल रही नई पहचान



शिमला में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

### हिमकेयर व आयुष्मान के करोड़ों रुपए भी चरणबद्ध तरीके से मिलेंगे: स्वास्थ्य मंत्री

**स्वास्थ्य** मंत्री ने कहा कि सहारा योजना के भुगतान में विभागीय बदलाव और दस्तावेजी प्रक्रियाओं के कारण कुछ विलंब हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पात्र लाभार्थियों की लंबित राशि एक सप्ताह के भीतर जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिमकेयर के तहत लगभग 425 करोड़ व आयुष्मान योजना के तहत लगभग 235 करोड़ का भुगतान लंबित है, जिसे चरणबद्ध तरीके से जारी किया जाएगा।

### मेडिकल बिलों में अनियमितता पर सरकार सख्त

**धनीराम** शांडिल ने स्पष्ट किया कि कुछ निजी अस्पतालों में उपचार और मेडिकल बिलों में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद सरकार ने फिलहाल उन्हें हिमकेयर योजना से बाहर रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पूरी पारदर्शिता के साथ आम लोगों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# शिमला में दो तस्कर 7 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए चिट्टा सप्लाई से पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। स्पेशल सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से करीब सात ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल को 14 जुलाई को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति चंडीगढ़ से हेरोइन लेकर शिमला पहुंचे हैं और नए बस स्टैंड क्षेत्र में इसकी सप्लाई करने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी।

कुछ देर बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार दोनों संदिग्धों को रोककर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक की सीट के नीचे छिपाकर रखी गई करीब सात ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के तुरंत बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बालूगंज थाना में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है ताकि उनसे गहन पूछताछ की जा सके। प्रारंभिक जांच में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद हेरोइन कहां से लाई गई थी, इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं और शिमला में किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जानी थी। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच सभी पहलुओं से आगे बढ़ाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव का दिया निमंत्रण



सीएम सुक्खू को अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव का निमंत्रण देते हुए।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैयर ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विधायक ने महोत्सव की तैयारियों और आयोजन से जुड़ी जानकारी भी मुख्यमंत्री के साथ साझा की। अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव का आयोजन 26 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक चंबा में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि मिंजर महोत्सव हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर चंबा के उपायुक्त मुकेश रैपसवाल भी उपस्थित रहे।

# महापौर सुरेंद्र ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) में जलापूर्ति प्रभावित होने की सूचना के बाद बुधवार को शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान स्वयं अस्पताल पहुंचे और मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से पानी की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में पानी की कमी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जा सकती और मरीजों के उपचार पर इसका कोई असर नहीं पड़ना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित विभागों को अस्पताल में नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों, उनके परिजनों और स्वास्थ्य कर्मियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। साथ ही संभावित जल संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखने को कहा गया।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर निगम और संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं तथा अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

# सरकार की नाकामियों को लेकर जाएंगे जनता के बीच: डॉ. बिंदल


अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान छेड़ने की रणनीति तैयार करते हुए चार्जशीट समिति व जन आंदोलन समिति का गठन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में जनता से किए गए वादे पूरे नहीं किए, विकास कार्य प्रभावित हुए और प्रदेश आर्थिक व प्रशासनिक संकट की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार व प्रशासनिक विफलताओं को जनता के बीच लेकर जाएगी।



डॉ. बिंदल ने बताया कि सरकार की नाकामियों, अधूरे वादों और जनविरोधी निर्णयों का तथ्यात्मक दस्तावेज तैयार करने के लिए गठित चार्जशीट समिति में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, विधायक रणधीर शर्मा, विक्रम ठाकुर, सुधीर शर्मा, बलवीर वर्मा, पायल वैद्य, त्रिलोक जमवाल और राजेंद्र राणा सहित वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। समिति सरकार के कार्यकाल से जुड़े विभिन्न मुद्दों का संकलन कर उसे जनता के सामने प्रस्तुत करेगी। भाजपा ने प्रदेशभर में जनजागरण, धरना-प्रदर्शन, जनसंपर्क अभियान और आंदोलन की रणनीति को प्रभावी बनाने के लिए अलग से जन आंदोलन समिति का भी गठन किया है। इस समिति में जयराम ठाकुर, सुरेश कश्यप, डॉ. राजीव भारद्वाज, कंगना रनौत, विपिन परमार, पवन काजल, विनोद कुमार, बिहारी लाल शर्मा, राकेश जम्वाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के आंदोलनात्मक कार्यक्रमों का संचालन करेगी।

# बाल कैंसर की जल्द पहचान को लेकर आशा वर्करों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दीन दयाल उपाध्याय जोनल अस्पताल शिमला में बुधवार को आशा वर्करों के लिए बाल कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल रांटा ने कहा कि बच्चों में कैंसर के शुरुआती लक्षणों की समय रहते पहचान होने पर उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने आशा वर्करों से अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध लक्षण वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने और अभिभावकों को समय पर जांच व इलाज के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के दौरान आशा वर्करों को बच्चों में कैंसर के प्रमुख शुरुआती संकेतों, समय पर चिकित्सकीय जांच की आवश्यकता और ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य आशा वर्करों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश के हर क्षेत्र में बाल कैंसर के मामलों की जल्द पहचान सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सके।

# क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर वर्मा ने किया पुराने बस अड्डे का औचक निरीक्षण



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर वर्मा ने बुधवार को शिमला के पुराने बस अड्डे का औचक निरीक्षण कर परिवहन व्यवस्था का व्यापक जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बसों की समयबद्ध आवाजाही, निर्धारित समय-सारणी के पालन और यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने बस अड्डे पर मौजूद यात्रियों से सीधे संवाद कर चालक और परिचालकों के व्यवहार, टिकट व्यवस्था तथा यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में फीडबैक लिया। यात्रियों की ओर से मिले सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने सेवाओं में लगातार सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक ने बसों में उपयोग की जा रही इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की भी जांच की और संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन कर संचालन व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और बेहतर परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एचआरटीसी प्रबंधन का कहना है कि ऐसे औचक निरीक्षण नियमित रूप से किए जा रहे हैं ताकि परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ यात्रियों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# उद्योग मंत्री ने खुद खोली बैकडोर भर्ती की पोल: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्बाल ने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा से भ्रष्टाचार के सबूत मांगने से पहले मंत्री अपने उस सार्वजनिक बयान का जवाब दें, जिसमें उन्होंने स्वयं अपनी सिफारिश से 700 लोगों को रोजगार दिलाने का दावा किया था। यदि यह दावा सही है तो यह प्रदेश में बैकडोर भर्ती का सबसे बड़ा उदाहरण और कांग्रेस सरकार की कथनी-करनी का खुला विरोधाभास है। राकेश ने कहा कि उद्योग मंत्री प्रदेश की जनता को यह बताएं कि आखिर उनकी सिफारिश से 700 लोगों को किस नियम, किस प्रक्रिया और किस चयन प्रणाली के तहत रोजगार मिला? यदि नियुक्तियां पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट के आधार पर हुई हैं तो मंत्री अपनी व्यक्तिगत सिफारिश का श्रेय क्यों ले रहे हैं? और यदि वास्तव में उनकी सिफारिश पर रोजगार मिला है तो यह बैकडोर भर्ती का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हर मंच से आउटसोर्स भर्ती और बैकडोर एंट्री का विरोध करने का दावा करते हैं, जबकि उनके ही उद्योग मंत्री सार्वजनिक मंच से अपनी सिफारिश पर 700 लोगों को रोजगार दिलाने की बात स्वीकार कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार बताए कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री की बात पर विश्वास करे या उद्योग मंत्री की स्वीकारोक्ति पर? जम्बाल ने कहा कि यदि प्रदेश में नौकरियां मंत्री और नेताओं की सिफारिश से ही दी जानी थीं तो फिर पूर्व की चयन व्यवस्था को समाप्त कर नया चयन आयोग बनाने का नाटक क्यों किया गया?


## कार्यालय ग्राम पंचायत पिहड़ बेंडलू
(विकास खंड चौतड़ा तहसील लड़ भडोल जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

**प्रस्ताव संख्या (03):- वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे :-**
आज दिनांक **08/07/2026** को सर्वसम्मती से प्रस्ताव पारित गया कि ग्राम पंचायत पिहड बेंडलू विकास खंड चौन्तडा, तहसील जोगिन्दर नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) के वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के कार्यों की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी है, जिसमें वस्तुओं/सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है :-
1.क्रशर रेत (धुली हुई) PER CUM. 2). प्लस्टर क्रशर रेत (धुली हुई) PER CUM, 3). क्रशर एग्रीगेट 10/20/40 मिमी मिक्स (धुला हुआ) PER CUM, 4). ईंटें (1st & 2nd class) (EACH). 5). पत्थर PER CUM. 6) बोल्डर PER CUM. 7). सीमेंट ढुलाई (सिविल सप्लाई स्टोर से पंचायत स्टोर/साईट तक (लोडिंग और अनलोडिंग सहित) PER BAG, 8). 90 मिमी या 90x63 मिमी साइज के क्रशर सोलिंग स्टोन PER CUM. 9). स्टील टाटा या कामधेनु या अन्य प्रतिष्ठित ब्रांड (PER KG), 10). साइन बोर्ड (कंक्रीट), 2x3 साइन बोर्ड (स्टील) (EACH), 11). 4x3 (स्टील), दीवार पेंटिंग, कंक्रीट मिक्सचर, पेवर ब्लॉक (बिछाना और जोड़ना) (PER SQFT.) 12). शटरिंग (स्टील/wooden/रास्ता शटरिंग) (PER RMT/SQFT.). 13. टाइल्स (बिछाना और जोड़ना) (PER SQM.), 14). अर्थकटिंग मशीन लोडर कम लोडर (PER HRS.), 15). ब्रेकर (PER HRS.). 16). सामग्री परिवहन के लिए टिपर/ट्रेक्टर/जीप किराया प्रतिदिन, 17). जेसीबी (सॉफ्ट/ जम्पर / हार्ड कटिंग कार्य) PER CUM, 18). एंगल/चैनल सप्लाई (PER KG.). 19). वेल्डिंग कार्य के लिए लेबर रेट (PER KG.). 20). सीजीआई शीट रूफिंग विधाना (PER. SQFT.). 21). मिक्सचर (प्रति दिन) शुल्क, 22). 300 मिमी 600 मिमी 900 मिमी व्यास के NP2/NP3 Humepipe (PER RMT) की आपूर्ति. 23) पंचवटी पार्क हेतु OPEN ZYM की सामग्री (EACH), 24). आयरन व प्लास्टिक डस्टबिन (EACH), 25). कास्ट आयरन बैंच (EACH) 26). सीमेंट बैंच (EACH), 27). segregation shed (EACH), 28). वाटर कूलर (EACH), 29) सोलर लाइट्स (EACH), 30). Tiles (PER SQFT.)etc.
शर्ते :- 1. रेत, बजरी, पत्थर व बोल्डर के M/W/X फॉर्म होना जरूरी है। 2. निविदाकर्ता के पास वैध GST number होना जरूरी है, और मार्च 2026 तक की GST Return की कॉपी निविदा फॉर्म के साथ लगाना जरूरी है, अन्यथा निविदा रदद की जा सकती है। 3. किसी भी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करना, समान दरों की स्थिति में चयन का अधिकार पंचायत के पास रहेगा 4. सफल निविदाकर्ता यदि निर्माण सामग्री समय पर नहीं देता है तो उसकी निविदा को रद कर सकती है. उसके द्वारा धरोहर राशी को जब्त करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। अगले निविदाकर्ता को सप्लाई दी जा सकती है या नया विज्ञापन दिया जा सकता है। 5. सामग्री का राशी का भुगतान तकनीकी सहायक/कनिष्ठ अभियंता की अस्सेसमेंट के बाद ही किया जायेगा।
अतः इच्छुक व्यक्ति /फर्म दिनांक **20/07/2026** तक निविदाएं सील बंद लिफाफे में पंचायत सचिव/प्रधान से जमा करवा दें। **22/07/2026** को पंचायत बैठक में 11 बजे निविदाएं खोली जाएगी। सफल निविदिकर्ता को रू. 25000/- की धरोहर राशी पंचायत के नाम धरोहर राशी के नाम से जमा करनी होगी, धरोहर राशी जमा नहीं करने पर अगले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी। निविदा फीस रुपये 1000 है, जो non-refundable है, निविदा फॉर्म सचिव के पास उपलब्ध है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रोपड़ी पिहड़ बेंहडू, विकास खंड चौतड़ा, जिला मंडी, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी (हि0प्र0)
### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट, मंडी. हि0प्र0 में वर्ष 2026-27 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 18-07-2026 को अपराहन 5:00 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदायें खोलने की दिनांक 20-07-2026 पंचायत द्वारा निर्धारित की गई है व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निर्धारित फ़ार्म सम्बंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किए जा सकते हैं। **सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्ठे) (A.B.C GRADE) प्रति 1000 नम्बर, 4. बजरी 10,20 MM (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40 MM (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8. JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, 9. सैटरिंग (भवन, निर्माण / अन्य) प्रति Sqr मीटर, 10 सामग्री ढुलान (सीमेंट) प्रति किलोमीटर, 11. Mule Carriage प्रति किलोमीटर, 12. Sign Board (3×2, 4*3), प्रति Sqr फीट, 13 Painting & writing of Board, 14 Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy), 15 Sand (Water Bound) With Bound, 16 Aggregate प्रति घन मीटर, 17 Airport 2 Seater waiting chair, Steel, Cemented benches. No., 18. Road Roller per hour. सीमेंट और लोहे के बेंच, सूखा कचरा उठाने व उसे पीएमडब्ल्यू तक पहुँचाने बारे। **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रु. 20,000/- सुरक्षा राशि तथा रु. 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**


# हिमाचल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस-2026 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। स्कूली विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 अगस्त से शुरू होंगे और 25 अगस्त तक चलेंगे। राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन 12 से 14 नवंबर तक किया जाएगा। इस वर्ष भी प्रतियोगिताएं प्रदेश के दो जोन में आयोजित होंगी, जिनमें हजारों विद्यार्थी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और हिमकोस्टे की संयुक्त बैठक में तय की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सदस्य सचिव डॉ. सुरेश सी. अत्री ने की। इस वर्ष चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान और नवाचार' रखा गया है।


**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री अजीत सिंह, ग्राम राजपालवन पोस्ट ऑफिस टटवाली सेंट रे, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश (176058)। ....*प्रार्थी*

**बनाम**

सार्वजनिक, ग्राम राजपालवन सेंट रे, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ...*प्रतिवादी*

**विषय:** राजस्व में पति के नाम में सुधार के लिए आवेदन पत्र।

श्रीमति पुष्पा देवी आयु 48 साल पत्नी स्वर्गीय श्री अजीत सिंह निवासी महाल राजपालवां उपतहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र बावत नाम दरुस्ती हेतु गुजारा है कि प्रार्थीया के पति का नाम राजस्व रिकॉर्ड में जीत सिंह दर्ज है जो की गलत है जबकि उनके पति का नाम आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य रिकॉर्ड में अजीत सिंह दर्ज है जिसे प्रार्थीया आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य रिकॉर्ड के आधार पर जीत सिंह की बजाए अजीत सिंह सही दरुस्त करवाना चाहती है।

अतः सर्व साधारण को इस ईश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थीया उक्त के पति के नाम को दरुस्त करने बारे कोई आपति है तो यह दिनांक 25.07.2026 को प्रातः 10 बजे असालतन या बकालतन हाजिर होकर अपना एतराज लिखित रुप में पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त कोई भी एतराज कावले समायतन न होगा।

**सहायक समाहर्ता, द्वितीय श्रेणी**
**तहसील रे, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सियून विकास खंड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)
### निविदा आमंत्रण सूचना

आज दिनांक 07/07/2026 को ग्राम पंचायत सियून की मासिक बैठक प्रधान श्रीमती अंजना देवी जी की अध्यक्षता में शुरू हुई उपस्थिति कोरम 6/7 रही तथा निम्न कार्यवाही अम्ल में लाई गई। **प्रस्ताव संख्या 5 -: वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की कुटेशनें आमन्त्रित करने बारे** सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु कुटेशनें आमंत्रित की जाती है। कुटेशनें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 25-07-2026 को समय सुबह 11 बजे तक पंचायत कार्यालय सियून में पहुँच जानी चाहिए तथा 25-07-2026 को ही समय 2 बजे दोपहर क्रय कमेटी द्वारा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। अतः सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से सभी फार्मों को जानकारी हेतु प्रेषित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्न है। **सामग्री का विवरण-** 1. रेत केशर- प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रेशर- प्रति घन मीटर, 3. सोलिंग / बोल्डर पत्थर कट स्टोन- प्रति घन मीटर, 4. पक्की ईंटें-प्रति 1000, 5. सामग्री ढुलान पिकअप / ट्रेक्टर व् एनी वाहन- प्रति कि0 मी0, 6. शेटरिंग-प्रति फुट, 7. बिजली का सामान वायरिंग हेतु- प्रति प्वाइंट, 8. JCB मशीन कटिंग हेतु-प्रति घंटा, 9. JCB ब्रेकर-प्रति घंटा, 10. फर्नीचर सामान (कुर्सी, टेबल, गोदरेज)-प्रति एक, 11. डस्टबीन- प्रति एक, 12. पेंट सामन टाइल्स इत्यादि, 13. सीमेंट हाफ कट पाईप-प्रति एक, 14. लकड़ी की चौखट खिड़की / दरवाजे-प्रति घन मीटर, 15. नागरिक सूचना बोर्ड with writing- प्रति एक, 16. पानी की टंकी- प्रति एक, 17. खच्चर ढुलान-प्रति बैग। **नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता द्वारा प्रतिभूति राशी (FD) मु0 30000/- (तीस हजार) रूपये जमा करनी होगी। 2. निविदाएँ केवल सीलबंद लिफाफे में ही कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 3. ठेकेदार के पास खनन विभाग से हस्ताक्षरित M फार्म प्राप्त करवाने होगें। 4. सामग्री का लेन - देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा तथा कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जाएगी। 6. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र में एक ही दर मूल्य देय होगा। 7. सप्लायर यदि समय पर सामग्री उपलब्ध नहीं करवाता है तो उसे गत सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने / बराबर दर रहने की दशा में आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता का चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास रहेगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सियून विकास खंड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रयोह विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)
### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ग्रयोह विकास खण्ड धर्मपुर, मंडी. हि0प्र0 में वर्ष 2026-27 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 23-07-2026 को अपराहन 5:00 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदायें खोलने की दिनांक 25-07-2026 पंचायत द्वारा निर्धारित की गई है व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निर्धारित फ़ार्म सम्बंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किए जा सकते हैं। **सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्ठे) (A.B.C GRADE) प्रति 1000 नम्बर, 4. बजरी 10,20 MM (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40 MM (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8. JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, 9. सैटरिंग (भवन, निर्माण / अन्य) प्रति Sqr मीटर, 10 सामग्री ढुलान (सीमेंट) प्रति किलोमीटर, 11. Mule Carriage प्रति किलोमीटर, 12. Sign Board (3×2, 4*3), प्रति Sqr फीट, 13 Painting & writing of Board, 14 Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy), 15 Sand (Water Bound) With Bound, 16 Aggregate प्रति घन मीटर, 17 Airport 2 Seater waiting chair, Steel, Cemented benches. No., 18. Road Roller per hour. सीमेंट और लोहे के बेंच, सूखा कचरा उठाने व उसे पीडब्लूडी तक पहुँचाने बारे। **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रु.20,000/- सुरक्षा राशि तथा रु.1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ग्रयोह विकास खंड धर्मपुर तहसील धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

# अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, गुड्डी देवी** पत्नी श्री हुकम राम निवासी ग्राम कतमोरीलांज, डाकघर उरटू, तहसील निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.) हलफिया बयान करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में SWETA SONI अंकित है, जो त्रुटिवश दर्ज हुआ है। उसका सही नाम SHWETA SONI है। भविष्य में सभी अभिलेखों एवं कार्यों हेतु SHWETA SONI नाम ही मान्य माना जाए।

## नाम परिवर्तन

**मैं,** Khushbu Lakherwal पत्नी श्री विनोद ठाकुर, निवासी गांव तंगरोटी, डाकघर रमेहड़, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री Aaradhya के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम Khushi गलत दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम Khushbu Lakherwal है। अतः मेरी पुत्री Aaradhya के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम Khushi के स्थान पर Khushbu Lakherwal दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## नाम परिवर्तन

**मैं, आत्मा राम,** पुत्र स्व. सौंग राम, निवासी ग्राम लफाली, डाकघर लढागी, तहसील आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.) घोषित करता हूँ कि मेरे आधार, पैन व पंचायत अभिलेखों में पिता का नाम त्रुटिवश उदे राम दर्ज है, जबकि सही नाम सौंग राम है, जो भविष्य में सभी अभिलेखों हेतु मान्य होगा।

## नाम परिवर्तन

**मैं, अनिल कुमार,** पुत्र श्री रशपाल, निवासी गांव एवं डाकघर भंगवार, तहसील एवं जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम रियांश है। उसके आधार कार्ड संख्या 7227 0723 6449 में उसका नाम 'पूजा का बेबी वन' दर्ज है, जोकि गलत है। अतः आधार कार्ड में भी रियांश दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुहल
### विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मुहल में वर्ष (2026-27) के विकास कार्यों को करवाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र.सं. | मद | इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता (W.B., क्रशर धुला हुआ) | प्रति वर्ग फुट / प्रति घन फुट |
| 2. | बजरी (W.B., क्रशर धुली हई ) | प्रति वर्ग फुट / प्रति घन फुट |
| 3. | बजरा (W.B., क्रशर) | प्रति वर्ग फुट / प्रति घन फुट |
| 4. | पत्थर सोलिंग | प्रति वर्ग फुट / प्रति घन फुट |
| 5. | शटरिंग (Steel, Timber) | प्रति वर्ग फुट |
| 6. | ईंट (अव्वल, दोयम ) | प्रति नंबर |
| 7. | कंक्रीट मिक्सचर | प्रति दिन (तेल सहित) |
| 8. | पत्थर (तोडा हुआ खड्ड का ) | प्रति वर्ग फुट / प्रति घन फुट |
| 9. | साईन बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 10. | किराया पानी टैंक | प्रति दिन |
| 11. | लोकल फेरे | प्रति फेरा |
| 12. | सीमेंट किराया देहरा से सीमेंट स्टोर तक | प्रति फेरा |

उपरोक्त हेतु विक्रेता से निविदा 23-07-2026 तक पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे या डाक द्वारा आमंत्रित हैं। यह निविदा 25-07-2026 को 02:00 बजे सबके समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। इच्छुक फर्म या ठेकेदार का जी.एस.टी. नंबर व पैन नंबर होना अनिवार्य है। भरे गए रेटों में जी0 एस0 टी0 शामिल समझा जायेगा अलग से देय नहीं होगा। बिलों के साथ W व X फॉर्म जमा करवाना अनिवार्य होगा। यदि मैटिरियल की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है या समय पर नहीं पहुंचाया जाता है और दर्शाई गई जगह पर नहीं पहुंचाया जाता है और कार्य में व्यवधान पैदा होते हैं तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक नोटिस देने के उपरांत किसी भी समय निविदा को रद्द किया जा सकता है। निविदाएं स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत को होगा। जी0 एस0 टी0 नंबर के बिना निविदा रदद् समझी जाएगी। फाइनल पेमेंट तकनीकी मुल्यांकन उपरांत की जाएगी। सामग्री की पेमेंट विभाग द्वारा दी गई पेमेंट के नियमानुसार की जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मुहल**
**विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

# दो माह तक राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग पर प्रतिबंध

## 15 जुलाई से 15 सितंबर तक जिले में नहीं होगी कोई भी साहसिक गतिविधि



राफ्टिंग का लुत्फ उठाते पर्यटक। (फाइल फोटो) अनंत ज्ञान

**जिला में कितनी पैराग्लाइडिंग साइट**

जिला कुल्लू में वर्तमान समय में कुल 14 पैराग्लाइडिंग साइट है जिनमें से गड़सा में तीन वहीं, इसके अलावा पीज से ढालपुर-एक नांगाबाग-एक, डोभी में दो हैं जिनमें एक सरकारी व दूसरी प्राइवेट है। इसके अलावा मझाच-एक, कोठी-एक जोकि फिलहाल बंद है, सोलंगनाला-1, गुलाबा-1, मढ़ी-1, दियार ( बंद)-1,जिभी-1 (बंद) सहित कुल 14 पैराग्लाइडिंग साइट हैं जिनमें वर्तमान में 11 चल रही हैं। इनमें 600 के करीब पायलट जबकि 70 से 75 के करीब ऑपरेटर्स जुड़े हैं। जिला में रिवर राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 30 हजार से भी अधिक लोग जुड़े हुए हैं।



◆ बरसात व ब्यास नदी का जलस्तर उफान पर विभाग ने लिया निर्णय

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** बरसात के मौसम को देखते हुए कुल्लू जिला में रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग सहित अन्य सभी साहसिक गतिविधियों पर हर साल की तरह इस बार भी 15 जुलाई से 15 सितंबर तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला पर्यटन अधिकारी रोहित शर्मा ने बताया कि इस मौसम में ब्यास नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाता है और इसमें रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग सहित अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां खतरे से खाली नहीं होती है। बरसात में कुल्लू घाटी में पैराग्लाइडिंग भी काफी खतरनाक हो सकती है, इसलिए हर वर्ष कुल्लू जिले में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्णतय: रोक लगा दी जाती है। हालांकि इस बार खराब मौसम के मद्देनजर करीब दो सप्ताह पूर्व से ही अस्थायी रूप से इन सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू ने रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग ऑपरेटर्स सहित अन्य साहसिक गतिविधियां चलाने वालों से इन आदेशों की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने और 15 जुलाई से 15 सितंबर तक इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**विभाग** तथा तकनीकी कमेटी की ओर से समय-समय राफ्ट, पैराग्लाइडर की जांच व निरीक्षण करता है। साथ ही अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां चलाने वालों पर भी पूरी नजर रखता है। 15 जुलाई से। 15 सितंबर तक सभी साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा ऐसे में अगर कोई भी सहासिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उस पर कड़ी कार्रवई की जाएगी।

**-रोहित शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू।**

**कहां कहां होती है राफ्टिंग :** जिला पर्यटन विभाग की ओर से राफ्टिंग के लिए तीन साइट चिन्हित की गई है। इनमें रायसन से बंदरोल चार किलोमीटर का ट्रैक, बबेली से वैष्णो माता मंदिर बाशिंग तक पांच किलोमीटर व पिरड़ी से झीड़ी तक 14 किलोमीटर का राफ्टिंग ट्रैक बनाया है। जिले में 500 के करीब पंजीकृत राफ्ट हैं, 450 लाइसेंस गाइड, झीड़ी से लेकर रायसन तक 140 एजेंसियां है। जिला में आठ से 10 हजार के करीब युवा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं।

# हुरला में गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण आग, महिला समेत 3 झुलसे

## खाना बनाते समय हुआ हादसा, घायलों को किया क्षेत्रीय अस्पताल रेफर

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** भुंतर उपमंडल की हुरला पंचायत में बुधवार सुबह करीब 8:15 बजे गैस सिलेंडर लीक होने से आग लगने की घटना सामने आई। हादसा स्वारू राम के घर में उस समय हुआ, जब परिवार की महिला रसोई में खाना बना रही थी। इस दुर्घटना में स्वारू राम की पत्नी कमला देवी, पुत्र ज्ञान चंद तथा भाई गंगू राम की पुत्री पिंकी आग की चपेट में आने से झुलस गए।

स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तत्काल तेगुबेहड़ अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण हुआ। घटना की सूचना मिलते ही भुंतर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

ग्राम पंचायत हुरला के प्रधान विकेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार सुबह हुई इस दुर्घटना में तीन लोग झुलस गए हैं। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।



झुलसे व्यक्ति को अस्पताल ले जाते हुए। अनंत ज्ञान

# मनाली में अवैध पार्किंग से थमी रफ्तार



◆ सड़कों पर किराए की स्कूटियों का कब्जा राहगीर-व्यापारी परेशान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली इन दिनों ट्रैफिक जाम और पार्किंग की भारी समस्या से जूझ रही है। शहर में वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या और विशेष रूप से किराए पर मिलने वाली स्कूटियों (रेंटल बाइक्स) की भरमार ने स्थानीय प्रशासन और आम जनता की नाक में दम कर रखा है। माल रोड से लेकर शहर के तमाम मुख्य रास्तों पर राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। पिछले दो-तीन दिनों से सोशल मीडिया पर मनाली की पार्किंग व्यवस्था को लेकर कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि रेंटल स्कूटी संचालक बिना किसी निजी पार्किंग व्यवस्था के, सड़कों के किनारे और फुटपाथों पर अंधाधुंध वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे पैदल चलने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।पर्यटन सीजन के दौरान मनाली पर वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों और व्यापार मंडल ने प्रशासन से इस दिशा में तुरंत सख्त कदम उठाने की मांग की है। किराए की स्कूटियों और बाइकों के लिए जल्द से जल्द अलग से 'चिन्हित पार्किंग जोन' बनाए जाएं। सड़कों व फुटपाथों पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कड़ा चालान और कानूनी कार्रवाई की जाए। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि यदि समय रहते पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर मनाली के पर्यटन और उसकी खूबसूरती पर पड़ेगा।

**स्थानीय व्यापारियों का धंधा चौपट आपातकालीन सेवाओं पर भी संकट**

**स्थानीय** दुकानदारों का कहना है कि सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण उनके शोरूम और दुकानों के आगे पैर रखने तक की जगह नहीं बचती। पार्किंग न मिलने की वजह से ग्राहक परेशान होकर बिना खरीदारी किए ही वापस लौट रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा, घंटों लगने वाले इस लंबे जाम की वजह से एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं के फंसने का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

**बिना तय स्थान के रेंग रहा है ट्रैफिक**

**मनाली** घूमने आने वाले सैकड़ों पर्यटक रोजाना घूमने के लिए स्कूटी किराए पर लेते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि इन दोपहिया वाहनों को खड़ा करने के लिए शहर में कोई निश्चित स्थान (पार्किंग जोन) तय नहीं है। नतीजा यह हो रहा है कि पर्यटक और संचालक इन्हें जहां जगह मिलती है जैसे सड़क किनारे, फुटपाथ और मुख्य बाजार के रास्तों में वहीं खड़ा कर देते हैं। इससे माल रोड और आसपास के इलाकों में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

# लाहौल-स्पीति की सब जूनियर बास्केटबॉल टीम का ट्रायल 19 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** 35वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर (अंडर-14) बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति की टीम के चयन ट्रायल 19 जुलाई को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराइं के बास्केटबॉल मैदान में आयोजित होंगे। जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अंकुर राणा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 24 से 26 जुलाई 2026 तक जिला मंडी में आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव मदन बोद्ध ने बताया कि ट्रायल चेयरमैन संजय अंगरूप की देखरेख में संपन्न होंगे। ट्रायल में 1 जनवरी 2013 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इसमें लड़के और लड़कियां दोनों अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मजबूत टीम तैयार की जा सके।

# नगवाईं में एसटीएफ की कार्रवाई 11.1 ग्राम चिट्टे के साथ 2 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रदेशव्यापी एंटी-चिट्टा जन-आंदोलन के तहत स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) राज्यभर में मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ कुल्लू की टीम ने पुलिस थाना औट के तहत गांव नगवाईं में एक मकान पर छापा मारा। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में तलाशी के दौरान कमरे से 11.1 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। मौके पर मौजूद विवेक कुमार (27), निवासी नगवाईं, तहसील एवं थाना औट, जिला मंडी तथा किरन, निवासी न्यूली, जिला कुल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के खिलाफ पुलिस थाना औट में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है। बरामद मादक पदार्थ के स्रोत, इसकी आपूर्ति शृंखला, वित्तीय लेन-देन तथा इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर नेटवर्क से जुड़े सभी आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



सूचना के आधार पर घर में की छापेमारी। अनंत ज्ञान

# 16,500 फुट ऊंचे बारालाचा दर्रा में चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान के दौरान युवा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं समुद्र तल से लगभग 16,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित बारालाचा दर्रा में यूथ क्लब दारचा के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान दर्रे के आसपास फैला प्लास्टिक और अन्य कूड़ा-कचरा एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया गया।

स्वच्छता अभियान के दौरान युवाओं ने पर्यटकों द्वारा छोड़े गए प्लास्टिक की बोतलें, शीशे की बोतलें, चिप्स व कुरकुरे के रैपर, पॉलीथिन तथा अन्य गैर-जैविक कचरे को इकट्ठा किया। क्लब के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पर्यटन स्थलों पर कूड़ा-कचरा न फैलाएं और अपने साथ लाए गए प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट को वापस लेकर जाएं। यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन कई लोग कचरा छोड़कर चले जाते हैं, जिससे पर्यावरण और वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी उद्देश्य से क्लब समय-समय पर ऐसे स्वच्छता अभियान चलाता रहेगा। अभियान में किशन मालपा, छेरिंग दोरजे रंगियो, पदमा दोरजे, नोरगे, साहिल, तंजीन, रमेश, कलजंग, नवांग, सुरेश, दावा, छोटुप, केसर, फुनचोग, थुपतेन सुमदो, तंजीन सहित यूथ क्लब दारचा के अनेक सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# माय भारत की जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** माय भारत, जिला कुल्लू के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएससी) की बैठक मेरा युवा भारत केंद्र कुल्लू में जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य माय भारत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था। बैठक में माय भारत की वार्षिक कार्ययोजना, माई भारत पोर्टल पर युवाओं के पंजीकरण तथा अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई। इसके साथ ही 'नशामुक्त विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आगामी फ्यूचर यूथ लीडर्स बूटकैम्प के सफल आयोजन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उच्च शिक्षा, रोजगार, युवा सेवाएं एवं खेल, स्वास्थ्य, एनएसएस, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने माय भारत कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं जिला कुल्लू के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विधायक अनुराधा राणा ने किया उप दमकल केंद्र काजा का शुभारंभ



उप दमकल केंद्र काजा का शुभारंभ करने के पश्चात गणमान्य लोगों के साथ विधायक अनुराधा राणा।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो काजा।** विधायक लाहौल एवं स्पीति अनुराधा राणा ने बुधवार को काजा स्थित रंगरिक में नए उपदमकल केंद्र का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि दो दमकल वाहनों से सुसज्जित इस अग्निशमन उपकेंद्र का उद्देश्य स्पीति क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा उपायों को बढ़ाना, आग की घटनाओं पर बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करना और क्षेत्र के लोगों को समय पर सहायता प्रदान करना है। अनुराधा राणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के विशेष प्रयासों से काजा में अग्निशमन उपकेंद्र के क्रियाशील होने से स्पीति घाटी के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी आज पूरी हुई है, जिसके लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को आगजनी की घटनाओं में तुरंत राहत पहुंचाने के लिए अभी फिलहाल यह उप दमकल केंद्र निजी भवन में खोला गया है और शीघ्र ही काजा में अग्निशमन उपकेंद्र कार्यालय भवन का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर एडीसी शिखा, एसडीएम दीक्षित राणा, वीडिओ अंशुल, मंडलीय अग्निशमन अधिकारी नितिन धीमान, अग्निशमन अधिकारी सुंदर लाल व सूरज भारद्वाज, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, टीएसी सदस्य छेवांग रिंगजिन व वीर भगत, बीडीसी उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबू कारपा, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, हुरलिंग इलेवन और चिचम टीम के बीच खेला उद्घाटन मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** चिचम के लादारचा मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने फीता काटकर शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। विधायक ने बल्ले से तीन गेंदें खेलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच गांव हुरलिंग इलेवन और चिचम के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन क्रिकेट एसोसिएशन चिचम द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्र में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने गांव के क्रिकेट प्रेमियों की हौंसलाफजाई भी की और प्रसन्नता व्यक्त की कि इस टूर्नामेंट में 26 टीमें भाग ले रही है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर प्रतिभाएं ग्रामीण क्षेत्रों से ही निकल कर आगे आ रही हैं। यह काबिले तारीफ है कि निश्चित रूप से ही ग्रामीण क्षेत्रों के युवा कड़ी मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल कर रहे हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में हिस्सा लेकर न केवल अपने परिवार का बल्कि अपने गांव, प्रदेश और देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। विधायक अनुराधा राणा ने इस टूर्नामेंट को आयोजित करवाने के लिए क्रिकेट आयोजन समिति की सराहना की और समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 50 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि गांव वासियों का सहयोग मिलेगा तो आने वाले समय में इस ऐतिहासिक मैदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए मामला प्रदेश व केंद्र सरकार से उठाया जाएगा। विधायक ने प्रवास के दौरान लांगजा, हिक्किम, कौमिक, क्वांग और क्यूलिंग पहुंचकर लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर एडीसी शिखा, एसडीएम दीक्षित राणा, वीडिओ अंशुल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, टीएसी सदस्य वीर भगत, बीडीसी उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों सहित क्रिकेट खेलप्रेमी मौजूद थे।

# बाल रचनात्मकता को पंख : शिरढ़ स्कूल में 'दीवार पत्रिका' का विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिरढ़ में छात्रों के भीतर पठन-पाठन और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'दीवार पत्रिका' के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। इस अनूठी पत्रिका का मुख्य विषय 'रीडिंग रूम के अनुभव' रखा गया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य देव राज ने इस पत्रिका का विधिवत विमोचन कर इसे छात्रों को समर्पित किया। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के रचनात्मक प्रयास बच्चों में पढ़ने व लिखने की संस्कृति का विकास करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दीवार पत्रिका में कक्षा छठी से लेकर बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्रों द्वारा बनाए गए सुंदर चित्र (पेंटिंग्स) और ज्ञानवर्धक लेख प्रदर्शित किए गए हैं। विशेष रूप से, छात्रों ने विद्यालय के रीडिंग रूम में बैठ कर पढ़ी गई अपनी पसंदीदा किताबों के आधार पर अपने अनुभव और विचार इन लेखों के माध्यम से साझा किए हैं। इस पूरी पत्रिका के संपादन और रूपरेखा तैयार करने का उत्कृष्ट कार्य कक्षा बारहवीं के छात्रों द्वारा किया गया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की इस साहित्यिक और कलात्मक पहल की भरपूर सराहना की है।

# विधायक भुवनेश्वर ने किया बरान व 17-18 मील का दौरा, सुरक्षा कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान मनाली।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बरान, 18 मील और 17 मील का दौरा कर वहां चल रहे आरसी वॉल के निर्माण व सुरक्षा कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने निर्माण स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा दीवारों का काम तय गुणवत्ता मानकों के अनुसार और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम से पहले काम पूरा होना जरूरी है ताकि स्थानीय ग्रामीणों और उनकी जमीन को किसी भी तरह के नुकसान से बचाया जा सके। भुवनेश्वर ने कहा कि जनता की सुरक्षा और क्षेत्र का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस दौरे पर खुशी जताई और कहा कि आरसीसी दीवारों के बनने से बरसात में होने वाले भू-स्खलन और नुकसान से बचाव होगा।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते विधायक भुवनेश्वर गौड़। अनंत ज्ञान

# केलांग विकास खंड को मिले नए बीडीओ, मनीष राय ने संभाली जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने लाहौल-स्पीति जिले के केलांग विकास खंड में मनीष राय को नया खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नियुक्त किया है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उनकी तैनाती तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इससे पहले मनीष राय ग्रामीण विकास विभाग मुख्यालय, शिमला में सेवाएं दे रहे थे। जनहित में उनका तबादला कर उन्हें जनजातीय क्षेत्र केलांग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनीष राय की नियुक्ति से केलांग विकास खंड में ग्रामीण विकास योजनाओं, पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति मिलने की उम्मीद है। स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर वे दुर्गम क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# राम और सनातन का विरोध कांग्रेस के डीएनए में : अमित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित सूद ने कांग्रेस और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास प्रभु श्रीराम और सनातन पर सवाल उठाने का रहा है तथा पार्टी अब राजनीतिक लाभ के लिए राम मंदिर के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है।

अमित सूद ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस नेतृत्व की सोच राम और सनातन के विरोध से जुड़ी रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अतीत में भगवान श्रीराम के अस्तित्व और रामसेतु को लेकर न्यायालय में आपत्तियां उठाईं तथा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दों को हवा दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को पहले अपने पुराने रुख और कथित विरोधाभासी बयानों पर जवाब देना चाहिए। अमित सूद ने कांग्रेस से 2जी स्पेक्ट्रम और नेशनल हेराल्ड जैसे मामलों पर भी जवाब देने की मांग की। उनका आरोप था कि कांग्रेस जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए राम मंदिर को राजनीतिक बहस का विषय बना रही है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और इस विषय पर राजनीति करना उचित नहीं है। सूद ने कांग्रेस को राम मंदिर के मुद्दे पर राजनीति बंद करने की चेतावनी देते हुए कहा कि जनता धार्मिक आस्थाओं का अपमान करने वालों को उचित जवाब देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाबी महासभा सोलन की नई कार्यकारिणी गठित, मनोज साहनी बने चेयरमैन



पंजाबी महासभा सोलन की नई कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पंजाबी महासभा, सोलन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संगठन ने समाज की एकता, सेवा और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए नई टीम को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मनोज साहनी चेयरमैन, विजय पुरी वाइस चेयरमैन और जतिन साहनी (एस) अध्यक्ष चुने गए हैं। अनिल बाली व अनिल बत्रा उपाध्यक्ष तथा जतिन साहनी (डी) महासचिव बनाए गए हैं। मनीष आनंद, विकास जेठी, समदर्श सूरी, जतिन साहनी (वी) और नितिन भसीन को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। संजीव सहगल, अमित आनंद, सचिन भसीन, गौरव साहनी, कमल विग, किरपाल सिंह पसरीचा, कीर्ति कौशल, भरत साहनी, अमन सेठी, शोभित बहल, हनी साहनी और राजेश सतीजा को भी अहम दायित्व सौंपे गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं।

### जिला सोलन में प्राकृतिक खेती से किसानों को जोड़ने का कार्य निरंतर जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से कृषि विभाग लगातार कार्य कर रहा है। जिला सोलन में 2500 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। यह जानकारी आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक हीरा लाल आज़ाद ने दी। परियोजना निदेशक ने बताया कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्लस्टर बनाकर किसानों को जोड़ा जा रहा है। गत वर्ष 2500 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की गई थी। वहीं इस वर्ष नए क्लस्टर बनाकर 625 नए किसानों को जोड़ते हुए 50 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में प्राकृतिक खेती शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है, ताकि जहर मुक्त खेती को बढ़ावा मिले और किसानों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

### शोधार्थियों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार आर्थिक अवसंरचना पर विचार प्रस्तुत किए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट, राजकीय महाविद्यालय ढलियारा, जयसिंहपुर, नेरवा तथा हमीरपुर के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 16 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विज्ञान, नवाचार एवं मानव विकास में उभरती नई दिशाएं के अंतर्गत तकनीकी सत्र का सफल आयोजन ऑनलाइन (आभासी माध्यम) से किया गया। इस तकनीकी सत्र में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 12 शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्रस्तुत शोध-पत्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, आर्थिक अवसंरचना तथा मानव विकास से जुड़े समकालीन विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने की, जबकि सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाई। सत्र के दौरान शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श भी हुआ, जिससे शोध एवं नवाचार के नए आयामों पर सार्थक चर्चा संभव हो सकी। राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट से इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की आयोजन समिति में डॉ. जय प्रकाश शर्मा एवं डॉ. भावना आज़ाद सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि सम्मेलन का प्रत्यक्ष (ऑफलाइन) आयोजन राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में किया जा रहा है, जबकि विभिन्न तकनीकी सत्र आभासी (ऑनलाइन) एवं प्रत्यक्ष (ऑफलाइन) दोनों माध्यमों से संपन्न किए जा रहे हैं।

### यात्रा स्थगित होने से श्रीखंड सेवादल समिति दाड़लाघाट का भंडारा स्थगित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रशासन द्वारा श्रीखंड महादेव यात्रा स्थगित किए जाने के बाद श्रीखंड सेवादल समिति दाड़लाघाट ने भी भीम तलाई में आयोजित होने वाले अपने निःशुल्क भंडारे को स्थगित करने का निर्णय लिया है। समिति के प्रधान प्रेम ठाकुर, मुकेश शुक्ला, सनी चंदेल ने बताया कि श्रीखंड सेवादल समिति दाड़लाघाट पिछले 10 वर्षों से श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान भीम तलाई में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी समिति द्वारा 12 जुलाई से भंडारा शुरू किया जाना था, लेकिन प्रशासन द्वारा यात्रा स्थगित किए जाने के कारण समिति ने भी भंडारा आगामी सूचना तक स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यात्रा दोबारा शुरू होने संबंधी प्रशासनिक निर्णय के बाद ही भंडारे की नई तिथि घोषित की जाएगी। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की कि यात्रा और भंडारे से जुड़ी जानकारी के लिए केवल प्रशासन एवं समिति द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

### राजगढ़ में बाल विकास योजनाओं की समीक्षा एसडीएम ने दिए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बाल विकास समेकित सेवाएं योजना खंड राजगढ़ की खंड स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक एसडीएम कार्यालय राजगढ़ में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर ने की। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेंद्र चौहान ने बताया कि परियोजना के तहत 190 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। पूरक पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के 1,542 बच्चों, 266 गर्भवती महिलाओं तथा 245 धात्री महिलाओं को पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं पूर्व-प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम से 922 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक माह बच्चों का वजन और लंबाई मापकर पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज की जाती है। बैठक में बेटी है अनमोल, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्यादान, मुख्यमंत्री शगुन, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा, महिला स्वयं रोजगार, पोषण अभियान तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

### राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में गौ-संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में बुधवार को गौ-संरक्षण एवं वेस्ट पेपर पुनः उपयोग विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गौ माता के महत्व से परिचित कराना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कागज के पुनर्चक्रण के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बाल ब्रह्मचारी हेमराज स्वामी ने विद्यार्थियों को गौ-सेवा, गौ-संरक्षण और गौवंश के सामाजिक, धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान गाय को 'राष्ट्र माता' घोषित करने के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए दिलीप राय ने वेस्ट पेपर के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कागज के पुनर्चक्रण से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाई जा सकती है।

### गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक के जरिए दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध पूजा कला मंच के कलाकारों ने बुधवार को कुनिहार विकास खंड की ग्राम पंचायत कुनिहार और सानण में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कलाकारों ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के साथ मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के तहत कार्प मत्स्य पालन के तालाब निर्माण के लिए इकाई लागत पर 80 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है, जबकि बेरोजगार युवाओं और नए आवेदकों को प्राथमिकता दी जाती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को खेल गतिविधियों से जुड़ने, व्यायाम अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों सहित कई लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं का संकट, व्यापार में मंदी; सुबाथू के लोगों ने उठाई विकास की मांग

# ब्रिटिश कानूनों की बेड़ियों में जकड़ा सुबाथू, विकास-व्यापार दोनों ठप

*सुबाथू। कभी हिमाचल के कई जिलों के व्यापार का केंद्र रहे छावनी परिषद सुबाथू के व्यापारी आज मंदी की मार झेलने के साथ स्थानीय लोग भी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तरस रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव और छावनी के ब्रिटिश कानून के चलते सुबाथू का विकास थम गया है।* अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा



### शाम ढलते ही स्वास्थ्य सेवाएं ठप

*स्थानीय निवासी देव शर्मा का कहना है कि सुबाथू में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं शाम ढलने ही राम भरोसे है। शाम चार बजे के बाद किसी भी आपात स्थिति में मरीज को सोलन या शिमला रेफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों की 62 दिनों की भूख हड़ताल के बावजूद सुबाथू पीएचसी को अपग्रेड नहीं किया गया।*

### राजस्व कार्यों के लिए 22 किलोमीटर का सफर

*छावनी के मनोनीत सदस्य रवि शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार में सुबाथू को उप-तहसील का दर्जा दिया गया था पर सरकार बदलते ही सुबाथू से उप-तहसील का दर्जा छीन लिया गया। जिसके कारण राजस्व विभाग के कार्य के लिए स्थानीय लोगों को 22 किलोमीटर का सफर करना पड़ रहा है। उपतहसील मिलने से सुबाथू सहित हजारों ग्रामीणों को राजस्व कार्य में राहत मिल सकती हैं।*

### होलसेल मंडी से रिटेल तक सिमटा सुबाथू

*दिनेश शर्मा का कहना है कि कभी पूरे प्रदेश में हॉल सेल आढ़त चलाने वाला सुबाथू रिटेल स्टोर तक सिमट गया है। जिससे हम व्यापार में पिछड़े है। वही पर्यटकों को खींचने के लिए भी सुबाथू कोई नई पहचान नहीं बना पाया है। जिसके कारण दुकानदारों को मंदी झेलनी पड़ रही हैं।*

### गौरवशाली इतिहास के बावजूद विकास से दूर सुबाथू

*ज्ञात हो कि भारतीय सेना में प्रथम गोरखा रेजिमेंट का गौरवशाली इतिहास रखने वाला 14 जीटीसी का पहला सेंटर होने के बावजूद भी सुबाथू छावनी परिषद कसौली की तर्ज पर पर्यटकों को लुभाने में नाकाम रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वक्त के साथ सुबाथू के साथ लगते क्षेत्रों का विकास तो हुआ लेकिन छावनी का विकास छावनी नियमों तक ही सिमट कर रह गया। जिसका सीधा असर आज छावनी की 20 हजार की आबादी पर पड़ा है। आलम यह है कि अधिकतर व्यापारी सुबाथू से बाहरी राज्यों में शिफ्ट हो चुके है।*

### पर्ची ने बदली किस्मत सीमा शर्मा बनी नगर परिषद अर्की की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, अर्की।** नगर परिषद अर्की के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में दिलचस्प घटनाक्रम देखने को मिला। अध्यक्ष पद का फैसला पर्ची के माध्यम से हुआ, जिसमें कांग्रेस समर्थित सीमा शर्मा के नाम किस्मत ने साथ दिया और वह नगर परिषद अर्की की नई अध्यक्ष चुनी गईं। यह संयोग और भी खास इसलिए रहा क्योंकि सीमा शर्मा इससे पहले पार्षद का चुनाव भी पर्ची के जरिए जीती थीं। अब एक बार फिर पर्ची ने उनकी किस्मत चमका दी और उन्हें अध्यक्ष पद तक पहुंचा दिया। वहीं उपाध्यक्ष पद भाजपा की झोली में गया। इस तरह नगर परिषद अर्की में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों को प्रतिनिधित्व मिला। सीमा शर्मा ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह नगर परिषद क्षेत्र के समग्र विकास, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगी। दूसरी ओर, उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल देखा गया।

## सिरमौर में 312 एचआईवी केस नियंत्रण को तेज होंगे प्रयास : डीसी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण समिति, जिला कम्यूनिटि रिर्सोज ग्रुप तथा मोबिलाइजेशन फार एड्स सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित हुईं। बैठक में उपायुक्त ने जिला में एचआईवी और एड्स पर चल रही गतिविधियों का अवलोकन किया तथा अवगत करवाया कि वर्तमान में जिला में 312 एचआईवी पॉजिटिव केस पाए गए है।

बैठक में बताया गया कि विभाग की ओर से एक स्व-मूल्यांकन क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर कोई भी व्यक्ति अपना एचआईवी पॉजिटिव या संक्रमित होने का अवलोकन स्वयं कर सकता है। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय एड्स निवारण संस्था (एनएसीओ) के निर्देशानुसार प्रथम-95, का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है तथा द्वितीय-95 और 99 लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में विभाग अग्रसर है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विभाग सतत प्रयास करें। बैठक में बताया गया कि जिला सिरमौर में नशे के आदि व्यक्तियों के उपचार अथवा निदान हेतु दो ओएसटी केंद्र संचालित हैं, जिनके माध्यम से नशे के आदि व्यक्तियों का नशा मुक्तिकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला में क्षय रोग से संबंधित समीक्षा बैठक की तथा जनवरी, 2026 से जून, 2026 तक क्षय रोग के कारण मृत व्यक्तियों के सदंर्भ में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वह समय-समय पर टीवी के मरीजों की जांच व निदान सुनिश्चित करें तथा गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों का उचित स्वास्थ्य संस्थान में उपचार करवाने की दिशा में कदम उठाएं। उपायुक्त ने टीवी के मरीजों को कुपोषण से निदान व उन्हें मानसिक प्रोत्साहन देने के लिए निक्षय मित्र बनाने के लिए कहा।

# कुमारहट्टी में आवारा सांड के हमले से व्यापारी देवेंद्र की मौत

## क्षेत्र में आवारा सांडों और अन्य आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान

अनंत ज्ञान



फोटो : एआई जेनरेडेट

**कुमारहट्टी/ सोलन।** नेशनल हाईवे पर स्थित कुमारहट्टी बाजार के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ व्यापारी देवेंद्र वोहरा की बुधवार सुबह आवारा सांड के हमले में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने पूरे कुमारहट्टी क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में उन्हें बचाने पहुंचे उनके बेटे पर भी सांड ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इस दुखद घटना के बाद व्यापार मंडल ने दिवंगत व्यापारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूरे कुमारहट्टी बाजार को बंद रखा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 8:15 बजे देवेंद्र वोहरा अपने घर के बाहर सीढ़ियों की सफाई कर रहे थे। इस दौरान आवारा सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

एक राहगीर ने तुरंत उनके घर जाकर परिजनों को सूचना दी। उनका बेटा मौके पर पहुंचा और अपने पिता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सांड ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र वोहरा को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके बेटे का उपचार जारी है। देवेंद्र वोहरा पिछले करीब 55 वर्षों से कुमारहट्टी बाजार में 'वोहरा ब्रदर्स' के नाम से अपनी प्रतिष्ठित दुकान चला रहे थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना के बाद व्यापार मंडल कुमारहट्टी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूरे बाजार को बंद रखा। व्यापारियों, स्थानीय लोगों व ग्रामीणों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। स्थानीय लोगों, व्यापारियों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि कुमारहट्टी क्षेत्र में आवारा सांडों और अन्य आवारा पशुओं का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। शिकायतें करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो शायद आज एक परिवार अपने मुखिया को नहीं खोता।

व्यापार मंडल एवं क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को तत्काल पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## गिरिनगर-पॉलिटेक्निक सड़क निर्माण में करोड़ों की बर्बादी बर्दाश्त नहीं : भाजपा

### डॉ. राजीव बिंदल ने निर्माण कार्य में लगाए अनियमितताओं के आरोप

एसपी जैरथ



प्रतिनिधिमंडल डॉ. राजीव बिंदल की अगुआई में विभागीय अधिकारी से मिलने जाते हुए। अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने गिरिनगर रोड से पॉलिटेक्निक तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए लोक निर्माण विभाग से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी।

डॉ. बिंदल ने बताया कि रामपुर भारापुर पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला, जिसमें जिला परिषद सदस्य भगवान दास, पंचायत प्रधान रजनीश, उपप्रधान बलदेव, बीडीसी सदस्य दीपक सहित कई ग्रामीण शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क निर्माण में आ रही समस्याओं और स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क को बार-बार उखाड़कर दोबारा भराई और टाइलें लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का नुकसान हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस तरह की कार्यप्रणाली किसके निर्देश पर अपनाई जा रही है और इसकी जिम्मेदारी किसकी है। डॉ. बिंदल ने कहा कि अव्यवस्थित निर्माण कार्य के कारण लोगों के घरों के बाहर मिट्टी जमा हो गई है, आवाजाही प्रभावित हो रही है और सड़क पर पानी भरने से परेशानी बढ़ रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर से मुलाकात कर मौके का निरीक्षण, तकनीकी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो भाजपा स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जनहित में आंदोलन करेगी।

### परवाणू टर्मिनल मंडी में सेब की दस्तक, अच्छे दाम मिलने से बागवान खुश

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू टर्मिनल मंडी में सेब सीजन की शुरुआत के साथ ही बागवानों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। सीएसी शॉप में चौपाल क्षेत्र के स्परकिस्म के सेब 4,100 रुपए प्रति पेटी तक बिके, जबकि कुमारसैन के गाला सेब के हाफ बॉक्स को 2,500 रुपए तक का भाव मिला। मंडी में मिले इन बेहतर दामों से बागवानों में खुशी का माहौल है। उत्पादकों का कहना है कि उच्च गुणवत्ता वाले सेबों को बाजार में अच्छा प्रतिस्पर्धी मूल्य मिल रहा है, जिससे इस सीजन में बेहतर आमदनी की उम्मीद जगी है। व्यापारियों के अनुसार, मौसम अनुकूल रहने और गुणवत्तापूर्ण फल की आवक बढ़ने पर आने वाले दिनों में भी अच्छे दाम मिलने की संभावना है। इससे प्रदेश के अन्य सेब उत्पादक क्षेत्रों के बागवानों को भी अपने उत्पाद के बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है।

## परवाणू सेब मंडी में बड़ा सड़क हादसा

# बेकाबू ट्राले ने 3 ट्रकों को मारी टक्कर, 2 लोग घायल



अनंत ज्ञान

**परवाणु।** सोलन जिले के परवाणू स्थित सेब मंडी के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया। जानकारी के अनुसार एक अनियंत्रित ट्राले ने सड़क किनारे खड़े तीन ट्रकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो लोगों के घायल होने की सूचना है। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्राले के अनियंत्रित होने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने में एनसीसी अहम : प्रो. बवेजा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में 1 एचपी बॉयज बटालियन एनसीसी, सोलन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-232) का समापन हुआ। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.

**◆ नौणी में एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन, 572 कैडेटों ने लिया हिस्सा**


हरमिंदर सिंह बवेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में एनसीसी की भूमिका की सराहना की। शिविर में विश्वविद्यालय सहित जिला सोलन के 16 शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के 572 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस दौरान कैडेटों को ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार संचालन, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक सेवा, नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों और खेल प्रतियोगिताओं का प्रशिक्षण दिया गया।

1 एचपी बॉयज बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस ने शिविर की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रो. बवेजा ने कैडेटों के अनुशासन, टीम भावना और प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें शिविर में सीखे मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होती, बल्कि जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और राष्ट्र निर्माण में जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### एनसीसी कैडेट्स ने कालूझिंडा बाजार में निकाली जागरूकता रैली, 400 कागज के बैग बांटे

## प्लास्टिक छोड़ें, कागज के बैग अपनाएं: चितकारा यूनिवर्सिटी

अनंत ज्ञान




स्वच्छता का संदेश देते एनसीसी कैडेट्स। अनंत ज्ञान

**बद्दी/सोलन।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चितकारा यूनिवर्सिटी बद्दी की एनसीसी इकाई ने बुधवार को कालूझिंडा मार्केट में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने बाजार क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की।

कैडेट्स हाथों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेश लिखी तख्तियां और बैनर लेकर बाजार की विभिन्न गलियों से गुजरे। उन्होंने दुकानदारों, ग्राहकों और स्थानीय लोगों को प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। कैडेट्स ने बताया कि प्लास्टिक न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने लोगों से खरीदारी के समय कपड़े और कागज के बैग का उपयोग करने का आह्वान किया। अभियान के तहत विश्वविद्यालय की ओर से दुकानदारों को 400 कागज के बैग वितरित किए गए। दुकानदारों से आग्रह किया गया कि वे ग्राहकों को प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर इन बैगों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) अनिल राणा ने बताया कि प्रत्येक दुकानदार को करीब 25 से 30 कागज के बैग उपलब्ध करवाए गए, ताकि प्लास्टिक के विकल्प को बढ़ावा मिल सके। चितकारा यूनिवर्सिटी के निदेशक (प्रशासन) कर्नल रवि कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने कालूझिंडा मार्किट को गोद लिया है और समय-समय पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज एक गंभीर वैश्विक समस्या है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर प्लास्टिक के स्थान पर कागज और कपड़े के बैग अपनाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। एनसीसी कैडेट्स ने लोगों से प्लास्टिक मुक्त हिमाचल के निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

# हैंडपंप में मोटर लगने से ग्रामीणों को मिली राहत

## विधायक विवेक शर्मा की पहल से नेरी को मिली सौगात, वर्षों पुरानी पानी की समस्या का हुआ समाधान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से ग्राम पंचायत बुधान के गांव नेरी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान किया गया है। स्थानीय लोगों की मांग पर गांव के हैंडपंप में मोटर स्थापित कर दी गई है, जिससे अब ग्रामीणों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्य से गांव के लोगों में खुशी का माहौल है और उन्होंने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप से पर्याप्त पानी न मिलने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से पानी भरने में कठिनाई होती थी। समस्या विधायक विवेक शर्मा के संज्ञान में लाई गई, जिसके बाद उनके निर्देश पर संबंधित विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हैंडपंप में मोटर लगाने का कार्य पूरा किया। अब गांव में पानी की उपलब्धता पहले की तुलना में काफी बेहतर हो गई है और लोगों को बड़ी राहत मिली है।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका संकल्प है कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर तक सुचारू और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी पानी की समस्या सामने आती है, वहां प्राथमिकता के आधार पर स्थायी समाधान किया जा रहा है। इसी सोच के तहत क्षेत्र में हैंडपंपों में मोटर लगाने का अभियान लगातार जारी है ताकि लोगों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने बताया कि अब तक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के 142 हैंडपंपों में मोटर स्थापित की जा चुकी है। इससे अनेक गांवों में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हुआ है और हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केवल अस्थायी व्यवस्था करने के बजाय सरकार और जनप्रतिनिधियों का प्रयास है कि ऐसी योजनाएं लागू की जाएं, जिनसे लोगों को लंबे समय तक राहत मिल सके। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक विवेक शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी मांग को गंभीरता से लिया गया और शीघ्र समाधान किया गया।



नेरी गांव की पेयजल समस्या का समाधान हुआ। अनंत ज्ञान

### घुंघन ककराना में हैंडपंप में लगी मोटर

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुंघन ककराना के गांव घुंघन ककराना में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। ग्रामीणों की मांग पर हैंडपंप में मोटर स्थापित कर दी गई है, जिससे अब लोगों को नियमित पानी उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप से पर्याप्त पानी न मिलने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। समस्या विधायक विवेक शर्मा के समक्ष रखी गई, जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद मोटर लगाने का कार्य पूरा किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक का आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें पानी की समस्या से काफी राहत मिली है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और जहां भी समस्याएं सामने आएंगी, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



# विश्व हिंदू परिषद ने अमरनाथ हिम शिवलिंग के समय से पहले पिघलने पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की प्रखंड इकाई बंगाणा ने श्री अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक हिम शिवलिंग के समय से पहले पिघलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में अमरनाथ गुफा के आसपास के संवेदनशील पर्यावरण की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाने की मांग की गई है।

विहिप ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और गुफा में प्राकृतिक रूप से बनने वाला हिम शिवलिंग भगवान शिव के साक्षात स्वरूप के रूप में पूजनीय है। संगठन का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक तापमान में वृद्धि तथा मानवीय हस्तक्षेप के कारण शिवलिंग यात्रा के शुरुआती दिनों में ही तेजी से पिघल रहा है, जिससे देश-विदेश के श्रद्धालुओं में चिंता और निराशा बढ़ रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि अमरनाथ गुफा के दो किलोमीटर के दायरे को 'नो एक्टिविटी जोन' घोषित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की व्यावसायिक अथवा अनावश्यक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा लंगर, टेंट और अन्य ठहराव स्थलों को इस दायरे से बाहर स्थापित करने, वाहनों और विशेष रूप से हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन सुरक्षित दूरी से करने तथा गुफा क्षेत्र में 'जीरो कार्बन फुटप्रिंट' नीति लागू करने की भी मांग उठाई गई है।

संगठन ने राष्ट्रपति और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि अमरनाथ श्राइन बोर्ड तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर पवित्र गुफा के आसपास के पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह धार्मिक धरोहर सुरक्षित रह सके।

ज्ञापन की प्रतिलिपि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड तथा भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यावरण मंत्रालय को भी प्रेषित की गई है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, प्रखंड इकाई बंगाणा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अपनी सहमति दर्ज कराई।



राष्ट्रपति और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

# ऊना में खनन सामग्री परिवहन को रात 10 बजे तक अनुमति, खनन गतिविधियों पर रात्रि प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 के तहत पूर्व में जारी आदेश में संशोधन करते हुए जिला ऊना में खनन सामग्री के परिवहन के लिए अनुमत समयावधि में परिवर्तन किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक लागू रहेगा।

यह संशोधन पुलिस अधीक्षक ऊना तथा उपमंडलाधिकारी (ना.) हरोली की संस्तुतियों पर विचारोपरांत किया गया है। आदेश के अनुसार अब टिपर एवं ट्रकों के माध्यम से खनन सामग्री का परिवहन प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा सकेगा। वहीं खनन से संबंधित सभी गतिविधियां, जिनमें उत्खनन एवं लोडिंग शामिल हैं, केवल प्रातः 6 बजे से सायं 7 बजे तक ही संचालित की जा सकेंगी। सायं 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक खनन संबंधी सभी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेश के अनुसार खनन सामग्री का परिवहन करने वाले सभी वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम, उसके अंतर्गत बनाए नियमों व लागू यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। वाहनों को निर्धारित गति सीमा तथा पुलिस विभाग एवं अन्य सक्षम प्राधिकरणों द्वारा जारी यातायात संबंधी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी।

धूल प्रदूषण, सामग्री के बिखराव एवं पर्यावरणीय क्षति की रोकथाम के लिए खनन सामग्री को पूरी तरह ढककर ले जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक वाहन के पास वैध परमिट, ट्रांजिट पास तथा खनन एवं पर्यावरण संबंधी कानूनों के तहत अपेक्षित अन्य सभी वैधानिक दस्तावेज होना आवश्यक होगा।

खनन पट्टाधारकों, ठेकेदारों, परिवहनकर्ताओं एवं वाहन स्वामियों को पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेत तथा वाहनों की सड़क योग्यता सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने होंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि खनन सामग्री के परिवहन से सार्वजनिक मार्गों पर किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो तथा आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न पहुंचे।

आदेश में कहा गया है कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अथवा अन्य सक्षम प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सभी संबंधित पक्षों के लिए अनिवार्य होगा। निर्धारित शर्तों का उल्लंघन, कानून का उल्लंघन अथवा जनसुरक्षा, लोक व्यवस्था या पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति में संबंधित अनुमति बिना पूर्व सूचना के वापस ली जा सकेगी। इसके अतिरिक्त प्रासंगिक कानूनों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा अंबोआ

## हरि ओम शिव मंदिर से नंगल जरियाला तक निकाली यात्रा, सैकड़ों भक्तों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान

**घनारी।** तहसील घनारी के अंतर्गत हरि ऊं शिव मंदिर अंबोआ में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयघोष के बीच कलश यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर यह यात्रा हरि ऊं शिव मंदिर अम्बोआ से प्रारंभ होकर नंगल जरियाला स्थित शिव शक्ति मंदिर तक पहुंची।

यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। नंगल जरियाला शिव शक्ति मंदिर, के समस्त सेवादारों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए चाय-पकौड़ों के प्रसाद की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसका सभी ने प्रसन्नतापूर्वक चाय-पकौड़ों के प्रसाद ग्रहण किया। श्री गणेश दत्त शास्त्री जी (अंदौरा वाले) ने कहा कि कलश यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि देव शक्तियों के आह्वान और मंगलमय वातावरण की स्थापना का पावन माध्यम है। सनातन धर्म में कलश को भगवान विष्णु, ब्रह्मा, महेश तथा सभी देवी-देवताओं का प्रतीक माना गया है। कलश में भरा जल जीवन, पवित्रता और सृष्टि का प्रतीक होता है, जबकि उसके ऊपर स्थापित नारियल और आम के पत्ते समृद्धि, उन्नति एवं शुभता का संदेश देते हैं।उन्होंने कहा कि किसी भी यज्ञ, कथा या धार्मिक अनुष्ठान से पहले निकाली जाने वाली कलश यात्रा का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना, वातावरण को पवित्र बनाना तथा लोककल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना करना होता है। श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश यात्रा में शामिल होने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भगवान शिव की कृपा से जीवन में आने वाले अनेक कष्ट दूर होते हैं।

बता दें सुप्रसिद्ध कथा वाचक गणेश दत्त शास्त्री (अंदौरा वाले) अपने मुखारविंद से शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा के उपरांत प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी।



अंबोआ में कलश यात्रा के दौरान भक्तजन। अनंत ज्ञान

# हिमाचल के विकास में केंद्र का अहम योगदान: सूरम सिंह

अनंत ज्ञान

◆ बोले- 2027 में भुट्टो 15 हजार वोटों से जीतेंगे

**बंगाणा।** जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सूरम सिंह ने बंगाणा में मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार और कुटलैहड़ के वर्तमान विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास में केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और भाजपा शासनकाल में कई बड़ी विकास योजनाएं क्षेत्र के लिए स्वीकृत करवाई गईं।

सूरम सिंह ने दावा किया कि पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो के प्रयासों से कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए करीब 31 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं मंजूर हुईं, जिनमें तुर्कवाल पेयजल योजना, बंगाणा-चपलाह सड़क और जोगी पंगा-लाम सड़क जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र के लोगों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर चुनावी गारंटियां पूरी न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता अब सरकार की कार्यप्रणाली से निराश है और विकास कार्यों की गति धीमी हुई है।

उन्होंने कुटलैहड़ के वर्तमान विधायक पर भी क्षेत्र की समस्याओं का समाधान न करने का आरोप लगाया। सूरम सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच सक्रिय है और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा कुटलैहड़ से दविंदर कुमार भुट्टो को मैदान में उतारेगी और वे भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य जगदीश सहोता भी मौजूद रहे।

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती में अभ्यर्थियों ने की आयु सीमा में राहत की मांग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बीच आयु सीमा को लेकर अभ्यर्थियों ने सरकार से एक बार फिर राहत देने की मांग उठाई है। इस संबंध में युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ऊपरी आयु सीमा में एक वर्ष की विशेष छूट प्रदान करने का आग्रह किया।

अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछली भर्ती में सरकार द्वारा दी गई विशेष आयु छूट से अनेक युवाओं को प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला था। उनका मानना है कि इस वर्ष भी वही व्यवस्था लागू की जाए ताकि केवल आयु सीमा के कारण कोई योग्य उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया से बाहर न हो।

ज्ञापन में बताया गया है कि कई अभ्यर्थी लंबे समय से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा के लिए लगातार मेहनत की है, लेकिन निर्धारित आयु सीमा पार हो जाने के कारण वे आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। युवाओं का कहना है कि उन्हें केवल भर्ती परीक्षा में शामिल होने का अवसर चाहिए, जबकि अंतिम चयन पूरी तरह योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर किया जाए।

अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी एक वर्ष की विशेष आयु छूट देने का निर्णय लिया जाए। उनका कहना है कि इससे हजारों उम्मीदवारों को अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलेगा और सरकार के प्रति युवाओं का विश्वास भी मजबूत होगा।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखा कौशल विकास और राष्ट्र सेवा का मंत्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऋषिकेश की एनसीसी इकाई ने सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास कैलेंडर 2026-27 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम एसोसिएट एनसीसी अधिकारी अब्दुल मजीद की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डमली के प्रधान गुरमीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षा के साथ कौशल विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आधुनिक कौशल अपनाकर आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल सिंह चंदेल ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा अच्छरी देवी, उपाध्यक्षा नीता सहित समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# बिलासपुर में सड़क किनारे कबाड़ियों का कब्जा

## कबाड़ और कब्जों पर नगर परिषद से की कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में सड़क किनारे बढ़ते कबाड़ के ढेर और कथित अवैध कब्जों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शहर में प्रवेश करते ही कई स्थानों पर सड़क किनारे कबाड़ फैला होने से न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी कंचन कुमार ने इस संबंध में नगर परिषद बिलासपुर से शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि कॉलेज चौक के समीप सरकारी भूमि पर भी एक कबाड़ी द्वारा कब्जा कर कबाड़ एकत्र किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सड़क किनारे कबाड़ रखे जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा शहर की छवि भी खराब हो रही है। उन्होंने नगर परिषद और जिला प्रशासन से मांग की है कि सरकारी भूमि पर हुए कथित अवैध कब्जों की जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा सड़क किनारे बैठे कबाड़ियों को हटाया जाए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। अब देखना होगा कि नगर परिषद और संबंधित विभाग शिकायत पर क्या कार्रवाई करते हैं और शहर को अतिक्रमण तथा अव्यवस्थित कबाड़ से कब तक राहत मिल पाती है।

# राम मंदिर पर राजनीति बंद करे कांग्रेस : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने राम मंदिर के चढ़ावे और दान को लेकर कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन को आस्था पर राजनीति करार देते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। चंदेल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था पर आरोप हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन जांच से पहले पूरे राम मंदिर और उसके आंदोलन को कटघरे में खड़ा करना दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि आखिर राम मंदिर जैसे पवित्र विषय को राजनीतिक मंच बनाने की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का विरोध केवल सुर्खियां बटोरने की कोशिश है, जबकि उसे जनहित के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।



# स्वास्थ्य जांच शिविर में 102 ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत बामटा के गांव बध्यात (टिक्कर प्लांगरी) में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 102 ग्रामीणों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। सुबह 9 बजे से चले शिविर में टीबी जांच, एक्स-रे, हीमोग्लोबिन, रक्त शर्करा (शुगर), यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल तथा रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई। साथ ही जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर की अध्यक्षता बीडीसी सदस्य नीलम कुमारी ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बामटा की प्रधान कौशल्या देवी, उपप्रधान विक्रम ठाकुर तथा वार्ड सदस्य सुशीला देवी भी उपस्थित रहीं।

# आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक डियारा सेक्टर में ई. वीआर भाटिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनरों ने 15 प्रतिशत महंगाई भत्ता, छठे वेतन आयोग के एरियर, आयु आधारित लाभ और मेडिकल बिलों के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाकर उनका भविष्य सुरक्षित करने की मांग की गई। संगठन की अगली बैठक 17 अगस्त को होगी।

# डे-केयर सेंटर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक डे-केयर सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। डॉ. जितेंद्र कुमार ने 19 बुजुर्गों व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श और दवाइयां वितरित कीं। शिविर में रक्तचाप व शुगर की जांच भी की गई। ट्रस्ट ने भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# सरयून खास की सड़कों के लिए 10 लाख मंजूर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सरयून खास पंचायत की दो संपर्क सड़कों के सुधार के लिए मुख्यमंत्री हैंड से 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पंचायत उपप्रधान हंसराज ठाकुर ने बताया कि इस राशि से सरयून खास-राहेग और मढ़ौना-जमथलीघाट संपर्क मार्गों की मरम्मत व पक्कीकरण होगा, जिससे चार-पांच गांवों के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# नुक्कड़ नाटक से दिए सरकारी योजनाओं के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से महासंगम थिएटर ग्रुप, बिलासपुर ने ग्राम पंचायत ओयल और बामटा में गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। ग्रुप के अध्यक्ष विकास कुमार की उपस्थिति में कलाकारों ने रोजगार, गृह अनुदान, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण तथा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी सरल एवं मनोरंजक ढंग से दी। साथ ही नशामुक्ति का संदेश देकर युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कलाकारों ने बताया कि हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम की योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में 100 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।



# दधोल स्कूल के 4 खिलाड़ी थाईलैंड एशियन कोर्फबाल में चयनित



अनंत ज्ञान

**दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के लिए गर्व का क्षण तब आया जब स्कूल के चार प्रतिभाशाली बच्चों का चयन बैंकाक (थाईलैंड) में 26 से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशियन कोर्फबाल चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

अंडर-19 वर्ग में साक्षी और किनशक तथा अंडर-16 वर्ग में अपूर्व और सारांश ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा के दम पर यह मौका हासिल किया है। चयनित खिलाड़ियों को बुधवार को स्कूल से लवली यूनिवर्सिटी, जालंधर में आयोजित सात दिवसीय विशेष ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना किया गया। इस कैंप में वे अपनी तैयारी को अंतिम रूप देंगे। बच्चों के साथ कोच बाल कृष्ण और विनोद कुमार भी लवली यूनिवर्सिटी गए हैं।

विनोद बच्चों के साथ बैंकाक थाईलैंड की यात्रा पर भी जाएंगे और प्रतियोगिता के दौरान उनका मार्गदर्शन करेंगे। पाठशाला प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'इन बच्चों ने न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये अपनी मेहनत और लगन से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे। स्कूल, परिवार और गांववासी इन होनहार खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# कल्लर पंचायत की पहली ग्राम सभा में विकास पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्लर की प्रथम ग्रामसभा का सफल आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत प्रधान दीपक ठाकुर ने की। इस अवसर पर उपप्रधान राकेश राणा, बीडीसी सदस्य श्रीमती जगतंबा ठाकुर, सभी वार्ड सदस्य तथा पंचायत के 215 से अधिक परिवारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्राम सभा में विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम पिछली ग्राम सभा की कार्यवाही की अभिपुष्टि की गई तथा पंचायत के गत आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही 16वें वित्त आयोग की कार्ययोजना पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वेक्षण-2024 के अनुमोदन संबंधी विषय पर भी आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई।


ग्राम सभा के दौरान सैनी गैस एजेंसी द्वारा मौके पर ही उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे लोगों को सुविधा का लाभ मिला। बैठक में पंचायत क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने की दिशा में चिट्टा जैसे घातक नशे के विरुद्ध एक विशेष समिति का गठन किया गया। ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नशे के कारोबार एवं इसके प्रसार के विरुद्ध प्रशासन और पुलिस के सहयोग से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा जनजागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम सभा में यह निर्णय भी लिया गया कि किन्नरों को स्वेच्छा से दी जाने वाली राशि 2100 रुपए से अधिक नहीं दी जाएगी, ताकि अनावश्यक आर्थिक दबाव और विवाद की स्थिति से बचा जा सके।

साथ ही पंचायत की सुरक्षा एवं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाहरी फेरीवालों एवं घूम-घूमकर सामान बेचने वाले व्यक्तियों को ग्राम पंचायत कल्लर में पंचायत की पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना व्यापार या भ्रमण की अनुमति नहीं होगी। पंचायत ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय स्थानीय लोगों की सुरक्षा एवं पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# घुमारवीं के नए एसडीएम अभिषेक बरवाल ने संभाली जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) के वर्ष 2022 बैच के अधिकारी अभिषेक बरवाल ने बुधवार को घुमारवीं के नए उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, त्वरित और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराना होगा, ताकि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



नव नियुक्त एसडीएम ने कहा कि सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को अधिक जनोन्मुखी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जन शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी तथा प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ऐसे मामलों का शीघ्र समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अभिषेक बरवाल ने यह भी कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए प्रभावी निगरानी और समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेगा। सुशासन, पारदर्शिता और संवेदनशील कार्यशैली के माध्यम से आम लोगों का भरोसा मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

## लुज पाठशाला में सुविधाओं की कमी

अनंत ज्ञान, रोशन लाल, लुज (पांगी)। राजकीय प्राथमिक पाठशाला लुज की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की पहली बैठक मंगलवार को अध्यक्ष अमित राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय की जर्जर आधारभूत सुविधाओं पर चिंता जताते हुए भवन की क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत, बर्फबारी से खराब हुए शौचालय के पुनर्निर्माण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव पारित किए गए। एसएमसी अध्यक्ष अमित राणा ने बताया कि 15 जुलाई को आवासीय आयुक्त पांगी और उपायुक्त चंबा को प्रस्ताव सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जर्जर छत से कक्षाओं में पानी टपकता है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी होती है। विद्यालय में प्री-प्राइमरी से पांचवीं तक करीब 40 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। समिति ने बच्चों की सुरक्षा और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## तीन साल से प्यासा खैरना स्कूल, 40 बच्चों को नहीं मिल रही पेयजल सुविधा

### एसएमसी ने विभाग से लगाई पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की गुहार

अनंत ज्ञान

**हाशू शेख, सलूणी (चंबा)।** जिले के सलूणी विकास खंड की ग्राम पंचायत भलोड़ी के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला खैरना में पिछले तीन वर्षों से पेयजल सुविधा के अभाव में स्कूली बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के नए भवन में करीब 40 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन अब तक स्कूल परिसर में पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है।



अनंत ज्ञान मुद्दा

स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और स्थानीय पंचायत ने इस गंभीर समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग से स्कूल में शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। एसएमसी द्वारा विभाग को सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को पीने के पानी के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। कई बार बच्चों को दूसरे स्थानों से पानी लाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा के साथ-साथ पढ़ाई भी प्रभावित होती है। यही पानी मिड-डे मील तैयार करने में भी उपयोग किया जाता है, जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाता। स्कूल प्रबंधन समिति का कहना है कि जल शक्ति विभाग ने पहले विद्यालय तक पेयजल पाइपलाइन बिछाने की स्वीकृति भी दी थी, लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं किया गया।

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। एसएमसी और स्थानीय पंचायत ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि बच्चों के हित को देखते हुए विद्यालय में जल्द से जल्द पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों को इस बुनियादी आवश्यकता के लिए परेशान न होना पड़े। अब यह देखना होगा कि जल शक्ति विभाग इस लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान कब तक करता है और नौनिहालों को उनकी मूलभूत सुविधा कब उपलब्ध हो पाती है।

## पेंशनरों की चेतावनी, 31 तक एरियर भुगतान नहीं हुआ तो फिर होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला चंबा की शहरी, साहू और खजियार मंडल इकाइयों की संयुक्त मासिक बैठक बुधवार को चंबा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद व्यास ठाकुर ने की, जबकि राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों पर चर्चा की गई। महासंघ ने वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन संशोधन एरियर और अन्य वित्तीय लाभों का भुगतान 31 जुलाई 2026 तक करने की मांग उठाई। साथ ही महंगाई भत्ते की लंबित पांच किस्तों और बकाया एरियर का भुगतान 15 अगस्त 2026 तक करने का आग्रह किया। पेंशनरों ने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान और वर्ष 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों के संशोधित पेंशन एरियर को लेकर मुख्यमंत्री के आश्वासन का स्वागत किया गया है। उन्होंने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। बैठक में कॉरपोरेट सेक्टर पेंशनरों की पेंशन बहाली और एचआरटीसी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर कई पेंशनरों ने महासंघ की सदस्यता ग्रहण की।

## जंगली जानवरों पर रहेगी निगरानी, खनी पंचायत के दो संवेदनशील क्षेत्रों में लगा हाईटेक सिस्टम

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** भरमौर वन परिक्षेत्र के लहाल बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत खनी में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से वन विभाग ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। पंचायत के दो अति संवेदनशील क्षेत्रों में इंटेलिजेंट डिटेक्शन एंड रिपेलेंट सिस्टम स्थापित किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से जंगली जानवरों, विशेषकर भालुओं की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखने का प्रयास किया जाएगा।

डिप्टी कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट (डीसीएफ) भरमौर नवनाथ शिवाजी और वन परिक्षेत्र अधिकारी नेजर सिंह चौहान ने बताया कि यह अत्याधुनिक प्रणाली जंगली जानवरों की मौजूदगी का समय रहते पता लगा लेती है। इसके बाद ध्वनि और तेज प्रकाश संकेतों के माध्यम से वन्यजीवों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर भगाने का प्रयास किया जाता है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह सिस्टम लोहली देवी मंदिर और डूग बनाड़ क्षेत्र में स्थापित किया गया है। दोनों स्थान भालुओं की गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील हैं। पिछले वर्ष इन्हीं क्षेत्रों में भालुओं द्वारा दो महिलाओं पर हमला किया गया था, जबकि ग्रामीणों ने भी लगातार भालुओं के दिखाई देने की शिकायतें की थीं। वन अधिकारी अनिल कुमार और वन रक्षक टेक चंद ने बताया कि यह तकनीक ग्रामीणों की सुरक्षा बढ़ाने के साथ फसलों को होने वाले नुकसान को कम करने में भी सहायक होगी। विभाग का मानना है कि इससे मानव और वन्यजीवों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## आगामी चुनावों को लेकर भाजपा ने चुनाव प्रकोष्ठ को दिए संगठनात्मक मजबूती के मंत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करते हुए जिला कार्यालय चंबा में जिला चुनाव प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक को प्रदेश चुनाव प्रकोष्ठ अध्यक्ष जे. सी. शर्मा ने संबोधित करते हुए चुनाव प्रबंधन, संगठनात्मक समन्वय और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में चंबा-कांगड़ा के सह संयोजक रमेश राणा, जिला संयोजक लक्ष्मण, सह संयोजक शिशु गुप्ता, विक्रम जरयाल सहित जिला चुनाव प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जेसी शर्मा ने कहा कि आगामी चुनावों को देखते हुए चुनाव प्रकोष्ठ की जिम्मेदारियां पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं।



उन्होंने प्रकोष्ठ के दायित्वों की जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर टिकट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी भी चुनाव प्रकोष्ठ को निभानी पड़ सकती है। उन्होंने पार्टी के आगामी चुनावी कार्यक्रमों और गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी की गतिविधियों से निरंतर जुड़ा रहे। इसके लिए सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय, नियमित संवाद और सक्रिय संपर्क बनाए रखना आवश्यक है।

## कार्मिक विभाग के आदेशों के बावजूद 611 जेबीटी अध्यापक नियमितीकरण से वंचित

अनंत ज्ञान

◆ **सरकार से की तत्काल हस्तक्षेप की मांग**

**ब्यूरो, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के प्रारंभिक शिक्षा विभाग में कार्यरत 611 जेबीटी शिक्षक कार्मिक विभाग के स्पष्ट आदेशों के बावजूद अब तक नियमितीकरण का लाभ नहीं मिलने से असमंजस और निराशा में हैं। शिक्षकों का आरोप है कि सरकार के शीर्ष स्तर से नियमितीकरण संबंधी आदेश जारी होने के कई महीने बाद भी प्रारंभिक शिक्षा विभाग की धीमी प्रशासनिक कार्यप्रणाली के कारण पात्र शिक्षकों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्मिक विभाग (एपी-III) द्वारा 2 अप्रैल 2026 को जारी शासनादेश पत्र संख्या PER (AP)-C-B (2)-1/2014-V.II के माध्यम से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा जिला उपायुक्तों को वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान अनुबंध सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। सरकार की नीति के अनुसार, जिन अनुबंध कर्मचारियों ने 30 सितंबर 2024 तथा 30 सितंबर 2025 तक दो वर्ष की निरंतर एवं संतोषजनक सेवा पूरी कर ली है, उन्हें नियमित किए जाने का प्रावधान है। शिक्षकों का कहना है कि वे इस नीति के सभी मानदंड पूरे करते हैं, फिर भी उनका नियमितीकरण अब तक लंबित है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अधिकांश अन्य सरकारी विभागों ने कार्मिक विभाग के आदेशों के अनुरूप पात्र कर्मचारियों का नियमितीकरण कर उन्हें वित्तीय लाभ भी प्रदान कर दिए हैं।

## खुंदेल क्षेत्र में ग्रामीणों ने उठाई सड़क पुल और स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग

**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर की खुंदेल पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में दुर्गम क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं उठाईं। अलहमी, कलॉस, खिड़कल सहित आसपास के गांवों के लोगों ने सड़क, स्थायी पुल, स्वास्थ्य केंद्र और शिक्षा सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने की मांग की। स्थानीय निवासी रत्नो राम ने बताया कि अलहमी, कलॉस, गिरड़, खिड़कल, भद्रूण, भद्र, कनेहत्तर, कुहेड़, गुवाड़ और चनूनू जैसे कई गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि सड़क न होने से बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए प्रतिदिन लंबा और जोखिम भरा सफर तय करना पड़ता है। नदी पर बनी अस्थायी पुलियों को पार करना उनकी मजबूरी है, जिससे हर समय खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा के लिए कई परिवारों को बच्चों को पढ़ाने के लिए बतोट में किराये के कमरे लेने पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण बीमार लोगों और गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## भंजराडू मेले में कथित आरक्षण विरोधी नाटक पर विवाद, अंबेडकर मिशन सोसायटी ने सौंपी शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चुराह उत्सव (भंजराडू मेला) के दौरान मंचित कथित आरक्षण विरोधी नाटक को लेकर अम्बेडकर मिशन सोसायटी चंबा और अंबेडकर यूथ क्लब चंबा ने कड़ी आपत्ति जताई है। दोनों संगठनों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा और थाना सदर चंबा में शिकायत पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अंबेडकर मिशन सोसायटी के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर ने बताया कि मेले में राजकीय केंद्रीय विद्यालय तीसा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक में संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था को लेकर कुछ आपत्तिजनक संवाद प्रस्तुत किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं तथा सामाजिक सद्भाव पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। संगठन ने मांग की है कि नाटक की स्क्रिप्ट तैयार करने, चयन करने और मंचन की अनुमति देने वाले शिक्षकों व आयोजकों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा भविष्य में सार्वजनिक मंचों पर ऐसी विवादास्पद प्रस्तुतियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि उचित कार्रवाई न होने पर संगठन आगामी रणनीति तय करेगा।

## लिवासा हॉस्पिटल्स में भूपेंद्र सोलंकी बने नए सीआईओ

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** लिवासा हॉस्पिटल्स ने बुधवार को भूपेंद्र सोलंकी को अपना नया चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर (सीआईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति अस्पताल नेटवर्क के डिजिटल विस्तार और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आईआईएम कलकत्ता के पूर्व छात्र सोलंकी के पास हेल्थकेयर आईटी और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वह साकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मेदांता-द मेडिसिटी और फोर्टिस हेल्थकेयर जैसे संस्थानों में वरिष्ठ तकनीकी पदों पर कार्य कर चुके हैं।

## युवाओं को हुनर से सशक्त बना रहा एचडीएफसी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर भारत की विकसित होती अर्थव्यवस्था में सार्थक भागीदारी के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल, ज्ञान और अवसर प्रदान करने के अपने निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। स्थापना के बाद से, बैंक की कौशल विकास और आजीविका पहलों ने 9.6 लाख व्यक्तियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख सुश्री नुसरत पठान ने इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश कुशल, सशक्त और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन में, हम मानते हैं कि कौशल विकास आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक गतिशीलता के सबसे प्रभावी मार्गों में से एक है।

## श्री राम मंदिर, खरड़ की गरिमा से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : राणा

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** श्री राम मंदिर, खरड़ परिसर में हुई कथित बेअदबी की घटना को लेकर समूचे खरड़ शहर तथा भगवान श्रीराम के श्रद्धालुओं में गहरा रोष व्याप्त है।

नरिंदर सिंह राणा ने कहा कि आरोप है कि आम आदमी पार्टी के प्रभारी मनीष सिसोदिया द्वारा मंदिर परिसर में राजनीतिक बयानबाज़ी की गई तथा आम आदमी पार्टी की प्रचार सामग्री और पोस्टर वितरित किए गए। बताया गया है कि मौके पर मौजूद मंदिर प्रबंधन समिति ने इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया और स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि के लिए नहीं होना चाहिए।



राणा ने कहा कि यदि ये आरोप सही हैं, तो यह अत्यंत गंभीर और निंदनीय मामला है। किसी भी धार्मिक स्थल का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोग उसकी पवित्रता और गरिमा के विपरीत है।


**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

मिसल न0- 31/2026
तारीख मरजुआ- 14-02-2026
तारीख पेशी 14-08-2026
Beasa Devi D/o Late Sh, Sadhu Ram R/o Village Majhwar Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P
Applicant. Applicant
Vrs
General Public. Respondent.

**अखबारी ईश्तहार**

An application u/s 13 (3) of Birth & Death Registration Act.

Beasa Devi D/o Late Sh. Sadhu Ram R/o Village Majhwar Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ने इस न्यायलय मे आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका जन्म दिनांक 01-05-1954 को हुआ था। लेकिन उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत मसोली के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जाये।

अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज हैं, तो वह दिनाक 14-08-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकते हैं। आम जनता की और से उपरोक्त दिनाक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत मे उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 14.07.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ

कार्यकारी दण्डाधिकारी,
जोगिन्द्रनगर, जिला मण्डी हि. प्र.

**ईश्तहार**

**व अदालत सहायक समाहर्ता II श्रेणी एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था वृत सुजानपुर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि. प्र.)**

श्री सुरेश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी महाल खैरी मौजा जंगल राजगीर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर(हि.प्र.)
बनाम
आम जनता
विषयः- प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती मिसल न0 01/2026

श्री सुरेश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी महाल जंगल खास मौजा जंगल राजगीर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि.प्र.) दायर किया है। जोकि अपना नाम सुरेश चन्द उर्फ सुरेश कुमार करवाना चाहता है। इस अदालत में कार्यवाही नाम दरुस्ती के दौरान वरुए समन अलग-2 पेशी में तल्व किया। लेकिन इस अदालत में आम जनता से कोई भी उजर एतराज दर्ज नहीं किया।

अतः अब आज आम जनता को इस अखबार के माध्यम सूचित किया जाता हैं कि अगली पेशी जो 22-07-2026 प्रातः 10 बजे को इस अदालत में रखी गई हैं मे हाजिर होकर उजर एतराज दर्ज करवायें अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हस्ता/-
सहायक समाहर्ता II श्रेणी
एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था

**ईश्तहार**

**व अदालत सहायक समाहर्ता II श्रेणी एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था वृत सुजानपुर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि. प्र.)**

श्री प्रीतम चन्द पुत्र वेली राम निवासी महाल खैरी मौजा जंगल राजगीर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर
बनाम
आम जनता
विषयः- प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती मिसल न0 05/2026

श्री प्रीतम चन्द पुत्र वेली राम निवासी महाल खैरी मौजा जंगल राजगीर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि.प्र.) दायर किया है। जोकि अपना नाम प्रीतम सिंह उर्फ प्रीतम चन्द व अपने पिता का नाम वेली उर्फ बेली राम करवाना चाहता है। इस अदालत में कार्यवाही नाम दरुस्ती के दौरान वरुए समन अलग-2 पेशी में तल्व किया। लेकिन इस अदालत में आम जनता से कोई भी उजर एतराज दर्ज नहीं किया।

अतः अब आज आम जनता को इस अखबार के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि अगली पेशी जो 22-07-2026 प्रातः 10 बजे को इस अदालत में रखी गई हैं में हाजिर होकर उजर एतराज दर्ज करवायें अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हस्ता/-
सहायक समाहर्ता II श्रेणी
एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था

**ईश्तहार**

**व अदालत सहायक समाहर्ता II श्रेणी एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था वृत सुजानपुर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि. प्र.)**

श्री त्रिलोक चन्द पुत्र जैसी राम निवासी महाल जंगल खास तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि.प्र.)
बनाम
आम जनता
विषयः- प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती, मिसल न0 02/2026

श्री त्रिलोक चन्द पुत्र जैसी राम निवासी महाल जंगल खास मौजा जंगल राजगीर तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर (हि.प्र.) दायर किया है। जोकि अपना नाम तरलोक सिंह उर्फ त्रिलोक चन्द करवाना चाहता है। इस अदालत में कार्यवाही नाम दरुस्ती के दौरान वरुए समन अलग-2 पेशी में तल्व किया। लेकिन इस अदालत में आम जनता से कोई भी उजर एतराज दर्ज नहीं किया।

अतः अब आज आम जनता को इस अखबार के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि अगली पेशी जो 22-07-2026 प्रातः 10 बजे को इस अदालत में रखी गई हैं मे हाजिर होकर उजर एतराज दर्ज करवायें अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हस्ता/-
सहायक समाहर्ता II श्रेणी
एवं नायब तहसीलदार भूव्यवस्था

**कार्यालय ग्राम पंचायत झंझियाणी विकास खण्ड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वितीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्य हेतु क्रेशर रेता, दरिया रेता, क्रेशर बजरी 10,20,40 mm, शाइन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3) प्रति बोर्ड, सीमेंट कैरिज लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग (बड़सर से झंझियाणी), JCB द्वारा कटाई हार्ड & सॉफ्ट रॉक (प्रति घन मीटर), निर्माण सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बैग / प्रति क्यूबिक मीटर), शटरिंग स्टील, शटरिंग स्टील, शटरिंग प्लेट व शटरिंग लकड़ी छत व दीवार प्रति स्क्वायर फीट), सेटरिंग लकड़ी व डाब (प्रति रनिंग मीटर), बोर्ड ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक बति बोर्ड), ईंट, सीमेंट बेंच (स्टैण्डर्ड/क्लासिक), पेबर टाइल्स आदि निर्माण सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म का अपना GST नंबर व अपनी कमर्शियल गाड़ी होना अनिवार्य हैं। रेता, बजरी, पत्थर की अदायगी प्रपत्र X व W बिल के साथ देने पर ही होगी। सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक FOR मान्य होगा।पंचायत की मांग समय पर पूरा न करने अथवा घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा। निविदाएं मोहर बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 06/08/2026 से पहले पंजीकृत डाक द्वारा अथवा पंचायत कार्यालय में पहुंचाई जा सकती हैं। सभी निविदाएं दिनांक 07/08/2026को प्रातः 10 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी, फर्म उस दिन हाजिर रहे, अलग से कोई पत्र नहीं निकाला जायेगा।

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत धनालग विकास खण्ड गोपालपुर तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचायत बैठक में सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्ष 2026-27 वी बी जी राम जी एवं अन्य मदों के कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी, (प्रति क्यूविक मीटर), जेसीबी प्रति घंटा, पानी टैंक, शटरिंग, तोड़वा पत्थर, मिक्सर, सीमेंट इत्यादि।सीमेंट से बने पाइप, बेंच और बोर्ड कार्यस्थल तक विभिन्न प्रकार की सामग्री के ढुलान हेतु निविदाएं आमंत्रित हैं। इच्छुक व्यक्ति /फर्म अपनी कुटेशन दिनांक 23.7.2026 तक सील बंद लिफाफे में 3 तक कार्यालय ग्राम पंचायत धनालग में जमा करवा सकते है। उसके बाद निविदा मान्य नहीं होगी। कुटेशनें 27/07/ 2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में 11:00 बजे खोली जाएगी। **आवश्यक शर्तें** – आवेदन का किसी भी बैंक में खाता व टीन /पैन नंबर होना जरूरी है। अपनी गाड़ी होनी चाहिए। कुटेशन मान्य और रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा। अगर रेता, बजरी की क्वालिटी ठीक नहीं होगी तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। अगर रेत, बजरी व अन्य सामग्री समय पर न पहुंचने पर निविदा समाप्त/रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत धनालग विकास खण्ड गोपालपुर तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी हि. प्र.

**ग्राम पंचायत खाहरी विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मण्डी (हि.प्र)**

ग्राम पंचायत खाहरी को वित वर्ष 2026-27 हेतू कुटेशन आमंत्रित करने की अवशयकता हैं ताकि ग्राम पंचायत के विकास कार्यो की सामग्री क्रय कर सके चर्चा उपरान्त प्रस्ताव सर्वसहमती से पारित किया और ग्राम पंचायत खाहरी निम्न कुटेशन आमंत्रित करती हैं :- सामग्री का विवरण : 1 रेत प्रति फूट, 2. बजरी प्रति फूट, 3. इंट प्रति एक, 4. पत्थर Per Cum, 5. शटरिंग प्रति Sq. Feet, 6. JCB Cutting Per Cum, 7. CIB प्रति एक 2*3, 8. GI Sheet 3.5*12 foot, 9. खच्चर ढुलवान बाई खाहरी 1,2,3,4 और 5 प्रति फूट, 10. Cement Transpotation Balichowki to FOR GP Khhahri प्रति बैग

शर्ते :- 1. कुटेशन डाक द्वारा ही प्राप्त की जाएगी। 2. कुटेशनदाता के पास GST No.होना चाहिए। 3. धरोहर राशी मुबलिक 50000 /- (पचास हज़ार) की FD प्रधान ग्राम पंचायत खाहरी के पक्ष में Pledge करनी होगी ! FD जमा न करने पर कुटेशन विचार नहीं किया जाएगा। 4. कुटेशन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 30/07/2026 शाम 05:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी इसके बाद प्राप्त कुटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। 5. कुटेशन दिनाक 31-07-2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत खाहरी में प्रातः 11:00 खोली जाएगी। 6. कुटेशनदाता अपने के Printed लैंटर हैंड पर कुटेशन आवेदन करें। 7. रेत बजरी की पूर्ति M Form के साथ देनी होगी। 08. निविदा दाता अगर सामग्री समय पर नहीं देता तो उसकी धरोहर राशि बापिस नहीं की जाएगी और इसे ग्राम पंचायत को खर्च करने का अधिकार होगा। 09. सामग्री की पूर्ति F.O.R होगी। 10. किसी कारणबश से कुटेशन खुलने की तिथि को परिवर्तन करने में अध्यक्ष महोदया का विशेष अधिकार रहेगा। आगामी तिथि के बारे में आपको सूचित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदया के पास और भी विशेष अधिकार सुरक्षित।

प्रधान/ सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत बाग विकास खंड गोपालपुर, जिला मण्डी, हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत बाग विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा वित् वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरवंद निविदाएं आमंत्रित की जानी अति आवश्यक है। निविदाएँ दिनांक 24/07/2026 को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 25/07/2026 को दोपहर 1:00 बजे ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। **सामग्री का विवरण-** रेत (क्रशर की) प्रति घन मीटर, बजरी 10,20,40एमएम (खड्ड /नदी की) प्रति घन मीटर, बजरी 10,20,40 एमएम(क्रशर की) प्रति घन मीटर, सोलिंग/ बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर, पक्की इंट (मिट्टी के भट्ट को) (2nd Class) प्रति 1000 न0, मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB Machine) प्रति घंटा, सीमेंट ढुलाई प्रति बैग व सामग्री ढुलाई घोड़े/ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा प्रति बैग, शटरिंग प्रति वर्ग मीटर, टोर सरिया/एंगल चदरें (ISI Marked) प्रति किवंटल, PVC पाइप / GI पाइप / RCC पाइप, प्रति मीटर, Inter Locking Tyles 40,60,80 mm (ISI Marked) प्रति टाईल, Blocks व टाईल फर्श व दीवार प्रति ब्लॉक। **नियम व शर्तें :-** 1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, टीन (TIN) नम्बर होना आवश्यक है। तथा इसकी छाया प्रति साथ में लगाना अति आवश्यक है। 2) ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे, M-FORM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 फिक्स्ड BY GOVT/ रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3) सभी निविदाएं सील बंद लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधुरी व खुली निविदाएँ मान्य नहीं होगी। 4) पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बंधित सदस्यों की निविदाएँ मान्य नहीं होगी। 5) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6) दरे अंकों और शब्दो दोनों में लिखी होनी चाहिए। 7) निर्माण सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 9) निविदादानाओं को पंचायत कार्यालय में मु0 25000 रु0 अग्रिम् सुरक्षित राशि पहले जमा करवानी आवश्यक है। 10) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायगा और न ही अग्रिम/ सुरक्षित राशि वापिस होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत /अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री लेने की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार किया जायेगा। (11) निविदादाताओं को निविदा के साथ 1000 रुपये (नॉन रिफंडेबल) शुल्क आवेदन के साथ पंचायत में जमा करवाने होंगे।

प्रधान /सचिव ग्राम पंचायत बाग विकास खंड गोपालपुर, जिला मण्डी, हि.प्र.

कामये दुःखतप्तानाम् । प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

सत्यमेव जयते

**राज्य कार्यालय**
**खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC)**
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
एस.सी.ओ. 3003-04, सेक्टर-22D, चंडीगढ़ – 160022 दूरभाष : 0172-4007564 ई-मेल : sochandigarh.kvic@gov.in

**विज्ञापन**

राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), चंडीगढ़ द्वारा पंजाब एवं यूटी-चंडीगढ़ से निम्नलिखित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों (SHGs), एनजीओ और अन्य पात्र संस्थाओं के आवेदन आमंत्रित जा किए रहे है।: -

| क्र.सं. | योजना | विवरण / टिप्पणी |
|---|---|---|
| | ग्रामोद्योग विकास योजना (GVY)रियायती दर पर प्रशिक्षण एवं टूलकिट | |
| 1 | वन आधारित उद्योग (मौन पालन) | GVY टूलकिट हेतु लाभार्थियों द्वारा निम्नानुसार अंशदान देय होगा– • बीपीएल श्रेणी – कोई भुगतान नहीं (100% सबसीडी) • एस.सी./एस.टी वर्ग – टूलकिट की कुल लागत का 10% • सामान्य श्रेणी – टूलकिट लागत का 20% |
| 2. | खनिज आधारित उद्योग (विद्युत चालित चाक) | |
| 3. | कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (तेल घाणी / मसाला उद्योग/ ताड़/ गुड़/ इमली/ फल एवं सब्जी प्रसंस्करण) | |
| 4. | चमड़ा एवं प्लास्टिक उद्योग (फुटवियर मैल्युपफैक्चरिंग मशीन/फुटवियर रिपेयरिंग टूलकिट) | |
| 5. | सेवा उद्योग (इलेक्ट्रीशियन/ प्लंबर/ मोबाइल रिपेयर / ए.सी. रिपेयर, सिलाई मशीन) | |
| 6. | वेलनेस एवं कॉस्मेटिक उद्योग (स्वचालित अगरबत्ती मशीन / पैडल संचालित अगरबत्ती मशीन) | विस्तृत दिशा-निर्देशों और सभी आवश्यक आवेदन दस्तावेज़ों के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें। |
| 7. | हस्तनिर्मित कागज एवं फाइबर उद्योग (पेपर प्लेट एवं दोना बनाने की मशीन / पेपर कन्वर्ज़न मशीन) | |
| 8. | ग्रामीण अभियांत्रिकी एवं नवीन प्रौद्योगिकी उद्योग (वेस्ट वुड/ टर्न वुड क्राफ्ट/ वुडन टाय) | |
| | खादी विकास योजना (KVY) | |
| 9 (a) | सूचीबद्ध खादी संस्थाओं से वर्कशेड, बिक्री का नवीनीकरण और कमजोर खादी संस्थाओं की संरचना सुदृढ़करण (SIEWKI) के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। हैं– वर्कशेड (व्यक्तिगत) ₹ 1,20,000/- कारीगर ; समूह – ₹ 80,000/- कारीगर)। बिक्री आउटलेट का नवीनीकरण : ₹15 लाख तक कमजोर खादी संस्थाओं की संरचना सुदृढ़करण (SIEWKI) : ₹15 लाख तक | |
| 9 (b) | पंजाब और यूटी- चंडीगढ़ में नई खादी संस्थाओं के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित हैं। https://kviconline.gov.in/mdaclaims/certKhadi/khadiCertificateRenew.jsp?app=1 | |
| | व्यसायिक प्रशिक्षण सहयोगी (PTA): | |
| 10. | KVIC द्वारा प्रशिक्षण संचालन हेतु व्यसायिक प्रशिक्षण सहयोगी PTA पद के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित है। | |
| 11. | उपरोक्त GVY कार्यक्रमों हेतु मास्टर ट्रेनर के आवेदन भी आमंत्रित हैं। | |
| * | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : विज्ञापन की तिथि से 21 दिन, सायं 5:00 बजे तक। | |

**महत्वपूर्ण निर्देश**

- उपरोक्त विवरण केवल संकेतात्मक हैं। विस्तृत दिशा निर्देशों के लिए कृपया www.kvic.gov.in पर जाएं या आवेदन प्रारूप / स्पष्टीकरण हेतु sochandigarh.kvic@gov.in पर ई-मेल करें।
- डाक/कूरियर में विलंब अथवा पारगमन के दौरान किसी भी प्रकार की हानि की स्थिति में KVIC जिम्मेवार नहीं होगा। निर्धारित समय व तारीक के बाद प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन बिना किसी सूचना के अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
- उपरोक्त योजनाएँ फंड स्वीकृति/प्राप्ति एवं राज्य स्तरीय समिति द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अधीन रहेंगी। व इस संबंध में KVIC का निर्णय अंतिम होगा।
- संपूर्ण आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ पूर्णतया भरा एवं हस्ताक्षरित आवेदन पत्र निर्धारित समययावधि में डाक या व्यक्तिगतरूप से निम्न पते पर भेंजें / जमा करें -निदेशक, राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) एस.सी.ओ. 3003-04, सेक्टर-22D, चंडीगढ़ – 160022 (पंजाब)

निदेशक
राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग चंडीगढ़

## खुबसूरत अंदाज में सबालेंका

**बेलारूस।** आर्यना सबालेंका बेलारूस की प्रसिद्ध पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं। वह अपनी शक्तिशाली सर्विस, आक्रामक खेल शैली और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और महिला टेनिस में विश्व नंबर एक खिलाड़ी भी रह चुकी हैं।



**फीफा वर्ल्ड कप** ओयारजाबाल और पोरो के गोल से मिली शानदार जीत

# फ्रांस को 2-0 से हराकर स्पेन फाइनल में

**एजेंसी, डलास**

मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली। बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल में स्पेन ने शुरुआत से अंत तक खेल पर नियंत्रण बनाए रखा, जबकि फ्रांस का आक्रमण पूरी तरह बेअसर रहा। स्पेन अब रविवार को होने वाले फाइनल में इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। वहीं, फ्रांस तीसरे स्थान के मुकाबले में उतरेगा, जो मुख्य कोच दिदिएर डेशां के 14 वर्षीय कार्यकाल का अंतिम मैच होगा।



स्पेन ने पहले हाफ में बढ़त बनाई। लुकास डिन द्वारा लामिन यामाल पर फाउल किए जाने के बाद मिले पेनाल्टी को मिकेल ओयारजाबाल ने गोल में बदल दिया। दूसरे हाफ में दानी ओल्मो की शानदार पहल पर पेड्रो पोरो ने बेहतरीन फिनिश करते हुए दूसरा गोल दागा और स्पेन की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी।

फ्रांस पूरे मुकाबले में स्पेन की मजबूत रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सका। कप्तान किलियन एमबाप्पे और बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। दूसरे गोल तक फ्रांस केवल दो शॉट ही लगा पाया था और एक भी निशाने पर नहीं था। 72वें मिनट में माइकल ओलिसे के मैदान छोड़ने के बाद फ्रांस की वापसी की उम्मीद भी खत्म हो गई।

यह लगातार तीसरा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें स्पेन ने फ्रांस को हराया है। इससे पहले उसने यूरो 2024 और 2025 नेशंस लीग के सेमीफाइनल में भी फ्रांस को मात दी थी। इस जीत के साथ स्पेन का अपराजेय अभियान 37 मैचों तक पहुंच गया, जो किसी भी यूरोपीय देश की संयुक्त रूप से सबसे लंबी अपराजेय सीरीज है। अब टीम 2010 की तरह विश्व कप और यूरोपीय चैंपियनशिप दोनों खिताब अपने नाम करने से एक कदम दूर है।

जीत के बाद मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा कि उनकी टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता, एकजुटता और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यही गुण उन्हें लगातार सफलता दिला रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## दुर्गापुर में मिठाइयों से बनाई लियोनेल मेसी की अनोखी प्रतिमा

**एजेंसी, दुर्गापुर**



विश्व कप फुटबॉल का रोमांच बढ़ने के साथ ही अर्जेंटीना और उसके स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी को लेकर प्रशंसकों का उत्साह भी चरम पर है। इसी उत्साह को खास अंदाज में पेश करते हुए पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर के वार्ड नंबर 24 स्थित मामड़ा बाजार की एक मिठाई की दुकान में पूरी तरह मिठाइयों से लियोनेल मेसी की आकर्षक प्रतिमा तैयार की गई है।

इस अनोखी प्रतिमा को देखने के लिए बड़ी संख्या में फुटबॉल प्रेमी दुकान पर पहुंच रहे हैं। लोग प्रतिमा के साथ सेल्फी ले रहे हैं और 'मेसी-मेसी' तथा 'विवा अर्जेंटीना' के नारों से पूरा इलाका गूंज रहा है। विश्व कप के माहौल में मामड़ा बाजार मानो फुटबॉल प्रेमियों के लिए उत्सव स्थल बन गया है। दुकान के मालिक देवाशीष घोष ने बताया कि वह बचपन से ही अर्जेंटीना के समर्थक और लियोनेल मेसी के बड़े प्रशंसक हैं। वर्ष 2022 की तरह इस बार भी उन्होंने मेसी की मिठाई से बनी प्रतिमा तैयार की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी विश्व कप की ट्रॉफी मेसी के हाथों में ही पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ किलोग्राम खोया, खीर, सफेद और डार्क चॉकलेट का उपयोग कर घर में ही इस प्रतिमा को तैयार किया गया है। उनके अनुसार यह केवल फुटबॉल प्रेम का प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है।

देवाशीष घोष ने कहा कि आज के समय में अधिकांश बच्चे मैदान में खेलने के बजाय मोबाइल और गैजेट्स में अधिक समय बिताते हैं। बच्चों में फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें खेलों के महत्व से जोड़ने के उद्देश्य से उन्होंने मिठाई से मेसी की यह प्रतिमा बनाई है।

विश्व कप के माहौल में दुर्गापुर की यह अनूठी पहल स्थानीय लोगों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनी हुई है। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह 'स्वीट मेसी' आकर्षण का नया केंद्र बन गया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### टी20 में शॉट लगाने और वनडे में टाइमिंग पर ध्यान दिया : अक्षर

**एजेंसी, बर्मिंघम।** भारत की पहले वनडे में जीत के नायक रहे ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि टी20 सीरीज की तुलना में वनडे में उन्होंने अपनी बल्लेबाजी रणनीति बदली और गेंद पर ताकत लगाने के बजाय टाइमिंग पर भरोसा किया। अक्षर ने पहले गेंदबाजी में 9.5 ओवर में चार विकेट चटकाए, फिर 52 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाकर भारत को छह विकेट से जीत दिलाई। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के बाद अक्षर ने कहा, 'मेरे लिए इस तरह का प्रदर्शन करना बेहद जरूरी था। मैं खुद पर भरोसा रखकर अपनी रणनीति पर अमल करता रहा।' उन्होंने बताया कि टी20 में वह गेंद पर जरूरत से ज्यादा ताकत लगाने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलना मजबूरी होती है। इससे उनकी लय प्रभावित हुई। अक्षर ने कहा कि वनडे में उन्होंने धैर्य दिखाया और टाइमिंग पर फोकस किया। 'मुझे पता था कि मेरे पास समय है, इसलिए गेंद को जोर से मारने की बजाय सही टाइमिंग से शॉट खेले। ऐसी पिच पर पहले क्रीज पर समय बिताना जरूरी होता है, उसके बाद रन बनाना आसान हो जाता है।' इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में सिर्फ 19 रन बनाने वाले अक्षर ने वनडे में अपनी रणनीति बदलकर शानदार वापसी की और बल्ले व गेंद दोनों से टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई।



### फायर फॉर गोल्ड अकादमी ने शूटिंग में जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 31वीं हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला मंडी का नाम रोशन किया। 8 से 14 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में कुल चार पदक अपने नाम किए। अक्षयिनी शर्मा ने सब-यूथ महिला 10 मीटर राइफल (आईएसएसएफ) स्पर्धा में 600 में से 582 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने 10 मीटर यूथ महिला राइफल (आईएसएसएफ) स्पर्धा में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। गौरव जम्वाल ने 10 मीटर राइफल (एनआर) वर्ग में 400 में से 379 अंक प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। वहीं, अर्नव सिंह रावत ने 50 मीटर .22 पीप साइट राइफल (यूथ वर्ग) में 600 में से 530 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी के मुख्य कोच मुनीश गुलेरिया ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अकादमी का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है तथा उन्हें विश्वास है कि अकादमी के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। (अनंत ज्ञान)



अक्षयिनी शर्मा

### अतिका मीर ने झटकी पोल पोजीशन मर्सिडीज के दो जूनियर ड्राइवर पीछे

**एजेंसी, विटेरबो (इटली)।** भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने यहां मर्सिडीज एफवन के दो जूनियर ड्राइवरों को पछाड़कर चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी प्रोग्राम के तीसरे दौर में पोल पोजीशन हासिल की। अतिका ने भीषण गर्मी के बीच यह प्रदर्शन किया। उन्हें इस सर्किट का खास अनुभव नहीं था लेकिन उन्होंने इसे यादगार बना दिया। इस भारतीय ड्राइवर ने इटली के निकोलो पेरिको और जर्मनी के डेविन टिट्ज जैसे स्थापित मर्सिडीज एफवन जूनियर ड्राइवरों को हराकर पोल पोजीशन हासिल की। इसके अलावा उन्होंने प्रतियोगिता का एक रिकॉर्ड भी बनाया। अतिका ने पिछले महीने यूनान में सीटीएफए सीरीज के दूसरे दौर में जीत हासिल की थी। अतिका ने पहले दो दौर के क्वालीफाइंग में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया था। इसलिए उन्होंने फाइनल में दूसरे स्थान से शुरुआत की। उन्होंने निकोलो को पीछे छोड़कर बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इंजन में खराबी के कारण वह अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सकी और आखिर में छठे स्थान पर रही। (अनंत ज्ञान)

## सुंदर बोले-हर भूमिका निभाने को तैयार हूं

**एजेंसी, बर्मिंघम**



भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि वह बल्लेबाजी क्रम में किसी भी स्थान पर उतरने के लिए तैयार हैं। उनके अनुसार अलग-अलग भूमिकाएं निभाने से खेल को बेहतर ढंग से समझने और विभिन्न परिस्थितियों में खुद को साबित करने का मौका मिलता है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सुंदर ने नाबाद 52 रन बनाए और अक्षर पटेल (नाबाद 57) के साथ 102 रन की अटूट साझेदारी कर भारत को छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

मैच के बाद सुंदर ने कहा, 'मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना रोमांचक लगता है। इससे विभिन्न परिस्थितियों में खेलने और टीम की जरूरत के मुताबिक योगदान देने का अवसर मिलता है।' उन्होंने बताया कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बल्लेबाज के रूप में उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा से भी उन्हें अपने खेल और खुद को बेहतर समझने में काफी मदद मिली। सुंदर ने कहा कि एक ऑलराउंडर के लिए लगातार सीखते रहना, परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना और हर दिन सुधार करना बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि अधिक मैच खेलने से अनुभव बढ़ता है और खिलाड़ी अपनी क्षमता को बेहतर तरीके से पहचान पाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी टीम में ज्यादा ऑलराउंडर होना बड़ा फायदा है, क्योंकि इससे टीम को परिस्थितियों के अनुसार संयोजन बदलने और अधिक विकल्पों के साथ खेलने की सुविधा मिलती है।

सुंदर ने कप्तान शुभमन गिल, अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि गिल और श्रेयस अय्यर की साझेदारी ने जीत की नींव रखी, जबकि अक्षर ने दबाव के समय शानदार बल्लेबाजी की। (अनंत ज्ञान)

**दूसरा वनडे:** गिल की फिटनेस और रोहित की फॉर्म पर होगी निगाह

# इंग्लैंड से सीरीज जीतने उतरेगा भारत

**एजेंसी, कार्डिफ**



पहले वनडे में दमदार जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम वीरवार को कार्डिफ में दूसरे वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में अजेय बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी। मुकाबले से पहले कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और रोहित शर्मा की फॉर्म चर्चा का केंद्र बनी हुई है। पहले वनडे में 80 रन की शानदार पारी खेलने वाले गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह दूसरे मुकाबले के लिए पूरी तरह फिट होंगे। पिछले कुछ समय में गिल को फिटनेस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा है, इसलिए उनकी उपलब्धता भारत के लिए बेहद अहम रहेगी।

दूसरी ओर, रोहित शर्मा पर बड़ी पारी खेलने का दबाव है। पिछले साल अक्तूबर से उन्होंने 13 वनडे में 563 रन बनाए हैं, लेकिन मौजूदा टीम संयोजन और युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी के बीच उनसे लगातार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। विराट कोहली हालांकि, बेहतर लय में हैं। उन्होंने पिछले साल अक्तूबर से 10 वनडे में 621 रन बनाए हैं और टीम में उनका स्थान पूरी तरह सुरक्षित माना जा रहा है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की फॉर्म भारत के लिए बड़ी राहत है। 50 ओवर के प्रारूप में वापसी के बाद उन्होंने पहले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर का ऑलराउंड प्रदर्शन भी टीम की मजबूती बढ़ा रहा है।

कार्डिफ की पिच तेज गेंदबाजों के अनुकूल मानी जाती है। ऐसे में गुरनूर बराड़ की जगह अनुभवी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो कुलदीप यादव को फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। इंग्लैंड के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। टीम को अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, क्योंकि हाल के वनडे मुकाबलों में उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 5.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।

## पाकिस्तान में दो बसों में टक्कर पांच की मौत, 25 घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले के नारंग मंडी शहर में मंगलवार रात दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। यह हादसा सिधनवाली स्टॉप के पास काला खटाई रोड पर हुआ।

दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर से शकरगढ़ जा रही बस एक मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों बसें सड़क पर पलटते हुए खेतों में जा गिरीं। हादसे में पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। मृतकों व घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया। बचाव सूत्रों ने बताया कि तीन घायल यात्रियों की हालत गंभीर होने के कारण बाद में उन्हें लाहौर भेज दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर फिर शुरू की नाकाबंदी

**एजेंसी, वाशिंगटन/तेहरान**



अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी दोबारा लागू कर दी है और मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) के अनुसार, 20 से अधिक युद्धपोत और सैकड़ों सैन्य विमान ईरानी बंदरगाहों तथा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की निगरानी कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले प्रस्तावित 20 प्रतिशत शिपिंग टोल का विचार वापस लेते हुए खाड़ी देशों के साथ व्यापार और निवेश समझौतों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। इस बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर नए हमले किए हैं।

◆ **20 से ज्यादा युद्धपोत और सैकड़ों सैन्य विमान मोर्चे पर**

सेंटकॉम के मुताबिक, हालिया अभियान में ईरान के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में मिसाइल, ड्रोन और तटीय रक्षा ढांचे को निशाना बनाया गया। जवाब में ईरान ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया है। कुवैत ने कई ड्रोन और मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने की पुष्टि की है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़े तनाव का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भी दिखा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है और समुद्री व्यापार पर जोखिम बढ़ गया है। उधर, अमेरिका ने ईरान के शिपिंग कारोबारी मोहम्मद हुसैन शामखानी से जुड़े कई व्यक्तियों, कंपनियों और जहाजों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि यह नेटवर्क ईरानी और रूसी तेल के परिवहन में शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर : सेनापति में प्रदर्शन के दौरान हिंसा, असम राइफल्स के वाहन फूंके

**एजेंसी, इंफाल**



मणिपुर के सेनापति जिले में मंगलवार देर रात असम राइफल्स के कंपनी ऑपरेटिंग बेस (सीओबी) के बाहर हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और एक असम राइफल्स के ट्रक को पलट दिया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बताया गया है कि सोशल मीडिया पर ओकलोंग गांव के माओ-माराम उपमंडल में असम राइफल्स और नागा आर्मी के हुथरोंग ब्रिगेड मुख्यालय के बीच कथित टकराव की खबरें प्रसारित होने के बाद बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सेनापति के ट्रैफिक प्वाइंट पर एकत्र हुए। इसके बाद प्रदर्शनकारी असम राइफल्स के शिविर की ओर मार्च करते हुए ओकलोंग क्षेत्र से बलों की वापसी की मांग करने लगे। प्रदर्शन के दौरान शिविर के बाहर खड़ी एक ऑल्टो कार और पास स्थित एक प्रतीक्षालय में आग लगा दी गई। बाद में ओकलोंग से असम राइफल्स के हटने की सूचना सामने आने के बाद लौट रहे सुरक्षा वाहनों पर भी कथित रूप से हमला किया गया।

इस दौरान एक असम राइफल्स ट्रक को पलट दिया गया तथा दो जिप्सी वाहनों में आग लगा दी गई। स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। हालांकि, घटनाक्रम, नुकसान की वास्तविक सीमा तथा किसी के हताहत या घायल होने की जानकारी की आधिकारिक रूप से नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 77185 पर बंद और निफ्टी में 26 अंक की बढ़त

**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार यानी 15 जुलाई को बढ़त रही। सेंसेक्स 130 अंक चढ़कर 77,185 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 26 अंक की तेजी रही, ये 24,079 पर बंद हुआ। एनर्जी और सीमेंट से जुड़े शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। वहीं मेटल और आईटी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही। कच्चे तेल की कीमत आज एक प्रतिशत चढ़कर दोबारा 85 डॉलर के पार पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि ईरान के साथ हुआ समझौता अब खत्म हो चुका है। इसके बाद से कच्चे तेल के दामों में तेजी है। 2 कंपनियों के आईपीओ का आज दूसरा दिन है। ये आईपीओ एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड के हैं। म्यूचुअल फंड कंपनी एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइमरी मार्केट से 9,813 करोड़ रुपए जुटा रही है। इसका इश्यू पहले ही दिन 68 प्रतिशत सब्सक्राइब हो गया है। इसी तरह अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड फ्रेश इश्यू के जरिए 126.25 करोड़ रुपए जुटाएगी। (अनंत ज्ञान)



**सीईटीए से 99% भारतीय निर्यात उत्पादों को ब्रिटेन में मिलेगा शुल्क लाभ**

# भारत-ब्रिटेन सीईटीए लागू होने से नए अवसरों का खुलेगा रास्ता: पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते के लागू होने का स्वागत किया है।

उन्होंने इसे दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे व्यापारिक संबंधों को नई गति मिलेगी। मोदी ने कहा कि इन समझौतों से भारतीय किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई क्षेत्र और कुशल पेशेवरों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौता ब्रिटेन में अस्थायी रूप से काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को राहत देगा और भारतीय कंपनियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाएगा।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि सीईटीए लागू होने के बाद भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शून्य सीमा शुल्क के साथ प्रवेश मिलेगा। इससे वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद, समुद्री उत्पाद, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण और एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि समझौते से आईटी, वित्तीय सेवाओं, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। सामाजिक सुरक्षा समझौते के तहत ब्रिटेन जाने वाले भारतीय पेशेवरों को पांच साल तक दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच भरोसे, आर्थिक सहयोग और साझा विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। भारत और ब्रिटेन अब नवाचार आधारित साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

## सोना 112 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 2.20 लाख रुपए किलो पहुंची



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में बुधवार 15 जुलाई को गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी के भाव में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 112 रुपए सस्ता होकर 1.42 लाख रुपए पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। एक किलोग्राम चांदी 416 रुपए महंगी होकर 2.20 लाख रुपए प्रति किलो पहुंच गई। बाजार में इस साल सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। साल 2026 में अब तक सोने के भाव में करीब 9 हजार रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोने की कीमत 1.33 लाख रुपए से अधिक थी, जो अब बढ़कर 1.42 लाख रुपए के स्तर पर पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक बाजार के रुझान, निवेश मांग और आर्थिक परिस्थितियों का असर कीमती धातुओं की कीमतों पर लगातार पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)